आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी 03:31 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 16 जून 2025
वर्ष 6, अंक 206, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार



पर्यटन उद्योग में भारी वृद्धि का अनुमान 12

अमेरिका को निशाना बनाने की न सोचे ईरान : ट्रंप 14

# रुद्रप्रयाग में हेलीकॉप्टर क्रैश, पायलट सहित सात की गई जान

## घने कोहरे में शून्य दृश्यता से पहाड़ी या पेड़ से टकराने का अंदेशा, मृतकों में महाराष्ट्र का दंपती व उनकी दो साल की बच्ची, बिजनौर के एक ही परिवार की दो महिलाएं और बीकेटीसी का एक कर्मचारी

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचारः** उत्तराखंड में रविवार सुबह चारधाम यात्रा के दौरान रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में हेलीकाप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट सहित उसमें सवार 7 लोगों की मौत हो गई। बाबा केदारनाथ के दर्शन कराकर हेलीकॉप्टर गुप्तकाशी जा रहा था।

दुर्घटना का कारण घना कोहरा और शून्य दृश्यता के चलते हेलीकॉप्टर का किसी पहाड़ी या पेड़ से टकराना माना जा रहा है। हादसे के बाद हेलीकॉप्टर के साथ ही शव भी बुरी तरह से जल गए। हेलीकॉप्टर में महाराष्ट्र का दंपती और उनकी दो साल की बेटी के अलावा बिजनौर (यूपी) के एक ही परिवार की दो महिलाएं (नानी-नातिन) व बीकेटीसी का एक कर्मचारी भी सवार बताए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उच्चस्तरीय बैठक करते हुए कई बड़े फैसले लिए हैं। हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल के अनुसार, रविवार सुबह 5:30 बजे आर्यन एविएशन कंपनी का हेलीकॉप्टर वीटीबीकेए/बीईएलएल 407 केदारनाथ धाम से श्रद्धालुओं को दर्शन कराकर गुप्तकाशी जा रहा था। गौरीकुंड में गौरी माई खर्क से ऊपर जंगल में यह हेली 5:30 से 5:45 बजे के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वहीं, घास काट रहीं नेपाली मूल की महिलाओं ने हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने और गुबार उठने की सूचना दी। जिला आपदा मोचन बल टीम के साथ एसडीआरएफ की छह, एनडीआरएफ की आठ टीमों के अलावा 22 पुलिसकर्मी घटनास्थल गौरीकुंड से लगभग पांच किलोमीटर ऊपर स्थित गौरी में खड़क नामक स्थान पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। हेली हादसे के शिकार लोगों के शव बुरी तरह से जल चुके थे। फॉरेन्सिंक और डीएनए सैंपलिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर सैंपलिंग की।

### हादसे में इनकी गईं जानें

- कैप्टन राजबीर सिंह चौहान निवासी जयपुर, राजस्थान (पायलट, आर्यन एविएशन कंपनी),
- विक्रम सिंह रावत (45) निवासी रांसी ऊखीमठ, रुद्रप्रयाग (कर्मचारी बीकेटीसी)
- विनोद देवी (66) निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश
- तुष्टी सिंह (19) निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश
- राजकुमार सुरेश जायसवाल (41) निवासी महाराष्ट्र
- श्रद्धा राजकुमार जायसवाल (35) निवासी महाराष्ट्र
- काशी (02) पुत्री राजकुमार निवासी महाराष्ट्र

### हेली सेवा सोमवार तक बंद

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेली हादसे की सूचना मिलने के बाद तुरंत बाद बैठक की। चारधाम के लिए हेली सेवा को सोमवार तक के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया। मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ हादसे की उच्चस्तरीय जांच कराने के अलावा हेली उड़ानों के बेहतर समन्वय के लिए 'कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर' की स्थापित करने के भी निर्देश दिए। वहीं, इस हेली हादसे की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) करेगा।

### मोदी ने साइप्रस से किया धामी को फोन

**देहरादून।** प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस से मुख्यमंत्री धामी से फोन पर केदारनाथ हेलीकॉप्टर दुर्घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री ने इस दु:खद घटना में दिवंगत हुए लोगों के प्रति गहरी संवेदना और शोक व्यक्त किया। मृतकों के परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति हेतु प्रार्थना की।

### एक नजर

#### कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला जत्था रवाना

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद से हर हर महादेव के जयघोष के साथ मानसरोवर यात्रा का पहला जत्था रविवार को रवाना हुआ। पांच वर्षों के बाद फिर शुरू हुई यात्रा के लिए इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को भव्य आयोजन के बीच रवाना किया गया। जत्थे में दो अधिकारियों सहित कुल 39 यात्री शामिल हैं। शुरुआत में 46 यात्रियों का पंजीयन किया गया था, मगर स्वास्थ्य कारणों से कुछ यात्री शामिल नहीं हो सके। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, आचार्य प्रमोद कृष्णम, प्रमुख सचिव (धर्मार्थ कार्य एवं संस्कृति) मुकेश मेश्राम की उपस्थिति में बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

#### अर्श डल्ला मॉड्यूल के दो सदस्य गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने कनाडा में रहने वाले आतंकवादी अर्श डल्ला द्वारा रची गई हत्या की एक साजिश नाकाम करते हुए मॉड्यूल के दो प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने कहा प्रारंभिक जांच के अनुसार, गिरफ्तार किए गए व्यक्ति प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों का खात्मा करने के लिए अर्श डल्ला के निर्देश पर काम कर रहे थे। राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी), पंजाब ने कनाडा में रहने वाले आतंकवादी अर्श डल्ला द्वारा रची गई लक्षित हत्या की एक साजिश को नाकाम कर दिया और दो प्रमुख गुर्गों कवलजीत सिंह, निवासी धर्मकोट और नवदीप सिंह उर्फ हानी, निवासी बड्डूवाल को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रत्येक नागरिक को तीन साल के अंदर न्याय दिलाने की होगी व्यवस्था : शाह

## गृहमंत्री ने सिपाहियों को दिए नियुक्ति पत्र, कहा- योगी सरकार में अब गुंडों का फरमान नहीं चलता

- शाह बोले-60244 युवाओं में से किसी को रिश्वत नहीं देनी पड़ी परिवर्तनकारी युग यह शासन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने योगी सरकार की पारदर्शी व समावेशी पुलिस आरक्षी भर्ती प्रक्रिया की जमकर सराहना की। कहा कि नियुक्तियों में न खर्ची, न पर्ची, न सिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर हुई। योगी सरकार में अब गुंडों का फरमान नहीं चलता। उन्होंने कहा कि अगले 5 साल में ऐसी व्यवस्था बनने जा रही हैं जिससे हर नागरिक को प्राथमिकी दर्ज होने तीन साल के अंदर न्याय मिल सके। किसी भी एफआईआर के बाद तीन साल में सुप्रीम कोर्ट तक का फैसला हो जाएगा।

वे रविवार को लखनऊ के वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ क साथ भव्य समारोह में 60244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित करने के बाद बोल रहे थे। शाह ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला। शाह ने यूपी में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि यूपी अब दंगों का गढ़ नहीं रहा, बल्कि दंगामुक्त हो चुका है, और गुंडों का फरमान अब नहीं चलता। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से इस परंपरा को और मजबूत करने का आह्वान किया। पारदर्शी भर्ती और तकनीक के योगदान की सराहना करते हुए दावा किया कि 60,244 युवाओं में से किसी को भी एक पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी, जो किसी भी शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने पुलिसबल का आधुनिकीकरण और नए कानून की चर्चा की। एलान किया कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य संहिता जैसे नए कानूनों के लागू होने से अगले पांच वर्षों में देश में ऐसी व्यवस्था बनेगी, जिसमें किसी भी एफआईआर से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक का न्याय तीन साल के भीतर मिल सकेगा। इसके अलावा, सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स), आईसीजेएस (इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) और फॉरेंसिक साइंस जैसी तकनीकों ने पुलिस व्यवस्था को और मजबूत किया है।



लखनऊ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी नवनियुक्त सिपाही को नियुक्ति पत्र देते हुए।

### इन 15 पुलिसकर्मियों को मंच से दिए नियुक्ति पत्र

संतकबीर नगर के सत्यम नायक, खीरी के प्रेम सागर, फर्रुखाबाद की शालिनी शाक्या, बलिया के उपेंद्र कुमार यादव, बरेली की शिल्पा सिंह, कानपुर देहात के बीनू बाबू, महोबा के योगेंद्र सिंह, उन्नाव के शिवांश पटेल, वाराणसी के मनीष त्रिपाठी, लखनऊ की रोशन जहां, कानपुर नगर के आजाद कुशवाहा, गोरखपुर की मिथिलेश भट्ट, रायबरेली की सोनी रावत, मऊ की नेहा गोंड, बागपत के सचिन सैनी को मंच से नियुक्ति पत्र दिया गया।

### ट्रेनिंग में जितना पसीना बहेगा, ड्यूटी पर उतना कम खून बहेगा : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्दीधारी बलों के लिए एक नियम है कि जितना पसीना प्रशिक्षण में बहाओगे, जीवन में उतना ही कम खून बहेगा। महाकुंभ में जो भी आया उसने पुलिस के व्यवहार की प्रशंसा की। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश पुलिस ने अपने खिलाफ विकृत धारणा को बदलने का काम किया है। आज आप सभी देश के सबसे बड़े पुलिस बल का हिस्सा बनने जा रहे हैं। अपने व्यवहार से जन हितैषी बनिएगा।

# रूपाणी के पार्थिव शरीर की पहचान हुई, अब तक 47 के डीएनए मैच

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के पार्थिव शरीर की पहचान डीएनए परीक्षण के जरिए कर ली गई है। साथ ही अहमदाबाद में 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे की जांच तेज हो गई है। विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) के नेतृत्व में केंद्रीय और राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियां हवाई दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए दुर्घटना स्थल पर हैं।

अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले 47 लोगों की शिनाख्त अब तक डीएनए परीक्षण के जरिए कर ली गई है तथा 14 लोगों के शव परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। विमान हादसे के तीन दिन बाद डीएनए परीक्षण के जरिए मृतकों की पहचान की प्रक्रिया तेज होने के बीच अतिरिक्त सिविल अधीक्षक डॉक्टर रजनीश पटेल ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने बताया, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के डीएनए नमूने आज पूर्वाह्ण 11.10 बजे (उनके परिवार के सदस्यों के डीएनए नमूने से) मेल खा गए। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रूपाणी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें डीएनए मिलान के बारे में जानकारी दी। सरकारी बी जे मेडिकल कॉलेज में सर्जरी के प्रोफेसर पटेल ने कहा, अब तक 47 डीएनए नमूने मेल खा चुके हैं और 14 शवों को उनके परिजन को सौंप दिया गया है। ये लोग उदयपुर, वडोदरा, खेड़ा, महेसाणा, अहमदाबाद और बोटाद जिलों से ताल्लुक रखते थे। राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एएआईबी की एक टीम जांच का नेतृत्व कर रही है और वे पिछले तीन दिनों से यहां हैं।

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना

- राजकोट में सोमवार को किया जाएगा अंतिम संस्कार



### जांच को गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक आज

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच के लिए सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय बहु-विषयक समिति की पहली बैठक यहां सोमवार को होगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गृह सचिव की अध्यक्षता वाली समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। सूत्रों ने बताया कि समिति की पहली बैठक सोमवार दोपहर होगी।

# प्रदेश में बिगड़ा मौसम का मिजाज, 25 की गई जान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मानसून आने से पहले मौसम के बिगड़ते मिजाज के बीच प्रयागराज, गोरखपुर, बरेली और बिजनौर में बिजली गिरने की घटनाएं हुईं। इसमें 25 लोगों की मौत हो गई। इन जिलों में घटनाएं बीती रात से लेकर रविवार सुबह तक हुईं जिसमें प्रयागराज की घटना हृदयविदारक रही। यहां आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिरने से पति, पत्नी और दो मासूम बच्चियां जिंदा जलकर राख हो गई। प्रयागराज के ही बारा तहसील में 30 वर्षीय अक्षय कुमार की भी मौत आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हो गई।

प्रयागराज में जिला मुख्यालय से 60 किमी दूर बारा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा हल्ला बोल गांव में बीती शनिवार की रात आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिरने से पति, पत्नी और दो मासूम बच्चियां जिंदा जलकर राख हो गई। इस घटना में जान गंवाने वालों में मृतक वीरेंद्र वनवासी (40 वर्ष), पत्नी पार्वती (32) वर्ष बड़ी बेटी सोनू कुमारी (10), बेटी आंचल (8), तीसरी बेटी राधा और चौथी बेटी करिश्मा (4) शामिल रही।

हमारे बिजनौर संवाददाता के मुताबिक, बिजनौर के स्योहारा क्षेत्र के गांव मुकरपुरी निवासी सविता देवी (41) पत्नी स्व. राहुल गांव के बाहर अपने खेत से चारा लेने गई थी। रविवार को इस दौरान महिला के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गयी। महिला की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि, नूरपुर के गांव नंगली जाजू निवासी 58 वर्षीय किसान नन्दू पुत्र बल्देव सिंह रविवार सुबह खेत पर काम करने गया था, हल चलाते हुए उस पर आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली गिरने से किसान की मौत हो गई। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने हादसे की सूचना पुलिस व परिजनों को दी। उधर, संभल कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव मल्लाह मुस्तफाबाद में रविवार बारिश के दौरान तेज आंधी में पिलखन के पेड़ की टहनी छत की चाहरदीवारी पर गिर गई। चाहरदीवारी का मलबा चारपाई पर बैठे विजयपाल यादव (55 वर्ष) पुत्र शौकाली यादव के ऊपर गिरा तो उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, गोरखपुर के सहजनवां थाना क्षेत्र के भरपही गांव में रविवार की सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोरी की मौत हो गई। जबकि, दो बच्चे घायल हो गए।



प्रयागराज में चलती धूल भरी आंधी।

- कानपुर देहात, प्रयागराज, गोरखपुर, बरेली लखनऊ, संभल समेत 14 जिलों में तूफान और बिजली गिरने की घटनाओं में हुईं मौतें

# पुणे में नदी पर बना पुल ढहा चार की मौत, 32 घायल



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे के मावल तहसील में इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का एक पुल रविवार दोपहर ढह जाने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए।

तालेगांव दाभाडे पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना कुंदमाला इलाके में हुई, जहां पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण नदी का बहाव तेज था। उन्होंने बताया कि जब पुल ढहा, तब बारिश नहीं हो रही थी। उन्होंने कहा, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि कुछ के बह जाने की आशंका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पांच से छह लोगों को बचा लिया गया है और उन्हें जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# बदायूं में एमकॉम छात्र की गोली मारकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



मृतक कर्तव्य पटेल।

- डीएम रोड स्थित पवन बैंकट लॉन के पास मार्निंग वॉक पर हुई वारदात
- पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट, हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित

**अमृत विचार :** मार्निंग वॉक पर निकले एमकॉम के छात्र की रविवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देकर हत्यारोपी फरार हो गया। परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर जिला अस्पताल में हंगामा किया। काफी देर तक परिजनों को समझाने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया है।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव बदरपुर निवासी कर्तव्य पटेल (22) एमकॉम कर रहे थे। वह शहर के मोहल्ला शिवपुरम में रहते थे। उनके भाई हिमांशु पटेल ने बताया कि कर्तव्य पटेल रविवार सुबह करीब साढ़े 4 बजे अपने साथी उत्कर्ष मिश्रा, काका यादव और अजय पटेल उर्फ बाबा के साथ मार्निंग वॉक के लिए निकले थे। इस दौरान बाइक सवार शौर्य ठाकुर आया और डीएम रोड स्थित पवन बैंकट लॉन के पास तीन राउंड फायर किए। कर्तव्य पटेल की पीठ में गोली लगी। वह घायल होकर जमीन पर गिर गया, जबकि बाकी दोनों साथी बच गए। हमलावर के भागने के बाद दोनों साथियों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया। परिजन कर्तव्य को बरेली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव दोबारा जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और हंगामा करने लगे। कहा कि वह आरोपी के गिरफ्तार होने से पहले पोस्टमार्टम नहीं कराएंगे। काफी देर तक सदर कोतवाल के समझाने पर परिजन माने और शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज तलाश शुरू कर दी है।

# आतंकवाद से लड़ाई में साथी देशों का आभार जताने का मौका : मोदी

- प्रधानमंत्री तीन देशों यात्रा के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे, जी-7 शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि कनाडा में होने वाला जी-7 शिखर सम्मेलन अहम वैश्विक मुद्दों और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर विचारों को साझा करने का अवसर प्रदान करेगा।

ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने तीन देशों की अपनी यात्रा से पहले अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा कि वह कनानास्किस में शिखर सम्मेलन के दौरान साझेदार देशों के नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर इस शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीन देशों की यह यात्रा, सीमापार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को लगातार समर्थन देने के लिए साझेदार देशों को धन्यवाद देने तथा आतंकवाद से निपटने के लिए दुनियाभर के देशों को एकजुट करने का भी अवसर है। वह राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर सबसे पहले साइप्रस की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा, साइप्रस एक करीबी मित्र और भूमध्य सागर क्षेत्र में तथा यूरोपीय संघ में महत्वपूर्ण साझेदार है। यह यात्रा ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करने तथा व्यापार, निवेश, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में हमारे संबंधों को बढ़ाने और लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करती है।



साइप्रस में हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस।

### साइप्रस में राष्ट्रपति निकोस ने मोदी का किया स्वागत

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर साइप्रस पहुंचे। इस यात्रा के दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे। विशेष गर्मजोशी प्रदर्शित करते हुए राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने प्रधानमंत्री मोदी का लार्नाका अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत किया।

# भीषण गर्मी में व्यवस्था चरमराई, शहरवासियों की मुसीबत बढ़ी

## बिजली संकट: 48 घंटे से बदतर बने हुए हैं बिजली आपूर्ति के हालात, दिन के बाद रात में भी हो रही अघोषित कटौती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** रिवैम्पड योजना के कार्य की शुरुआत होने के साथ ही बीते साल किए गए गर्मी में बेहतर सप्लाई के दावे एक माह की तपिश में ही पस्त पड़ गए। गर्मी ने अपना सितम ढहाना शुरू किया तो पहले से बेपटरी बिजली व्यवस्था और चरमरा गई। दिन भर की कटौती के बाद रात भर बत्ती गुल हो रही है। बीते दो दिन से तो समस्त इंतजाम पस्त पड़ चुके हैं। इसका सुधार कराने को दौड़-भाग कर रहे कर्मचारी भी परेशान हैं। वहीं, उपभोक्ताओं में भी समस्या को लेकर नाराजगी पनप रही है। सवाल सिर्फ एक ही है कि आखिर दशकों से चली आ रही अघोषित कटौती की दिक्कत से कब स्थायी छुटकारा मिल सकेगा।

पिछले दो दिन से बिजली व्यवस्था ध्वस्त-सी नजर आ रही है। नकटादाना पावर हाउस में हुई खराबी के बाद शनिवार को पूरे दिन आधा शहर बिजली के लिए परेशान रहा था। देर शाम जैसे-तैसे सप्लाई चालू कराई जा सकी थी। मगर, ये राहत कुछ देर की रही। दोबारा अलग-अलग स्थानों पर फाल्ट होना शुरू हुए और बिजली गुल हो गई। फिर तो आलम ये रहा कि तीन-तीन घंटे की कटौती के बाद कुछ इलाकों में आधे घंटे के लिए सप्लाई हुई। उसके बाद फिर बत्ती गुल होती रही। मोहल्ला डालचंद, रंगीलाल चौराहा, लाल रोड, दूधिया मंदिर मार्ग, खुशीमल, खकरा, केजीएन कॉलोनी, भूरे खां, खकरा, जोशीटोला, आवास विकास, आसफजान, साहूकारा, डोरीलाल, पकड़िया, पंजाबियान, दुर्गाप्रसाद समेत कई इलाकों में बिजली देर रात तक गुल रही। इससे उपभोक्ता परेशान होते रहे। बिजली कर्मचारी भी दिनभर जूझते रहे थे, उन्हें भी रात को दोबारा दौड़ना पड़ा और एक जगह का फाल्ट ठीक करते तो दूसरी जगह की दिक्कत पता चल जाती। इसके देर रात 2 बजे तक सप्लाई चालू कराई जा सकी थी। मगर, इसके आधे घंटे बाद ही दोबारा संकट की स्थिति बन गई। कांशीराम फीडर में दिक्कत आई और फिर बिजली चली गई। टीवी टॉवर के पास लगा ट्रांसफार्मर आग उगलने लगा, जिससे आसपास के क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। इसका साढ़े 3 बजे सुधार हो सका। वहीं, रविवार को अवकाश के दिन भी दिक्कत रही। रामवाटिका कॉलोनी, केजीएन कॉलोनी आदि में बिजली सुबह से गुल हो गई। जिसका दोपहर ढाई बजे के बाद सुधार हो सका। मोहल्ला गोपाल सिंह में एक स्थान पर पोल से करंट उतर आया तो टीम भेजी गई। शाम 4 बजे तक सभी छिटपुट फाल्ट दूर हो गए। मगर इसके बाद लो वोल्टेज की दिक्कत गहराई गई। बिजली भी बार-बार आती जाती रही। अवर अभियंता जहांगीर आलम ने बताया कि फाल्ट के चलते कुछ इलाकों में दिक्कत रही थी, जिसका टीम भेजकर सुधार करा दिया गया है।


नकटादाना चौराहा के पास तार जोड़ने पहुंची पावर कॉरपोरेशन की टीम।

- सुधार को दौड़-भाग में लगे कर्मचारी भी रहे परेशान उपभोक्ताओं में बढ़ रहा आक्रोश
- रविवार को रामवाटिका कॉलोनी, केजीएन कॉलोनी आदि में बिजली सुबह से गुल रही

### बिजली नहीं आई तो सड़क पर जमा हुए लोग और बांटा शरबत

शनिवार को देर रात तक कमल्ले चौराहा और वेलो चौराहा इलाके की बिजली नहीं आ रही थी। इस पर काफी देर तक लोग इंतजार करते रहे। इसके बाद सड़क पर आकर जमा हो गए। फिर शरबत बनाकर एक दूसरे को पिलाया और गर्मी से कुछ राहत महसूस की। उधर, मोहल्ला डालचंद के उपभोक्ताओं में भी नाराजगी दिखी। वह भी विरोध के लिए आयुर्वेदिक कॉलेज चौराहा पर जमा होने की तैयारी कर रहे थे। हालांकि पावर कॉरपोरेशन के कर्मचारियों की दिक्कत को समझते हुए फिर शांत हो गए।

### नखासा में पूरी रात गुल रही बिजली

शहर के मोहल्ला नखासा में शनिवार को पूरी रात बिजली नहीं आई। उपभोक्ता बिना बिजली के भीषण गर्मी में तिलमिला उठे। दिन में हुई कटौती के चलते इनवर्टर कुछ देर में ही डाउन हो गए थे। दूसरे दिन सुबह सप्लाई चालू हुई। मगर इसके बाद दिन में कई बार बिजली गुल रही। जब सप्लाई चालू रही भी, तो वोल्टेज ने परेशान कर दिया।


कमल्ले-बेलों चौराहा के बीच बिजली न आने पर शनिवार देर रात शरबत पीते लोग।


केजीएन कॉलोनी में हुए फाल्ट को ठीक कराते कर्मचारी।


पोल पर चढ़कर सुधार करता कर्मचारी।

### बिजली का तार टूटकर गिरा, मीटर और सामान जला

नकटादाना चौराहा के पास रविवार सुबह बिजली का तार टूटकर पास की दुकानों पर गिर गया। इससे उस वक्त मार्ग से गुजर रहे राहगीरों में खलबली मच गई। बताते हैं कि इस दौरान कुछ दुकानों के बाहर लगे मीटर भी जल गए और सामान को भी नुकसान पहुंचा। जानकारी मिलने पर पहुंची पावर कॉरपोरेशन की टीम ने सुधार कराया।

## एक नजर

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, रेफर

**पूरनपुर:** नगर के मोहल्ला कार्यस्थान के रहने वाले हनी पुत्र राजू जायसवाल ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

### हादसे में बाइक सवार घायल

**पूरनपुर:** थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव केसरपुर कलां के रहने बदरुद्दीन अपने भाई जिआयुद्दीन के साथ रविवार को बाइक से खरीददारी करने आए थे। कोतवाली रोड पर उनकी बाइक में कार ने टक्कर मार दी। इससे बाइक चला रहे बदरुद्दीन घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

### इलाबास देवल मेले से बाइक चोरी

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** गजरौला थाना क्षेत्र के गांव बैजूनगर से मेला देखने आए नीरज कुमार की बाइक मेले से चोरी हो गई। काफी देर तक जब नीरज को बाइक का कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने दियोरिया कोतवाली में तहरीर दी है। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव बैजूनगर निवासी नीरज कुमार पुत्र रामरतन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 9 जून को दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव इलाबास देवल पर मेला देखने आया था। उसने अपनी बाइक मेला परिसर में खड़ी कर दी। इसे कोई चोरी कर ले गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अभियान चलाकर बनाए जाएंगे के आयुष्मान कार्ड

**पूरनपुर, अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग अभियान चलाकर जनजाति समुदाय के आयुष्मान कार्ड बनाएगा। इससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। इसके लिए सात गांव चिह्नित किए गए हैं। टीम बनाकर पंद्रह दिनों में कार्ड बनाने का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

बता दें कि शारदा किनारे और नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में जनजाति समुदाय के लोग काफी संख्या में हैं। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत जनजाति समुदाय के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। इससे इस समुदाय के लोगों को आवश्यकता पड़ने पर उन्हें अच्छे अस्पतालों में समुचित उपचार मिल सकेगा। इसके लिए गांव चंदिया हजारा, शांतिनगर, कबीरगंज बंदरबोझ, नौजल्हा नकटहा, नगरिया खुर्दकलां और पूरनपुर देहात ग्राम पंचायत का चयन किया गया है। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने पूरनपुर सीएचसी अधीक्षक को टीमें बनाकर 15 जून से 30 जून तक इन गांवों के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। अभियान के लिए आशा, आंगनबाड़ी, कार्यकत्री, सीएचओ, एएनएम और आयुष्मान मित्र आदि टीम में शामिल किए जाएंगे। सीएमओ ने बताया कि जनजातीय गौरव वर्ष 2025 के तहत जनजतीय बाहुल्य गावों के लोगों के अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे।

## तीसरे दिन जुटे 50 योग साधक


अशोक कॉलोनी ग्राउंड पर योग करते साधक। • अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में अशोक कॉलोनी ग्राउंड में चल रहे युवा संस्कार शिविर के तीसरे दिन भी साधक उमड़े। इसकी शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। संस्थान के जिला प्रधान सतीश शर्मा, जिला मंत्री अनिल मैनी, संगठन मंत्री मोहित अग्रवाल, क्षेत्रीय प्रधान विनय आनंद, शिविर संयोजिका निर्मला धमेजा ने गायत्री मंत्रोच्चार किया। कुल 50 साधकों व विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न आसन प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास कराया गया। संयोजिका निर्मला धमेजा ने बताया कि यह शिविर 19 जून गुरुवार तक चलेगा। इसमें 10 वर्ष से 17 वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अच्छे संस्कारों का सृजन करना, बच्चे को सदैव प्रसन्नचित रखना, अनुशासन लाना, आत्मविश्वास बढ़ाना आदि है। इस मौके पर अनुराधा, राहुल, सार्थक, श्लोक, चित्रांश, अनुष्का, भूमि, सूर्यांश, सार्थक, वंदना, राज, एसके शर्मा, मीना कटियार आदि मौजूद रहे।

## पंप हाउस की रिले फुंकी, पानी सप्लाई ठप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** बिजली के साथ ही शहर की जलापूर्ति व्यवस्था भी लड़खड़ा गई है। अब टीवी टॉवर पंप हाउस की रिले खराब हो गई। इससे सप्लाई पूरी तरह से ठप हो गई है। भीषण गर्मी में जल संकट से जूझ रहे उपभोक्ता परेशान हैं। जिम्मेदारों का तर्क है कि उपकरण में तकनीकी खामियों की वजह से दिक्कत आ रही है। स्पेयर पार्ट्स मंगवाए गए हैं, जल्द ही पानी सप्लाई चालू कराई जाएगी।

बता दें कि टनकपुर हाईवे पर टीवी टावर और नकटादाना चौराहा पर स्थित पंप हाउस पर पानी सप्लाई के लिए लगाई गई मोटरें लो-हाई वोल्टेज के चलते 2 जून की सुबह फुंक गई थीं। मोटर फुंकने के बाद निरंजन कुंज कॉलोनी, सुभाष नगर कॉलोनी, अंबेडकर नगर कॉलोनी, नेहरू पार्क के पीछे, देशनगर, सुरभि कॉलोनी, एकता नगर, कॉलोनी, देशनगर, आईटीआई कॉलोनी के साथ नकटादाना पंप से ऑफिसर्स कॉलोनी, बनकटी रोड कॉलोनी, नकटादाना चौराहा, साईधाम, कॉलोनी समेत पांच हजार घरों में होने वाली सप्लाई भी ठप हो गई थी। तीन दिन तक चले मरम्मत कार्य के बाद 5 जून को टीवी टॉवर पंप हाउस की मोटर ठीक कर ली गई थी, जिसके बाद निरंजन कुंज कॉलोनी का पानी शुरू हो गया था।

मगर पानी के प्रेशर की समस्या लगातार बनी हुई थी। शुक्रवार को फिर से टीवी टावर पंप हाउस में मोटर की रिले फुंक गई, जिसके बाद मोटर बंद हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर टीम पहुंची और चेक किया तो रिले डंप मिली, जिसे ठीक करने की बात कही गई। मगर जिम्मेदार इस समस्या के प्रति लापरवाह बने रहे।

लोगों ने जेई और जल कल के अन्य कर्मचारियों को कॉल किया। मगर उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की गई। भीषण गर्मी के बीच पांच हजार घरों की सप्लाई ठप पड़ी हुई है।

इधर, नकटादाना चौराहा वाले पंप की समस्या अभी तक बरकरार है। नकटादाना पंप हाउस का बोरिंग खराब होने से लोगों पानी के लिए तरस रहे हैं। नगरपालिका की ओर से बोरिंग को ठीक करने के लिए जल निगम को पत्र लिखा था। मगर अभी तक बोरिंग को ठीक नहीं कराया जा सका है। ऐसे में आवास विकास से लाइन कनेक्ट कर पानी की आपूर्ति पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।



**संकट गहराया**

- उपभोक्ता भी परेशान, बोले- जिम्मेदार नहीं दे रहे कोई ध्यान
- इससे पहले भी पंप हो चुके खराब, नकटादाना पंप अभी भी बदहाल

> टीवी टावर पंप हाउस में तकनीकी खराबी के चलते पेयजल आपूर्ति ठप है। इसे ठीक कराने के लिए सामान मंगवाया जा रहा है। पंप हाउस पर कार्य चल रहा है। जल्द ही उसे दुरुस्त करा लिया जाएगा। – **संजीव कुमार**, ईओ, नगरपालिका पीलीभीत

## बरखेड़ा और गजरौला क्षेत्र में वज्रपात, उपकरण खराब

संवाददाता, बरखेड़ा/गजरौला

- एक स्थान पर लिंटर में भी पड़ गई दरार, मची खलबली

**अमृत विचार:** मौसम में अचानक हुए बदलाव के बाद गजरौला और बरखेड़ा क्षेत्र में दो स्थानों पर बिजली गिरी। इसमें एक स्थान पर लिंटर में दरार भी पड़ गई।

रविवार सुबह अचानक बरखेड़ा क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदला। इस दौरान गड़गड़ाहट के बीच सुबह करीब पौने 6 बजे बिजली गिरी। गांव नवादा महेश में मकान के पीछे खड़े पापुलर के पेड़ पर बिजली गिरी, उस वक्त लोग टहल रहे थे। बताते हैं कि आकाशीय बिजली गिरने से कई उपभोक्ताओं के इनवर्टर व अन्य बिजली संचालित उपकरणों में फाल्ट हो गए। उधर, कस्बा गजरौला कलां मुस्तकिल में छोटे खां अपने परिवार के साथ छत पर सो रहे थे। रविवार सुबह बादल गरजे तो सभी उठकर नीचे आ गए। अचानक बिजली गिरी और उनके पुत्र सोहेल के हाथ में मोबाइल था, जिससे मोबाइल जल गया। झटका लगने पर पुत्र ने मोबाइल फेंक दिया।


बरखेड़ा क्षेत्र में इस पेड़ पर हुआ वज्रपात।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026
ADMISSIONS NOW!

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in Any Stream | 2 Years |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in Any Stream | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy), M.Sc. (Medical Biochemistry), M.Sc. (Medical Microbiology), M.Sc. (Medical Physiology), M.Sc. (Medical Pharmacology) | Candidate must have passed three years undergraduate program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) with Biological Sciences as one of the subjects or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing must have passed from a recognized University. | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M with Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (with English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : info.vacps@vau.edu.in

## प्रेम विवाह के बाद बेघर हुई महिला

**पूरनपुर, अमृत विचार:** पहले पति को छोड़कर आई महिला को दूसरे पति ने भी घर से निकाल दिया। महिला ने देवर और नंदोई पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। आरोप है कि मेहर के तीन लाख रुपये भी ससुरालियों ने छीन लिए और महिला को घर से निकाल दिया। एसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। बताते हैं कि थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र का रहने वाला एक युवक नोएडा में रहकर मजदूरी करता था। वहां उसका एक महिला से प्रेम प्रसंग हो गया। शादी का झांसा देकर युवक ने महिला का शारीरिक शोषण किया। आरोप है कि शिकायत के बाद भी थाना पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। शनिवार को महिला ने एसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

## गन्ने के साथ गेंदा की खेती कर बने प्रेरणास्त्रोत

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** गांव मरौरी खास के रहने वाले किसान अनिल सिंह गन्ने के साथ गेंदा की सहफसली खेती कर रहे हैं। इसे लेकर वह अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गए हैं।

जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर के गांव मरौरी खास का रविवार को भ्रमण किया। इस दौरान पारंपरिक गन्ने की खेती को नवाचार के साथ जोड़ते हुए गन्ने के साथ गेंदा की सहफसल लेकर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करने वाले किसान अनिल सिंह के खेत पर भी गए। बताते हैं कि गन्ना बोने के बाद उन्होंने पहले गन्ने के साथ मटर की खेती की और मटर की फसल कटने के तुरंत बाद उसी खेत में फरवरी मे गेंदा लगाया। खास बात है कि गेंदा के फूलों की मांग स्थानीय बाज़ार में अत्यधिक है, जिससे यह फूल प्रतिदिन खेत से ही बिक जाते हैं। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि गेंदा की जड़ें मिट्टी को भुरभुरी बनाती हैं और उसमें कीट-प्रतिरोधक क्षमता भी विकसित करती हैं, जिससे गन्ने की फसल को भी अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलता है। गेंदा के पौधों की खुशबू से कई प्रकार के कीट दूर रहते हैं, जिससे रासायनिक कीटनाशकों की आवश्यकता कम हो जाती है। इस मॉडल की सराहना की गई। अन्य किसानों को भी गन्ने के साथ सहफसली खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कृषि विज्ञान केंद्र एवं गन्ना विभाग द्वारा इस मॉडल को प्रोत्साहित करने की योजना बनाई जा रही है। इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनोज साहू, सचिव बीसलपुर राजेश कुमार, जीएम केन मकसूदापुर चीनी मिल सुग्रीव पाठक, गन्ना प्रबंधक आरके सिंह, गन्ना किसान रवि गंगवार, गुरनाम सिंह, दिलबाग सिंह, नेमपाल, अवनीश, सर्वेश आदि मौजूद रहे।


अनिल सिंह के खेत पहुंचे जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव। • अमृत विचार

- जिला गन्नाधिकारी ने की सराहना, मॉडल को प्रोत्साहित करने की बनाई योजना
- अन्य किसानों को भी गन्ने के साथ सहफसली खेती को अपनाने के लिए किया प्रेरित

## किस्मत के मारों की भरती है झोली... जय हो बाबा नीम करौली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भक्ति, श्रद्धा और आस्था के भाव से ओत-प्रोत माहौल में बाबा नीम करौली धाम का स्थापना दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में रविवार को श्री बालाजी नीम करौली धाम कांशीराम कॉलोनी ईदगाह में दरबार सजा। विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में पूजन-अर्चन किया और भजन-कीर्तन किए। भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक पूजा अर्चना का सिलसिला चलता रहा।

बता दें कि उत्तराखंड की वादियों में स्थित कैंची धाम बाबा नीम करोली का हर साल 15 जून को स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में काशीराम कॉलोनी स्थित श्री बालाजी नीम करौली धाम पर भी बाबा की गद्दी सजाई गई। बाबा का पूजन और भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना शुरू हो गई। बाबा का उत्सव मनाने के लिए एक दिन पहले ही मंदिर में सारी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। महंत सेवक विशाल ने बाबा का भव्य श्रृंगार करते हुए उन्हें गद्दी पर विराजमान किया। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन हुआ। किस्मत के मारो की भरती है झोली, जय हो बाबा नीम करौली, अंजनी का लाला है.. भक्तों का रखवाला है, तेरे हाथों की कठपुतली मैं, राम राम रटते चलो... आदि भजन गाए गए। दिनभर भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। गुरु वंदना और चालीसा का पाठ कर बाबा की आरती की गई। उन्हें मालपुआ का भोग लगाया गया। भोग लगाने के बाद सभी भक्तों ने दर्शन कर बाबा का आशीर्वाद लेते हुए मनौती मांगी। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष बड़े प्रेम और समर्पण के साथ किया जाता है। इस मौके पर मुकेश प्रजापति, रवि रत्नाकर, हर्ष, राजा, सोनली, ऋषभ, हनी, अंशु, वीरू आदि लोग भक्त मौजूद रहे। इधर, शहर में भी कई जगह शरबत वितरण और भंडारे कराए गए।


बालाजी नीम करौली धाम पर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर दर्शन लाभ लेते श्रद्धालु।



बाबा का किया गया भव्य श्रृंगार।

- नीम करौली धाम के स्थापना दिवस पर हुआ हवन पूजन, गूंजे भजन
- कई जगह हुए भंडारों में उमड़े भक्त, बांटा गया शरबत




## शहर में आज

- भारतीय योग संस्थान की ओर से अशोक कॉलोनी, आर्य समाज मंदिर में योग शिविर सुबह 5 :30 बजे
- बिलसंडा के गांधी स्मारक सुंदर लाल इंटर कॉलेज मैदान पर चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत मैच सुबह 10 बजे।
- नकटादाना चौराहा पर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बैठक सुबह 10 बजे।
- भारतीय सिख संगठन की ओर से ग्राम राघवपुरी में सिख सम्मेलन सुबह 11 बजे से।

# पांच माह बाद फिर मिलेंगे, सैलानियों के लिए बंद हुए द्वार

## अलविदा पीटीआर : 221 दिन के पर्यटन सत्र में सैलानियों की आमद ने तोड़े रिकॉर्ड, विदेशियों ने भी दी तरजीह

### अंतिम दिन उमड़ी सैलानियों की भीड़ सफारी वाहन न मिलने से कई मायूस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


पर्यटन सत्र के अंतिम दिन सफारी वाहनों से पीटीआर जाते सैलानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के द्वार सैलानियों के लिए रविवार शाम बंद कर दिए गए। पर्यटन सत्र के अंतिम दिन पीलीभीत टाइगर रिजर्व सैलानियों से गुलजार रहा। रविवार को सैलानियों ने बाघ समेत वन्यजीवों का दीदार करने के साथ ही यादगार के तौर पर टाइगर रिजर्व की खूबसूरती को भी कैमरे में कैद किया। कई सैलानियों को सफारी वाहन ही नहीं मिल सके।

मजबूरन उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। इधर पीलीभीत टाइगर रिजर्व के 221 दिन के पर्यटन सत्र में सैलानियों की आमद ने पिछले सभी पर्यटन सत्रों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। विदेशी धरती से आए सैलानियों ने भी इस बार टाइगर रिजर्व को जमकर तरजीह दी। पर्यटन सत्र से विभाग को 1.60 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। मानसून सत्र समाप्त होने के बाद 15 नवंबर से टाइगर रिजर्व फिर से सैलानियों के खोल दिया जाएगा।

पहले से ही बाघों की बढ़ती आबादी और अब टाइगर साइटिंग के लिए मशहूर पीलीभीत टाइगर रिजर्व देश ही नहीं बल्कि विदेशी धरती पर भी एक टूरिज्म आईकॉन के रूप में उभर रहा है। मानसून सत्र समाप्त होते ही 15 नवंबर को खुलने वाले पीलीभीत टाइगर रिजर्व के द्वार 15 जून को सैलानियों के लिए बंद कर दिए जाते हैं। करीब 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैले जंगल के सौंदर्य को देखने के लिए हर साल यहां देसी और विदेशी सैलानियों की भीड़ लगी रहती है। हालांकि इस बार पर्यटन सत्र की शुरुआत 6 नवंबर से की गई। पूरे सात माह तक वाइल्ड लाइफ के शौकीनों ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व की खूबसूरती और यहां के विशिष्ट कद-काठी के बाघों के जमकर दीदार किए। टाइगर साइटिंग तो इस कदर हुई कि सैलानियों को मात्र एक बाघ नहीं, बल्कि एक साथ तीन-तीन बाघ भी दिखाई दिए। इस बार प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव की ओर से पीलीभीत टाइगर रिजर्व को 15 जून से बंद करने के आदेश जारी किए गए थे। रविवार को आखिरकार 15 जून की तारीख आ ही गई और रविवार शाम सैलानियों के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व के द्वार बंद कर दिए गए। इधर, पर्यटन सत्र के अंतिम दिन रविवार को पीलीभीत टाइगर रिजर्व सैलानियों से गुलजार रहा। सुबह तड़के से ही सैलानियों के काफिले मुस्तफाबाद और महोफ गेट की ओर जाते दिखाई दिए। रविवार को दोनों शिफ्टों में सफारी वाहन भी प्रतिदिन की अपेक्षा काफी देर पहले ही बुक होते दिखाई दिए। बुकिंग काउंटरों पर सफारी वाहनों को लेकर जद्दोजहद भी देखी गई। वन अफसरों के मुताबिक दोनों शिफ्टों में करीब 800 सैलानियों ने जंगल सफारी करने के साथ बाघ समेत अन्य वन्यजीवों का दीदार कर जंगल की हरी-भरी वादियों का करीब से देखा। वहीं कई सैलानी पर्यटन सत्र के अंतिम दिन को बतौर यादगार संजोकर रखने के लिए कैमरे में जंगल की खूबसूरती को कैद करते दिखे।

### इस पर्यटन सत्र में पहुंचे 452 विदेशी सैलानी

पीलीभीत टाइगर रिजर्व बाघों की संख्या और टाइगर साइटिंग को लेकर विदेशी धरती पर अपनी पहचान बनाता नजर आ रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पीलीभीत टाइगर में आने वाले विदेशी सैलानियों की संख्या में साल दर साल इजाफा देखा जा रहा है। इस बार पर्यटन सत्र में 452 विदेशी सैलानियों ने पीटीआर पहुंचकर यहां की खूबसूरती देखने के साथ बाघ समेत वन्यजीवों के दीदार किए, जबकि पिछले सत्र में 189 विदेशी सैलानी यहां आए थे।

### 221 दिनों में टूटा पिछला रिकॉर्ड, 56741 सैलानियों ने दी दस्तक

पीलीभीत टाइगर रिजर्व इस बार भी सैलानियों के लिए काफी मुफीद साबित हुआ। पिछले सीजन की तरह ही इस बार भी पीलीभीत टाइगर रिजर्व ने आने वाले सैलानियों को निराश नहीं होने दिया। पर्यटन सत्र के शुरूआती दौर से टाइगर साइटिंग का चला सिलसिला अंतिम दौर तक जारी रहा। सोशल मीडिया पर भी टाइगर रिजर्व खूब छाया रहा। वन अफसरों के मुताबिक, पर्यटन सत्र के दौरान 6 नवंबर से 15 जून तक इस बार 56,741 सैलानी टाइगर रिजर्व की सैर करने पहुंचे। सैलानियों की आमद की बात करें तो इस बार भी पिछले पर्यटन सत्र का रिकार्ड टूट गया। इस बार सैलानियों ने चूका बीच और सप्त सरोवर में बनीं हट में रात्रि विश्राम करने में खासी दिलचस्पी दिखाई। सैलानियों द्वारा 1039 बार हट की ऑनलाइन बुकिंग कराई गई। पर्यटन सत्र के दौरान इस बार सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश, राज्यपाल समेत कई राजनेता, अभिनेता समेत कई बड़े अफसर भी यहां पहुंचे। वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के साथ 100 से अधिक सोशल मीडिया एनफ्लुएंसर्स भी पहुंचे।

### साल दर साल कुछ यूं बढ़ा सैलानियों का ग्राफ

| वर्ष | विदेशी सैलानी | भारतीय सैलानी |
|---|---|---|
| 2014-15 | 10 | 14172 |
| 2015-16 | 13 | 17566 |
| 2016-17 | 15 | 16360 |
| 2017-18 | 16 | 14887 |
| 2018-19 | 23 | 15885 |
| 2019-20 | 13 | 7122 |
| 2020-21 | 02 | 12389 |
| 2021-22 | 07 | 18745 |
| 2022-23 | 54 | 23525 |
| 2023-24 | 189 | 54378 |
| 2024-25 | 452 | 56289 |

## एक नजर

### किशोरी से दुष्कर्म करने वाला भेजा जेल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** घर में घुसकर दृष्टिहीन किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि बीते दिनों एक ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग दृष्टिहीन पुत्री से घर में घुसकर गांव डडिया रांझे निवासी हरीश ने दुष्कर्म किया। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। रविवार को आरोपी को ब्लॉक चौराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उधर, सीओ बीसलपुर प्रतीक दहिया ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी की।

### हादसे में छह घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** शाहजहांपुर मार्ग पर दो बाइक टकरा गईं। इसमें छह लोग घायल हो गए। ग्राम मानपुर निवासी संजीव कुमार अपनी पत्नी कांति देवी और रिश्तेदार गहलुइया निवासी गंगाराम, महुआ निवासी महेश कुमार के साथ बाइक से शाहजहांपुर से बीसलपुर आ रहे थे। गुलैदा चौराहे के पास दूसरी बाइक से आ रहे जयंती प्रसाद निवासी घुरी पट्टी बिलसंडा से टक्कर हो गई।

# एसडीएम ने तलब की निविदा से जुड़ी पत्रावली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**टेंडर का खेल**



- नगर पंचायत कलीनगर में 58 लाख के टेंडर में खेल का मामला
- श्रम विभाग पंजीकरण के अभिलेख भी कूटरचित होने का है आरोप

**अमृत विचार:** नगर पंचायत कलीनगर में निविदाओं की विड में खेल करने से जुड़ी शिकायत के बाद अब कार्रवाई की तैयारी है। एडीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर ने जांच शुरू कर दी है। इसके लिए नगर पंचायत कलीनगर से पूरे प्रकरण की पत्रावली तलब की गई है, जिसके बाद गंभीर आरोपों में घिरे जिम्मेदारों में खलबली मच गई है।

स्वच्छ पेयजल योजना के तहत नगर पंचायत कलीनगर में विभिन्न स्थानों पर सोलर वेस्ड वाटर कूलर की स्थापना कराई जानी है। 58 लाख रुपये से होने वाले इस काम के लिए 21 मई 2025 को ई-निविदा आमंत्रित की गई थी।

इसमें चार फर्म एम-एम कंस्ट्रक्शन, पवन इंटरप्राइजेज, आरवीआर कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स, जीवी कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स ने विड डाली थी। पहले जीवी कंस्ट्रक्शन की विड अस्वीकृत की गई और फिर धांधली के आरोप लगाते हुए शिकायत की गई तो आनन-फानन में 5 जून को अन्य तीनों फर्म की बिड भी अस्वीकृत कर दी गई थी। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने भी इस मामले में कार्रवाई के लिए डीएम को पत्र लिखा था। नगर पंचायत प्रशासन दोबारा से टेंडर प्रक्रिया कराने की बात कह रहा है। इस खेल में ईओ के साथ ही अन्य जिम्मेदारों पर भी साठगांठ करने का आरोप लगा है।

आरोप ये भी है कि एमएम कंस्ट्रक्शन की ओर से जो श्रम विभाग पंजीकरण से जुडा. अभिलेख लगाया गया है, वह भी कूटरचित है। एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया ने इस मामले में एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता को जांच दी है।

अभी तक जांच शुरू न होने पर तमाम चर्चाएं तेज हो रही थी। मगर, अब एसडीएम सदर ने जांच की शुरुआत कर दी है। इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए नगर पंचायत कलीनगर से संबंधित निविदा से जुड़ी पत्रावली तलब की गई है, जिसके बाद अब खलबली मच गई है।

### एफडीआर को लेकर उठाए जा रहे सवाल

अभी कुछ दिन पहले ही नगर पालिका पीलीभीत में चार ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड किए गए थे। आरोप था कि उनके द्वारा पूर्व से बंधक एफडीआर लगाई गई है। दरअसल, अभी तक कलीनगर नगर पंचायत के मामले में ईओ एजाज अहमद ने खुद स्वीकार किया है कि उनके द्वारा किसी तरह की अभिलेखों को लेकर जांच नहीं कराई गई है। हालांकि उनका तर्क था कि पहले से ही काम अधिक होने के चलते व्यस्तता है। फिलहाल अब मामले की जब जांच शुरू हुई है तो संबंधित फर्म की ओर से लगाई गई एफडीआर की भी जांच कराने की मांग की गई है।



> नगर पंचायत कलीनगर के इस प्रकरण में जांच मुझे मिली है। इसमें नगर पालिका के अवर अभियंता को भी शामिल किया गया है। जांच को लेकर संबंधित निविदा से जुड़ी पत्रावली तलब की गई है। इसका गहनता से अध्यन कर निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपी जाएगी।
> – **आशुतोष गुप्ता**, एसडीएम सदर

# विवाहिता ने पति से वापस मांगा दहेज, लगाए गंभीर आरोप

**पूरनपुर, अमृत विचार:** एक विवाहिता ने अपने पति और जेठानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें दोनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर की एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी नवंबर 2022 में पीलीभीत के एक युवक से हुई थी। शादी के चार दिन बाद पति उसके बजाय अपनी भाभी को लेकर काम करने बहाने साथ लेकर दिल्ली चला गया। शक होने पर वह भी दिल्ली पहुंच गई। आरोप है कि पति को जेठानी के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। विरोध किया तो पति और जेठानी ने उसके साथ मारपीट की। सूचना पर मायके वाले दिल्ली पहुंचे और 11 जून 2023 को विवाहिता को घर ले आए। तब से विवाहिता अपने मायके में रह रही है। विवाहिता ने पिता की ओर से दिया गया दहेज पति से वापस मांगा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को दस साल कठोर कारावास

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- विशेष न्यायाधीश गीता सिंह ने सुनाया फैसला, जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार:** विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट गीता सिंह ने गैंगस्टर एक्ट के 13 वर्ष पुराने मामले में आरोपी थाना अमरिया क्षेत्र के गांव हरिपुर निवासी बाबूराम के पुत्र सूरजपाल को दोषी पाकर 10 वर्ष कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को छह महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

बता दें कि बरखेड़ा पुलिस ने 26 सितंबर 2012 को आरोपी सूरजपाल के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके अनुसार सूरजपाल का एक संगठित गिरोह है। गिरोह में अन्य सदस्य भी शामिल हैं। आरोपी ने संगठित गिरोह के सदस्य के रूप में अवैध फिरौती के लिए छात्र का अपहरण किया। अवैध तरीके से धन और संपत्ति अर्जित की। क्षेत्र में और आसपास आरोपी का भय और आतंक है। इसके क्रियाकलाप से जनजीवन सुरक्षित नहीं है।

पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की ओर से मामले की सुनवाई के दौरान कई गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। मामले की सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट गीता सिंह ने आरोपी सूरजपाल को दोषी पाया। उसे 10 वर्ष कठोर कारावास और पचास हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न होने पर सूरजपाल को छह महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सजा सुनाने के बाद आरोपी सूरजपाल को जेल भेज दिया गया है।

# योग सप्ताह की शुरुआत, शहर से लेकर गांवों तक हुए आयोजन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ, डीएम ने गिनाएं फायदे
- लोगों से 21 जून को गांधी स्टेडियम में होने वाले भव्य आयोजन में शामिल होने का किया आह्वान


राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय में हुए योग सप्ताह कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार को स्मृति चिह्न भेंट करते डॉ. भारत ज्योति। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत रविवार से शहर से लेकर गांवों तक योग सप्ताह की शुरुआत हो गई। ललित हरि राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय में राज्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन कर योग सप्ताह का शुभारंभ किया। इस दौरान लोगों को वर्तमान परिवेश में योग का महत्व और इससे होने वाले लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। इससे पूर्व मरौरी ब्लॉक परिसर में डीएम ने योग सप्ताह की शुरुआत की। योग सप्ताह के तहत जिला मुख्यालय से लेकर तहसील, ब्लॉक और गांवों में योग के आयोजन किए जाएंगे।

शहर के ललित हरि राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में रविवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत योग सप्ताह के उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस दौरान उन्होंने जनपद में योग सप्ताह के तहत व्यापक रूप से योग कार्यक्रम आयोजित करने और सभी जनपदवासियों से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गांधी स्टेडियम में होने वाले सामूहिक कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रतिदिन योग करने से मानसिक तनाव कम होता है। योग न सिर्फ शरीर को, बल्कि मन को भी शांत और एकाग्रचित करता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में योग दिवस कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की। कार्यक्रम में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, डीडीओ संजय कुमार, आयुर्वेदिक महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुदीप बेदार, आयुर्वेद यूनानी अधिकारी डॉ. भारत ज्योति, जिला होम्योपैथी अधिकारी डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. हरिशंकर मिश्रा आदि मौजूद रहे।


मरौरी ब्लॉक परिसर में योगाभ्यास करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

### डीएम ने मरौरी ब्लाक पहुंचकर किया योगाभ्यास

मरौरी ब्लॉक परिसर में रविवार सुबह 6 बजे डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस दौरान डीएम ने बताया कि योग सप्ताह कार्यक्रम 15 जून से 21 जून तक आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत जनपद स्तर से लेकर तहसीलों, ब्लॉकों और गांवों में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 21 जून को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन गांधी स्टेडियम में किया जाएगा। यहां डीएम समेत ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, क्षेत्रीय आयुर्वेद यूनानी अधिकारी डॉ. भारत ज्योति आदि ने योगाभ्यास किया।

# अनियंत्रित होकर शौचालय से टकराई श्रद्धालुओं की कार, एक की मौत

संवाददाता, माधोटांडा


हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार।

- माधोटांडा थाना क्षेत्र में मल्लपुर गांव के पास हुआ हादसा
- चार अन्य कार सवार घायल पुलिस ने भिजवाया अस्पताल

**अमृत विचार:** बद्रीनाथ धाम के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने शौचालय से टकरा गई। हादसे में कार सवार लखीमपुर खीरी के युवक की मौत हो गई जबकि उसके परिवार के ही चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

हादसा रविवार सुबह करीब 6 बजे के हुआ। लखीमपुर खीरी जनपद के कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अयोध्यापुरी के रहने आशीष श्रीवास्तव (45) पुत्र हृदयनारायण परिवार के साथ बीते दिनों बद्रीनाथ केदारनाथ धाम की यात्रा पर गए थे। वहां से कार में सवार सवार होकर वापस घर जा रहे थे। कार में उनके साथ पत्नी अंकिता, पुत्री पलक, पुत्र सनक और ससुर विजयनाथ भी सवार थे। रविवार सुबह खटीमा-पूरनपुर रोड पर माधोटांडा थाना क्षेत्र के मल्लपुर गांव के पास पहुंचते ही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने शौचालय से टकरा गई। हादसे में आशीष की मौत हो गई, जबकि अन्य चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीर व आसपास के ग्रामीण जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर माधोटांडा पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की।

घायलों को आनन-फानन में सीएचसी भिजवाया गया। वहां से हालत गंभीर होने पर ससुर विजयनाथ को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी आ गए, जिसके बाद उनका रोकर बुरा हाल रहा।

# कोरोना संक्रमित युवक की नहीं मिली लोकेशन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गलत नाम पता होने के चलते आ रही दिक्कत, अभी भी ट्रेस नहीं हो सका मरीज
- 11 जून को पंजाब से बरेली स्वास्थ्य विभाग को भेजी गई थी संक्रमित युवक की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** चार दिन पहले बरेली में कोरोना पॉजिटिव मिले पीलीभीत के युवक का पता नहीं चल सका। सीएमओ बरेली ने इसकी सूचना जिले के अफसरों को देते हुए उसे ट्रेस करने के लिए कहा था, लेकिन संक्रमित युवक के दिए गए पते पर जब टीम पहुंची तो वह वहां नहीं मिला।

बता दें कि बरेली के एजाजनगर गौटिया के रहने वाला एक युवक पंजाब में मजदूरी करता था। तबीयत खराब होने पर उसने वहां पर जांच कराई थी, जिसमें वह कोरोना पॉजिटिव निकला था। हालांकि इससे पहले ही युवक बरेली लौट आया था। 11 जून को पंजाब स्वास्थ्य विभाग की ओर से बरेली स्वास्थ्य विभाग को पत्र भेजकर उसका नाम पता और मोबाइल नंबर दिया था। उसका पता बरेली के एजाज नगर गौटिया लिखा था। इस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची, लेकिन सटीक पता न होने से घर खोज नहीं सकी। बरेली की टीम ने संक्रमित युवक को कॉल की, तो उसने खुद को पूरनपुर का रहने वाला बताया। इस पर बरेली सीएमओ ने पीलीभीत सीएमओ डॉ. आलोक कुमार को सूचना दी। फिर जिले की आईडीएसपी टीम को लगाया गया। टीम ने पूरनपुर पहुंचकर युवक की तलाश शुरू की, मगर कुछ पता नहीं चल सका। युवक से संपर्क का प्रयास किया तो फोन बंद आता रहा, जिससे टीम सफल नहीं हो सकी है।

# स्टाफ नर्स ने ससुरालियों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**पूरनपुर, अमृत विचार:** स्टाफ नर्स ने ससुरालियों पर अतिरिक्त दहेज में कार और दो लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया है। इसके पूरा न होने पर प्रताड़ित किया गया और पति ने दूसरी शादी करने की धमकी दी। पुलिस ने पति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर के मोहल्ला कायस्थान की रहने वाली स्टाफ नर्स प्रिया शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव निजामपुर उर्फ लाह के सूरज कुमार से हुई थी। घरवालों ने हैसियत के मुताबिक दहेज दिया। इसके बावजूद ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में कार व दो लाख रुपये की मांग करने लगे। इसके पूरा न होने पर ससुरालियों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पुलिस ने मामले में पति सूरज कुमार, राजकुमार और किरन शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# अखिलेश के दूत बनकर आज आएंगे पूर्व सांसद वीरपाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


समाजवादी पार्टी कार्यालय।

**सपा कार्यालय प्रकरण**

- कार्यकर्ताओं के साथ की जाएगी मुलाकात, हाईकमान को सौंपेंगे अग्रिम रिपोर्ट

**अमृत विचार:** नकटादाना चौराहा पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) आवास में संचालित समाजवादी पार्टी कार्यालय को खाली कराने को लेकर दी गई छह दिन की मोहलत में एक दिन का समय बाकी है। जैसे-जैसे समय नजदीक आ रहा है, मामले को लेकर हलचल बढ़ती जा रही है। सपा हाईकमान को पूरा मामला अवगत कराया जा चुका है। मोहलत पूरी होने से एक दिन पूर्व ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के दूत बनकर लोकसभा प्रभारी एवं पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव सोमवार को पीलीभीत पहुंचेंगे। कार्यालय प्रकरण को लेकर विस्तार से जानकारी करेंगे और कार्यकर्ताओं संग बैठक होगी। बताते हैं कि इसके बाद वह अपनी रिपोर्ट हाईकमान को सौंपेंगे।

बता दें कि 10 जून को नगरपालिका की ओर से अपने ईओ आवास को खाली कराने के लिए प्रयास किए गए थे। इसका नोटिस पूर्व में ही सपा कार्यालय के बाहर चस्पा कर दिया गया था।

भारी फोर्स के साथ पहुंचे पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों और सपा नेताओं के बीच चार घंटे चली जद्दोजहद के बाद छह दिन का समय दे दिया गया था। जोकि सोलह जून तक का है। इसके बाद 17 जून को सपा कार्यालय खाली कराने की बात कही गई थी। इसमें कम दिन बाकी हैं।

सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल बीते दिनों राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिला था। इसके बाद अखिलेश का दो दिवसीय दौरा भी प्रस्तावित है। इससे पहले सोमवार को पार्टी के लोकसभा प्रभारी एवं पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव सोमवार को पीलीभीत पहुंचेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि वह कार्यकर्ताओं संग समीक्षा बैठक करेंगे। कार्यालय प्रकरण को लेकर भी जानकारी करेंगे। इसके बाद हाईकमान को अवगत कराएंगे।

### जिलाधिकारी को दिया गया एक और पत्र आज करेंगे मुलाकात

सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की ओर से रविवार को एक प्रार्थना पत्र डीएम को भेजा गया है। जिसमें पूरे प्रकरण के बारे में बताया गया है। इसमें बीते दिनों सिविल जज सीनीयर डिवीजन न्यायालय में योजित नवीन वाद का भी हवाला दिया गया। ये कहा है कि जब तक सिविल न्यायालय से कोई अंतिम आदेश न आए तब तक नगरपालिका पीलीभीत को बलपूर्वक कब्जा प्राप्त करने के संबंध में की जा रही कार्यवाही को स्थगित करने की मांग की गई। ये भी कहा कि विचाराधीन नवीन वाद में अंतिम आदेश पारित होने तक नगर पालिका द्वारा की जा रही कार्यवाही को स्थगित करने की मांग की है।



> कार्यालय प्रकरण को लेकर एक और प्रार्थना पत्र डीएम को दिया गया है। इसमें नवीन विचाराधीन वाद में अंतिम आदेश होने तक कार्यवाही स्थगित कराने की मांग की है। स्टे को लेकर भी आज न्यायालय में सुनवाई होगी। प्रकरण के संबंध में जानकारी करने के लिए लोकसभा प्रभारी भी आ रहे हैं। – **जगदेव सिंह जग्गा**, सपा जिलाध्यक्ष

### स्टे को लेकर आज होगी सुनवाई, फैसले पर नजर

सपा कार्यालय प्रकरण को लेकर बीते दिनों एक वाद सिविल जज सीनियर डिवीजन के न्यायालय में योजित करने की अनुमति प्राप्त की जा चुकी है। वहीं, इस प्रकरण को लेकर आज न्यायालय में स्टे को लेकर भी सुनवाई के लिए तिथि है। इसे लेकर भी हलचल बढ़ी हुई है। वहीं, प्रशासन और सपा के अग्रिम फैसले को लेकर भी काफी हद तक इस सुनवाई के बाद तस्वीर स्पष्ट होगी, जिस पर सभी की निगाहें हैं।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
• हिस्टीरिया, मिर्गी
• सिर दर्द, माइग्रेन
• डिप्रेशन, घबराहट
• पागलपन
• बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
• शीघ्र पतन, तनाव न आना
• स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
• नशे की आदत
• याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
• बच्चों में चंचलता
• बिस्तर गीला करना
• नींद न आना, ज्यादा आना
• बार-बार हाथ धोना OCD
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# बीमारी से तंग आकर युवक ने नहर में लगाई छलांग

## माधोटांडा क्षेत्र की घटना, घर वालों को फोनकर कहा- बीमारी ठीक नहीं होगी, इसलिए देने जा रहा जान

संवाददाता, माधोटांडा

**अमृत विचारः** बीमारी से तंग आकर एक युवक चुपचाप घर से निकलकर आया और फिर डगा पुल के पास पहुंचकर नहर में छलांग लगा दी। परिवार को छलांग लगाने से पहले उसने कॉल कर इसकी जानकारी भी दे डाली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर की मदद से तलाश शुरू कराई। नहर का पानी भी बंद करा दिया है। टीमें मोटरबोट की मदद से युवक की तलाश कर रही है। वहीं, युवक के परिवार में चीख पुकार मची रही।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम नकटा मुरादाबाद के रहने वाले भाजपा नेता रामदुलारे वर्मा ने बताया कि उनका छोटा भाई 25 वर्षीय ओमप्रकाश लंबे समय से बीमार चल रहा था। उसका इलाज केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद के सहयोग से एम्स दिल्ली से चल रहा था। काफी समय बाद भी उसकी तबीयत पूरी तरह से ठीक नहीं हो सकी थी, जिसे लेकर वह परेशान रहता था। ओमप्रकाश शनिवार शाम किसी वक्त बाइक लेकर घर से चला गया। इसके बाद वह डगा नहर पुल पर पहुंचा। बताते हैं कि यहां से ओमप्रकाश ने अपने परिवार को कॉल की और बताया कि वह घर से निकल आया है। उसकी बीमारी ठीक नहीं होगी, इसी से परेशान होकर वह खुदकुशी करने जा रहा है। ये भी बताया कि पुल पर उसकी बाइक खड़ी है, उसी की डिग्गी में मोबाइल रखा मिलेगा। बस इतना कहने के बाद बताते हैं कि ओमप्रकाश ने नहर में छलांग लगा दी।

इसकी जानकारी परिवार वालों ने किसान नेता देव स्वरूप पटेल को दी, जिसके बाद उन्होंने माधोटांडा इंस्पेक्टर अशोक पाल को सूचना दी तो माधोटांडा पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिवार वाले भी आ गए। पुल पर ही बाइक खड़ी मिली और उसमें मोबाइल समेत अन्य सामान रखा मिल गया।

पुलिस ने गोताखोरों की मदद ली, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। दूसरे दिन रविवार सुबह से ही रेस्क्यू शुरू कर दिया गया। मोटरबोट की मदद से टीम नहर में उतारी गई और दिनभर तलाश चलती रही। मगर, कुछ पता नहीं चल सका। बड़ी संख्या में लोग पुल पर जमा रहे। पुलिस भीड़ को व्यवस्थित करने में जुटी रही।



घटनास्थल पर लगी भीड़ और नहर में तलाश करती टीम। ● अमृत विचार



परिवार को ढांढस बंधाते किसान नेता देवस्वरूप पटेल।



ओमप्रकाश का फाइल फोटो।

● **नहर बंद कराकर मोटरबोट से कराई जा रही युवक की तलाश**

### पांच भाइयों में सबसे छोटा है ओमप्रकाश

बताते हैं कि नहर में छलांग लगाने वाला ओमप्रकाश लंबे समय से बीमार चल रहा। उसका कई अस्पतालों में इलाज कराया गया, लेकिन कोई खास सुधार नहीं हो सका। इसके बाद केंद्रीय मंत्री के सहयोग से दिल्ली के एम्स में इलाज कराया जा रहा था, मगर इसके बाद भी स्वास्थ्य सुधार न होने पर युवक परेशान था। इसी वजह से वह नहर में कूद गया। ओमप्रकाश पांच भाइयों में सबसे छोटा था।

वहीं, नहर का पानी तेज बहाव में था। ऐसे में एसडीएम से वार्ता की गई और फिर नहर को बंद कराया गया। युवक के छलांग लगाने के पीछे परिवार वाले बीमारी को ही वजह बता रहे हैं। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर गए थे।युवक की टीम लगाकर तलाश कराई जा रही है।

# सिख धर्म में वापसी के लिए राघवपुरी में सम्मेलन आज



ग्रामीणों से संपर्क कर सम्मेलन में पहुंचने की अपील करते सिख संगठन के सदस्य।

संवाददाता, पूरनपुर

● **बड़ी संख्या में लोगों के घर वापसी करने की जताई संभावना**

**अमृत विचारः** सिख संगठन ने कई गांवों में धर्म परिवर्तन को लेकर बैठकें की। कथित तौर पर धर्म परिवर्तन कर चुके लोगों को सिख धर्म में वापसी के लिए प्रेरित किया। उनसे राघवपुरी में होने वाले सिख सम्मलेन में भी पहुंचने की अपील की। सिख सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोगों के सिख धर्म में वापसी करने की उम्मीद जताई जा रही है।

बता दें कि ट्रांस शारदा क्षेत्र में धर्म परिवर्तन का मामला सुर्खियों में है। हाल ही में एक पादरी सहित कई लोगों के खिलाफ एक महिला को ईसाई धर्म अपनाने के लिए बरगलाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं सिख संगठन लोगों को अपने धर्म में वापसी के लिए जागरूक कर रहे हैं। भारतीय सिख संगठन की टीम ने टाटरगंज, कंबोजनगर, टीला नंबर चार, राघवपुरी, बाजार घाट आदि गांव में बैठकें कीं। इस दौरान कथित रूप से धर्म परिवर्तन कर चुके लोगों को समझाया। सिख धर्म में वापसी करने की अपील की। उनसे लोभ लालच में न फंसने को कहा गया। इसके साथ ही सभी से राघवपुरी गुरुद्वारा में 16 जून को होने वाले सिख सम्मेलन में पहुंचने के लिए आग्रह किया। बताते हैं कि इस सिख सम्मेलन में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, श्रीनानकमत्ता गुरुद्वारा कमेटी सहित अन्य जत्थेबंदियां पहुंचेंगी। भारतीय सिख संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसवीर सिंह विर्क ने बताया कि सोमवार को होने वाले सिख सम्मेलन में प्रेम पूर्वक लोगों की सिख धर्म में वापसी कराई जाएगी। इसके लिए धर्म बदल चुके लोगों से संपर्क कर सम्मेलन में पहुंचने की अपीन की गई। समाज के लोगों से अपने धर्म में रहकर ही गुरु के बताए रास्ते पर चलने को कहा है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# बाबा नीम करौली की जयंती पर किया भंडारा



भंडारे में प्रसाद तैयार करते लोग। ● अमृत विचार

**पूरनपुर, अमृत विचारः** रविवार को कस्बे में बाबा नीम करौली जंयती मनाई गई। इस अवसर पर कस्बे से तमाम लोग उत्तराखंड में स्थित कैंची धाम पहुंचे। इस उपलक्ष्य में कस्बे के कोतवाली रोड पर भदौरिया भवन के सामने समाजसेवी कौशलेंद्र भदौरिया ने भंडारा कराया।

इस दौरान राहगीरों को सब्जी पूड़ी का प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर तेजबहादुर सिंह, शेखर सिंह आदि ने सेवा की।

# चिकित्सक के पुत्र हरिअनंत ने उत्तीर्ण की नीट परीक्षा, 217वीं रैंक मिली

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला तखान में रहने वाले डॉ.शैलेंद्र नाथ मिश्र के छोटे पुत्र हरिअनंत मिश्र ने नीट 2025 परीक्षा में सफलता हासिल की है। 632 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक 217 और कैटेगरी रैंक 142 प्राप्त की है। उन्होंने सीकर (राजस्थान) के एक कोचिंग संस्थान से तैयारी की थी।

बता दें कि शनिवार को नीट परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें हरिअनंत ने ऑल इंडिया में 217वीं रैंक हासिल की। बता दें कि हरिअनंत ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शहर के लिटिल एंजेल्स स्कूल से प्राप्त की थी। उनके बड़े भाई सदाशिव मिश्र का पिछले वर्ष नीट में चयन हो चुका है और वह वर्तमान में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं।



बेटे की कामयाबी पर खुशी का इजहार करता मिश्रा परिवार। ● अमृत विचार

● **परिवार में खुशी का माहौल, बड़े भाई सदाशिव भी पहले से एमबीबीएस के छात्र**

दोनों भाइयों ने नीट की तैयारी सीकर राजस्थान के एक कोचिंग संस्थान से की। हरि अनंत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने बाबा डॉ. नरेंद्र नाथ मिश्रा, पिता डॉ. शैलेन्द्र मिश्रा, मां डॉ. मंजू मिश्रा, चाचा डॉ. उपेन्द्र नाथ मिश्रा, चाची डॉ. गीतांजलि मिश्रा समेत अन्य परिवारजनों के अलावा कोचिंग संस्थान के शिक्षकों को दिया है। उन्होंने कहा कि परिवार का सहयोग, नियमित अध्ययन और कोचिंग संस्थान का मार्गदर्शन उनकी सफलता की कुंजी रहा। परिवार में खुशी का माहौल रहा।

# शाहजहांपुर को हराकर फाइनल में पहुंची लवली बिलसंडा

संवाददाता,बिलसंडा

**अमृत विचारः** गांधी स्मारक सुंदरलाल इंटर कॉलेज मैदान पर चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला सेमी-फाइनल मैच रविवार को लवली क्रिकेट क्लब बिलसंडा और गायत्री इलेवन शाहजहांपुर के बीच खेला गया। शुरुआत में ही शाहजहांपुर के खिलाड़ी लवली बिलसंडा के आगे नहीं टिक सके और टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। जीत के साथ ही लवली बिलसंडा ने फाइनल में अपनी जगह बनाई है।

रविवार दोपहर 2 बजे राष्ट्रगान के बाद पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा, पेट्रोलियम व्यापारी आलोक जायसवाल रिंकू, समाजसेवी राजीश गुप्ता, पूर्व चेयरमैन अटल जायसवाल, अजय जायसवाल ने टॉस कराया। खिलाड़ियों से परिचय के बाद शॉट लगाकर मैच की शुरुआत कराई। टॉस जीतकर लवली की टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरे शाहजहांपुर के खिलाड़ियों की शुरुआत ही खराब रही। एक के बाद एक उनके सारे विकेट लुढ़क गए। 18 ओवर खेलकर कुल 90 रनों पर टीम आलआउट हो गई। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरे लवली बिलसंडा टीम के खिलाड़ियों ने अंधाधुंध पारी खेली और तीन विकेट के नुकसान पर सात विकेट से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। टीम के कप्तान इदरीश को पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा,उर्वरक व्यापारी आलोक जायसवाल,अध्यापक ब्रजेश सक्सेना, कमलेश शुक्ला,अजय जायसवाल,मुजफ्फर हुसैन ने नकद धनराशि एवं ट्राफी सौंपी। इस मौके पर आयोजक हर्ष, शुभम, सुमित जायसवाल, डॉ. पंकज गुप्ता, मोहित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



बिलसंडा टीम को ट्राफी देते पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा, आलोक जायसवाल व अन्य।

● **सेमीफाइनल में परास्त होते ही शाहजहांपुर टूर्नामेंट से बाहर**

● **पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला**

## दो पक्षों में झगड़ा, महिला घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** रास्ते को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक दूसरे पर आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहिरपुर नगला के निवासी सर्वेश कुमार का गांव के ही एक ग्रामीण से रास्ते के विवाद को लेकर लंबे समय से रंजिश है। इसी के चलते सर्वेश की पत्नी जसवंती देवी को दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी डंडे से पीटा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

JYOTI COLLEGE of Management Science & Technology
JCMST Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
M.Ed.
B.Ed
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

# जुड़वां भाई फरदान और जव्वाद ने पास की नीट परीक्षा

**पीलीभीत, अमृत विचारः** लिटिल एंजेल्स स्कूल से वर्ष 2023-24 में इंटरमीडिएट पास करने वाले छात्र मोहम्मद फरदान व जव्वाद ने नीट परीक्षा पास की है। उनके परिवार में खुशी है। वहीं, कॉलेज प्रबंधन ने भी हर्ष जताया और बधाई दी है।

शहर के रहने वाले यासीन खान और नसीम जहां के सुपुत्र फरदान व जव्वाद दोनों जुड़वा भाई हैं। दोनों ने अपने द्वितीय प्रयास में नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। फरदान ने 524 अंक प्राप्त करके नीट ऑल इंडिया रैंक 28730 और जनरल कैटेगरी रैंक 11310 हासिल की। इसी प्रकार जव्वाद ने 573 अंक प्राप्त करके नीट ऑल इंडिया रैंक 4853 एवं जनरल कैटेगरी रैंक 2397 हासिल की है। परिणाम आने के बाद उनके घर में खुशी का माहौल है। पिता का कहना है कि विद्यालय स्तर पर भी बच्चों ने बहुत मेहनत की और उसके बाद भी पढ़ाई का वही क्रम रहा। उनकी कड़ी मेहनत से ही यह परिणाम मिला है। इस सफलता पर लिटिल एंजेल्स स्कूल में भी खुशी का माहौल रहा।



मोहम्मद फरदान।



मोहम्मद जव्वाद।

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश
I.T.I. - Fitter, Electrician, Copa, Welder

## एक नजर

### सड़क हादसों में पांच घायल, तीन रेफर

**अमृत विचार, गोला गोकर्णनाथ :** क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां से पांच को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव परेली निवासी भगवानदीन कश्यप (50), मोहम्मदी झारा निवासी अभय(25), नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी बसंतू (52), बघमरा निवासी बलराम (53), रायपुर निवासी छुटन्ने (60) सड़क हादसें में गंभीर घायल हो गए। सीएससी से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर भांपकर डॉक्टरों ने अभय, बलराम और छुटन्ने को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### इमलिया फॉर्म से मोटर चोरी, दी तहरीर

**अमृत विचार, पलिया कलां :** शारदा नदी पार इमलिया फॉर्म निवासी सिमरनजीत सिंह के फार्म पर करीब 20000 रुपये की कीमत की लगी एक बिजली मोटर शनिवार की रात चोर खोल ले गए। सुबह होने पर फार्मर जब मौके पर पहुंच मोटर गायब मिली। उन्होंने मोटर चोरी होने की तहरीर भीरा पुलिस को दी है।

# लखीमपुर-गोला हाइवे बंद, दूरी से बढ़ी परेशानी

## वाहनों का आवागमन बंद होने से दर्जनों गांवों के लोग परेशान, पगडंडियों से होकर पहुंच रहे गोला और लखीमपुर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** पीलीभीत बस्ती पर लखीमपुर से गोला के बीच 30 जून तक हाईवे पर वाहनों का आवागमन बंद है, जिससे इस बीच के दर्जनों गांवों के लोगों की मुश्किलें बढ़ने से गोला एवं लखीमपुर दूर हो गया है। हाईवे बंद होने से इन गांवों का कारोबार तक प्रभावित है। दुकानदार बताते हैं कि माल मंगाने के लिए वाहन कई किलोमीटर घूमकर आते हैं। इससे डीजल खर्च बढ़ने से भाड़ा बढ़ा है, जिससे कारोबार में नुकसान होना शुरू हो गया है।

नेशनल हाइवे- 730 पर लखीमपुर गोला के बीच वाहनों का आवागमन बंद होने से इस रूट के सैकड़ों गांवों के ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इसकी एक वजह ट्रेनों की सीमित संख्या होना है। लखीमपुर से लेकर गोला आने जाने वाले दैनिक यात्रियों एवं अन्य ग्रामीणों को आने जाने में मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी वजह गांवों से होकर कई किलोमीटर का चक्कर



रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के लिए हो रहा काम। ● अमृत विचार



वाहनों के आवागमन के लिए गोला में बंद रेलवे क्रॉसिंग। ● अमृत विचार

लगाना है। सबसे ज्यादा दिक्कत उन लोगों को है, जिनके लिए सिर्फ रोडवेज और टैक्सी ही आवागमन का एक मात्र सहारा थीं।

केशवापुर, शहबुदियापुर, भल्लिया, मुर्तिहा आदि स्टापेज के इर्द-गिर्द दर्जनों गांव हैं, जिनके ग्रामीण इन स्थानों से बस व टैक्सी पकड़कर लखीमपुर और गोला आते जाते थे, मगर अब आठ से दस किलोमीटर दूर स्थित रजागंज एवं भल्लिया जाकर ट्रेन पकड़ने के लिए मजबूर हैं। वहीं सुबह 10 बजे लखीमपुर पहुंचने के लिए ट्रेन न होने से कोर्ट-कचहरी से लेकर अस्पताल आदि आने वालों को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि बस आदि के चलने से ये लोग 10 बजे तक जिला मुख्यालय पर पहुंच जाते थे।



रजागंज निवासी अधिवक्ता मिथलेश कुमार मिश्रा बताते हैं कि सिविल कोर्ट लखीमपुर प्रतिदिन आना जाना रहता है। जब हाइवे बंद हुआ है, तब से मुश्किलें बढ़ गईं। सुबह 10 बजे लखीमपुर पहुंचने के लिए कोई ट्रेन नहीं है। ऐसे में बाइक से गावों से होकर लखीमपुर पहुंचने के लिए मजबूर हैं।



करनपुर निवासी अयाज खां ने बताया कि हाइवे के बंद होने से मुश्किलें बढ़ गई है। सीतापुर एवं लखनऊ जाने के लिए गोला या फिर लखीमपुर से बस पकड़नी पड़ती है। जो ट्रेनें हैं, उनमें एक सुबह साढ़े 5 बजे और दूसरी दोपहर में। 8 व 9 बजे एक ट्रेन लखनऊ के लिए हो जाए तो आराम रहेगा।



गांव सौंठन निवासी हिमांशु गुप्ता का कहना है कि रास्ता बंद होने का असर कारोबार पर दिखने लगा है। सामान मंगाने पर कई गांव के चक्कर काटकर वाहन आते हैं। इससे डीजल की खपत बढ़ने से भाड़ा बढ़ रहा है। वहीं तमाम वाहनों के चालक गांव की गलियों से होकर माल लाने से मना कर देते हैं।

# सावन से पहले कॉरिडोर सौंदर्यीकरण को मिलेगी रफ्तार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** सावन माह में उमड़ने वाली आस्था की बयार को देखते हुए छोटी काशी में कॉरिडोर सौंदर्यीकरण के निर्माण कार्यों की रफ्तार अब और तेज़ होगी। रविवार की सुबह विधायक अमन गिरि और सीडीओ अभिषेक कुमार ने कॉरिडोर परिसर का पैदल भ्रमण कर प्रगति की ज़मीनी हकीकत परखी और कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को कड़े निर्देश दिए।

सीडीओ अभिशेक कुमारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था से कोई समझौता नहीं होगा। पाथवेज, ड्रेनेज और नाली निर्माण हर हाल में सावन शुरू होने से पहले पूर्ण हो जाएं।' विधायक अमन गिरि ने कार्यस्थल पर मौजूद अधिकारियों को चेताया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को बरसात में किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के समय एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, तहसीलदार सुखवीर सिंह, नायब तहसीलदार सर्वेश यादव, यूपीपीसीएल के अवर अभियंता नितिन कुमार सिंह समेत संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



गोला में कॉरिडोर सौंदर्यीकरण के कार्यों का जायजा लेते विधायक और सीडीओ।

# कार्यकर्ताओं की डिजिटल वेबसाइट का आज किया जाएगा विमोचन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष और भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष उमाशंकर मिश्र का कार्यकर्ताओं को उनकी पहचान दिलाने का सपना सोमवार को पूरा हो जाएगा। पूर्व डिप्टी सीएम और राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा डिजिटल वेबसाइट का विमोचन करने के साथ ही कार्यकर्ताओं को उनका परिचय पत्र सौंपेंगे।

पूर्व उपाध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं की फोटो, नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ संग्रहणीय पत्रिका, वेबसाइट और हर सदस्य का परिचय पत्र बनवाया है। इसके लिए उन्होंने भाजपा के प्रत्येक मंडल के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं का डॉटा जुटाया। इसके बाद उसे संग्रहीत किया। साथ ही भाजपा के इतिहास के साथ अनेक जानकारियों को जुटाकर न सिर्फ पत्रिका तैयार की, बल्कि वेबसाइट भी बनाई, जिसमें एक क्लिक से ही जिले की किसी विधानसभा के किसी मंडल के बूथ कार्यकर्ता की जानकारी जुटाई जा सकती है। साथ ही कार्यकर्ताओं के लिए डिजिटल परिचय पत्र भी तैयार किया है। इससे कार्यकर्ताओं को पहचान मिलेगी, लेकिन लंबे समय से पार्टी के वरिष्ठ नेता का समय न मिल पाने के कारण लोकार्पण का इंतजार था। सोमवार को दोपहर 12 बजे पूर्व उप मुख्यमंत्री और राज्य सभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा मेला मैदान रोड स्थित शिव शक्ति पैलेस में पत्रिका व डिजिटल वेबसाइट का विमोचन करेंगे। साथ ही कार्यकर्ताओं को परिचय पत्र सौंपकर उनका सम्मान करेंगे।

### कार्यकर्ताओं के सम्मान का सपना पूर्ण हुआ : उमाशंकर



भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष उमाशंकर मिश्र का कहना है कि उन्होंने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता के नाम से स्मारिका बनाई है, जिसमें कार्यकर्ताओं की पहचान दी है। साथ ही वेबसाइट बनाई है, जिसमें हर कार्यकर्ता को पहचान दी गई है। साथ ही जिले में पहली बार भाजपा के कार्यकर्ताओं को पहचान पत्र मिल सकेगा। यह पहचान पत्र पूर्व डिप्टी सीएम और राज्य सभा सांसद के हाथों दिलाने का उनका सपना सोमवार को पूर्ण होने जा रहा है, जिससे वह गौरवान्वित हैं।

# परिवारिक कलह से रिश्तों में दरार, 10 दंपतियों में कराई सुलह

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में थानाध्यक्ष महिला थाना श्रद्धा सिंह ने काउंसलर नीति गुप्ता व कय्यूम ज़रवानी के सहयोग से 10 जोड़े पति-पत्नी की काउंसलिंग के जरिए विदाई कराकर बिखरते परिवारों को पुनः जोड़ने का कार्य किया गया।

दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साक्षी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के शिकायती प्रार्थनापत्रों में काउंसलर ने छह मामले, जिसमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था, उन्हें सोचने समझने के लिए दोनों पक्षों की सहमति से समय दिया गया है। सुलह से विदाई करने में उपनिरीक्षक योगेंद्र प्रताप सिंह , मुख्य महिला अर्पणा, महिला आरक्षी बबली पवार का सहयोग रहा।

# रास्ते से अवैध कब्जा हटाने को दो दिन का दिया अल्टीमेटम

संवाददाता, संपूर्णानगर

- एसडीएम की मौजूदगी में राजस्व टीम ने किया सीमांकन

**अमृत विचार:-** एसडीएम पलिया रत्नाकर मिश्रा ने नेतृत्व में राजस्व टीम भारी पुलिस बल और जेसीबी के साथ गांव बसही कॉलोनी के मजरा भूदान पहुंची। टीम ने रास्ते की पैमाइश कर सीमांकन किया और अवैध कब्जेदारों को दो दिन के अंदर कब्जा हटाकर रास्ते को खाली करने की चेतावनी दी। इससे बरसों से काबिज अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

भूदान गांव से खेतों की तरफ जाने वाली एक कच्ची सड़क के एक ओर राकेश यादव उर्फ बबलू नेता व उसके परिवार का खेत है। वहीं दूसरी तरफ दधिबल का खेत है। दोनों ने रास्ते को काटकर खेत में मिला लिया था।

> बसही के मजरा भूदान में रास्ते के विवाद को सुलझाकर सीमांकन कर दिया गया है। राकेश यादव की झोपड़ी रास्ते में आ रही थी, जिसे हटाने का उन्हें दो दिन का समय दिया गया है।
> – **रत्नाकर मिश्रा एसडीएम**, पलिया

इससे रास्ता बंद हो गया था। ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम रत्नाकर मिश्र के नृत्व में राजस्व की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। दोनों आरोपियों के खेतों की नपाई करने के बाद रास्ते का सीमांकन किया गया। ट्रैक्टर एवं जेसीबी की मदद से सीमांकन की गई भूमि को समतल बनाकर आवागमन के लिए सुगम बनाया। हालांकि राकेश कुमार यादव उर्फ बबलू नेता की रास्ते पर बनी झोपड़ी नुमा मुर्गी फार्म एवं दुकान को नहीं हटाया गया। एसडीएम ने झोपड़ियों को हटाने के लिए राकेश को 16 जून 2025 तक का समय दिया है।



सीमांकन करती राजस्व विभाग की टीम ● अमृत विचार

सीमांकन के दौरान ग्रामीणों ने टीम से रास्ता भरवाने की मांग की तो उन्होंने प्रधान से प्रस्ताव बनाकर रास्ता भरवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान सीओ यादवेंद्र यादव, नायब तहसीलदार हर्ष निशांत, लेखपाल विनीत कुमार, शैलेन्द्र सिंह, अजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। क्षेत्र पंचायत की पूर्व सदस्य मीरा देवी ने बताया रास्ते का विवाद लगभग डेढ़ दशक से चला आ रहा है। रास्ते पर खड़ंजा लगवाने के लिए ईंटें भी मंगवाई गईं, लेकिन विवाद के चलते रास्ता नहीं बन पाया।

# अमरेंद्र प्रताप सिंह बने बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ की प्रांतीय कोर कमेटी ने कंपोजिट विद्यालय कैलाश नगर, विकासक्षेत्र रमियाबेहड़ के सहायक अध्यापक अमरेंद्र प्रताप सिंह को लखीमपुर खीरी का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है।



वे संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाएंगे व शिक्षक हितों को बल देने के लिए कार्य करेंगे। यह जानकारी संघ के प्रदेश नेतृत्व की तरफ से जारी विज्ञप्ति में दी गई है। अमरेंद्र प्रताप सिंह के बीटीसी शिक्षक संघ का जिलाध्यक्ष बनने पर संघ के पदाधिकारियों समेत शिक्षक साथियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है और उम्मीद जताई है कि वह पूरी ऊर्जा के साथ शिक्षक हित में कार्य करेंगे।

# हर विस क्षेत्र में 10-10 करोड़ से बनेगी रोड

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिले की आठों विधानसभा क्षेत्र में 10-10 करोड़ की लागत से सड़कें बनेंगी। लोक निर्माण विभाग ने विधायकों की प्राथमिकता वाली 118 सड़कों का नाम लेकर प्रस्ताव शासन को स्वीकृति के लिए भेज दिया है। इसके लिए 80 करोड़ रुपये का बजट मिलने जा रहा है।

हर विधानसभा क्षेत्र को इस धनराशि से 10-10 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। जिले में लिंक मार्गो को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले रास्ते और गांव की सड़कों के निर्माण पर जोर है।

पिछले एक दशक में जिले की अधिकांश सड़कें दुरुस्त की जा चुकी हैं। प्रांतीय खंड, सीडी वन और सीडी थ्री में 500 या उससे अधिक आबादी वाले दो हजार से अधिक लिंक मार्गों का डामरीकरण किया गया है। सरकार का जोर है कि लिंक मार्गों



निघासन क्षेत्र में झंडी रोड से छीटनपुरवा, परागीपुरवा जाने वाला लिंक मार्ग।

- विधायकों की प्राथमिक वाली सड़कों को किया शामिल
- हर विधानसभा क्षेत्र 10 से 12 किमी. तक सड़कों का होगा निर्माण

से जुड़े ऐसे गांव जिनकी आबादी 150 या उससे ऊपर है, उन रास्तों का भी डामरीकरण किया जाए। इसी के तहत लोक निर्माण विभाग ने आठों विधायकों से उनकी प्राथमिकता वाली सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। इन सड़कों के निर्माण से गांवों में आवागमन और सुगम हो जाएगा।

> विधायकों की प्राथमिकता वाली कच्ची और खड़ंजे वाली सड़कों का चयन कर प्रस्ताव भेज दिया गया है। बजट आवंटन का इंतजार है। इसके बाद सड़कों का नव निर्माण कार्य तेजी से कराया जाएगा।
> – **कौशल किशोर झा**, अधिशासी अभियंता सीडी वन

# मरम्मत न होने से सात साल में ही उखड़ी सड़क

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचारः** सात साल पहले बेलरायां चीनी मिल के गन्ना विकास विभाग से बनाई गई पचपेड़ा से खैरहनी जाने वाली सड़क मरम्मत न होने के अभाव में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क पर डामर का नामोनिशान नहीं रह गया है। पत्थर और बजड़ी के बीच निकलना किसी खतरे से खाली नहीं हैं। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने डीएम से सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है।

गांव पचपेड़ा से खैरहनी जाने वाला मार्ग का निर्माण तत्कालीन चीनी मिल उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह के प्रयासों के बाद वर्ष 2018 में बनकर तैयार हुई थी, लेकिन सात साल गुजर जाने के बाद सड़क की मरम्मत का कार्य नहीं



जर्जर हालत में पचपेड़ा-खैरहनी मार्ग। ● अमृत विचार

- डामर का पता नहीं, पत्थर और बजड़ी के बीच निकलना मुश्किल


हुआ, जबकि यह क्षेत्र की प्रमुख सड़क है, जो ग्राम पंचायत धर्मापुर से खैरहनी होते हुए पलिया-निघासन स्टेट हाईवे को जोड़ती है। मार्ग काफी जर्जर मार्ग होने से ग्रामीणों को निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग जान जोखिम में डालकर पलिया-निघासन स्टेट हाइवे पर आते- जाते है। रोड खराब होने से वाहनों की तो दुर्दशा होती है।

साथ ही वाहन स्वामियों की गाड़िया भी पलट जाती है, जिससे लोग चोटिल भी हो जाते है। ग्रामीणों ने सड़क के पुर्न निर्माण के लिए जिले के अधिकारियों से लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से भी शिकायत की, मगर किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। क्षेत्र के सच्चिदानंद, हरीश, शिवशंकर, सचेत, सौरभ, रवि, अंकित, सुधीर आदि का कहना है कि सात साल रोड बने हो गए है, लेकिन अभी तक जर्जर मार्ग पर पुनः निर्माण नहीं कराया गया है। वहीं ब्लॉक प्रमुख पति अमनदीप सिंह ने बताया कि इस रोड का प्रस्ताव गन्ना विकास परिषद बेलरायां ने वर्ष 2017 में दिया था।

उस समय मैं चीनी मिल का उपाध्यक्ष था। उस प्रस्ताव पर 2018 में रोड बनकर तैयार हो गई थी। जब से चीनी मिल ने किसानों से सड़क मद में होने वाली कटौती बंद कर दी है। तभी से गन्ना विकास विभाग बेलरायां ने मिल क्षेत्र की सभी सड़कों को पीडब्ल्यूडी विभाग का सौंप दिया था। इब इन मार्गों पर कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग ही कराएगा।



सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक

डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)

डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177


# खट्टी- मीठी यादों के साथ पर्यटन सत्र समाप्त

## दुधवा नेशनल पार्कः सैलानियों को गैंडों, बाघों सहित अन्य वन्यजीवों के हुए दीदार

संवाददाता पलिया कलां

**अमृत विचार :** विविध जैव विविधता के लिए समूचे विश्व में विख्यात दुधवा नेशनल पार्क व किशनपुर वन्यजीव विहार का वर्तमान पर्यटन सत्र अनेक खट्टी- मीठी यादगारों के साथ रविवार की शाम समाप्त हो गया। अब यह आगामी 15 नवंबर को खोला जाएगा। इस बीच यहां गैंडों, बाघों एवं अन्य वन्य पशुओं की संख्या में हुई खासी वृद्धि के चलते दुधवा घूमने आने वाले यात्रियों को उनके जहां खूब दीदार हुए। वहीं प्रदेश की राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित कई मंत्रियों व उच्च अधिकारियों का आगमन भी इस पर्यटन सत्र का यादगार बना। कई बाघों व गैंडों आदि की मौत व कई वन्य जंतु अंगों सहित पकड़े गए शिकारियों , तस्करों व लकड़कट्टों ने दुधवा को भारी नुकसान भी पहुंचाया। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रदेश का एक ऐसा इकलौता टाइगर रिजर्व है जहां देश-विदेश से आने वाले सैलानियों को काफी आराम से विविध मनोरम प्राकृतिक दृश्यों के अलावा बाघ, तेंदुआ, हाथी, गैंडा, भालू ,बारहसिंगा, चीतल, पाढ़ा, काकड़ आदि दुर्लभ वन्य पशु व सैकड़ों प्रजातियों के रंग-बिरंगे प्रवासी - अप्रवासी पक्षी देखने को मिल जाते हैं । यही कारण रहा कि 6 नवंबर 2024 को प्रारंभ हुए यहां के वर्तमान पर्यटन सत्र में कुल 57373 पर्यटक रविवार तक दुधवा राष्ट्रीय उद्यान व किशनपुर सेंचुरी में घूमने आए।

इनमें 644 विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। जिनसे कुल 18520398 रुपये की आय इस सत्र दुधवा टाइगर रिजर्व को हुई। यह जानकारी दुधवा टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक डॉ रंगा राजू टी ने दी है। किशनपुर वन्य जीव प्रतिपालक धर्मेंद्र द्विवेदी ने बताया कि दुधवा टाइगर रिजर्व के किशनपुर वन्यजीव विहार में पर्यटन सत्र के अंतिम दिन रविवार को भी पर्यटकों को बाघ के दीदार हुए। इससे पर्यटक काफी उत्साहित हुए एवं अगले सत्र पुनः आने की बात कह कर रवाना हुए।

- प्रदेश की राज्यपाल व मुख्यमंत्री सहित 57373 पर्यटकों ने की सैर
- किशनपुर सेंचुरी में पर्यटकों ने रविवार को भी देखा बाघ


जंगल में विचरण करते गैंडे।


रविवार को दुधवा देखने आए पर्यटकों के साथ वनकर्मी। ● अमृत विचार

### पर्यटन सत्र में दुधवा की ये रहीं विशेष उपलब्धियां

दुधवा के दक्षिण सोनारीपुर रेंज की 27 वर्ग किमी तारवाड़ से यहां चार गैंडों को रेडियो कॉलर लगाकर स्वच्छंद खुले जंगल में छोड़ने का प्रयास सफल हुआ। वहीं एक सींग वाले 46 गैंडों की संख्या यहां 51 तक इस सत्र में जा पहुंची। दुर्लभ प्रजाति का बेल सांप भी इसी सत्र यहां पाया गया। साथ ही कांड नारस सेंड सांप भी मृत दशा में यहां पहली बार देखा गया। बाघों, तेंदुओं एवं हिरनों आदि वन्य पशुओं की संख्या में वृद्धि के चलते पर्यटकों को इस बार इनके खूब दीदार हुए ।पर्यटकों के लिए लखनऊ से दुधवा हवाई सेवा भी इसी सत्र प्रारंभ हुई, किंतु यह कतिपय कारणों से इन दिनों स्थगित चल रही है।

### इस पर्यटन सत्र में पार्क को ये क्षति भी हुई

12 दिसंबर 2024 को जहां एक नर गैंडा शिशु यहां मृत पाया गया, वहीं ग्राम फुलवरिया में दो ग्रामीणों को मरणासन्न करने वाली बाघिन को ग्रामीणों ने मौत के घाट उतार दिया। मैलानी रेंज में भी बाघ का सड़ा गला शव इसी सत्र मिला । मझगई रेंज में मजदूर का शिकार करने वाला बाघ 13 नवंबर 2024 को पकड़ दूसरे जंगल में छोड़ा गया । उधर यूपी एसटीएफ बरेली की टीम ने स्थानीय वनकर्मियों के साथ क्रमशः 19 अक्टूबर 2024 एवं 17 अप्रैल 2025 को पकड़े गए वन्य जंतु अंग तस्करों से बाघ के कई दांत, नाखून व जबड़े की हड्डियां बरामद कीं।


दुधवा नेशनल पार्क का प्रवेश द्वार।


सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरूष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरूवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559



BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



Admission Open
Session 2025-26
BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


# मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का चल रहा अमृत काल

संवाददाता, मितौली

**अमृत विचार:** ब्लॉक परिसर के प्रमुख कक्ष में सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा के मितौली मंडल की विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन मंडल अध्यक्ष मन्ना लाल की अध्यक्षता में किया गया। भाजपा नेता मुख्य अतिथि अमित सिंह ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृत काल चल रहा है

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. पंडित दीन दयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर की गई। मुख्य अतिथि अमित सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सर्वेश सिंह, किसान साधन सहकारी समिति अध्यक्ष सचिन शुक्ल, अखिलेश मिश्र ने कार्यक्रम में अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए यात्रियों की आत्मा शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा। मुख्य अतिथि अमित सिंह ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृत काल चल रहा है। मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में सशक्तता हासिल की है। मोदी सरकार के द्वारा समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए लाई गई योजनाओं का लाभ पूर्ण रूप से समाज के हर वर्ग को मिला है। पूर्व मंडल अध्यक्ष सर्वेश सिंह ने कहा कि 11 वर्षों का मोदी सरकार का भारत को विकसित करने का कार्य निरंतर जारी है।

चाहे रक्षा क्षेत्र हो या आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में किए गए कार्य संपूर्ण विश्व के सामने है। मितौली भाजपा अध्यक्ष मन्ना लाल राठौर ने मोदी सरकार की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। संचालक राम गोपाल अर्कवंशी ने मोदी सरकार की उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान अनूप यादव, नितीश गुप्ता, उत्तम पांडेय, विश्राम मौर्य, कमलेश पाल, प्रांशु मिश्र आदि मौजूद रहे।

- 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा विकसित भारत संकल्प सभा का हुआ आयोजन


विकसित संकल्प सभा में मौजूद भाजपा नेता। ● अमृत विचार

# लीफ आर्टिस्ट ने पत्ती पर कटिंग करके दी फादर्स डे की बधाई

**रोशननगर, अमृत विचारः** कस्बा अलीगंज के समीप गांव मुस्तफाबाद निवासी कल्पना तिवारी ने पीपल के पत्ते पर माता पिता की आकृति उकेरकर पितृ दिवस की बधाई दी है।

कल्पना ने बताया कि वैसे तो प्रत्येक दिन माता-पिता का दिन है। दुनिया में हर रिश्ते बनाए जा सकते है किन्तु माता पिता की जगह कोई नहीं ले सकता, न ही उनके जैसा निस्वार्थ प्यार कोई कर सकता है। पितृ दिवस पिता के सम्मान, पितृत्व, और समाज में उनके योगदान को याद करने के लिए मनाया जाता है। समय समय पर लीफ आर्टिस्ट कल्पना तिवारी अपनी कला से विभिन्न त्योहारों एवं दिवसों को पत्तियों पर उकेरकर अपनी कला प्रदर्शित करती है। कल्पना तिवारी पूरे जिले में जानी-पहचानी जाती हैं।


पत्ते पर उकेरी आकृति।

### इमिलिया गुरुद्वारे में सजा दीवान



**पलिया कलां, अमृत विचार :** बरसात में शारदा नदी कटान रोकने एवं सर्व सुख शांति के लिए अरदास करते हुए इमलिया फॉर्म गुरुद्वारे में दीवान सजा ।इस मौके पर गुरुद्वारा ग्रंथी बाबा हरजीत सिंह एवं कथावाचकों ने सिक्ख बलिदानियों की कथा सुनाई। जिसकी समाप्ति पर शरबत पिलाया गया और लंगर का प्रसाद बंटा। इस मौके पर सरदार रूप सिंह, मनरूप सिंह ,पप्पू सिंह, मनदीप सिंह ,सिमरन संत आदि बड़ी संख्या में सिक्ख संगत मौजूद रही।

### नौ दलों ने मिलकर बनाया है अजपा गठबंधन

**पलिया कलां, अमृत विचार :** अपनी जनता पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य रविवार को पलिया कलां पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। पलिया गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक भी की। बैठक में उन्होंने कहा कि लोक मोर्चा के नाम से नौ दलों ने मिलकर गठबंधन किया है। गठबंधन पूरे जोर शोर से प्रदेश का अगला विधानसभा चुनाव लड़ेगा। इस दौरान पार्टी के प्रदेश सचिव सैयद मकसूद अली गुड्डू, दिलीप मौर्य, अमित मौर्य, आदित्य मौर्य, अभिषेक कनौजिया, संजय मौर्य, प्रेम प्रकाश , हरजीत मौर्य, राजन, शत्रोहन मौर्य आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गोला : योग के रंग में रंगी छोटी काशी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** पौराणिक शिव मंदिर के निकट नीलकंठ मैदान में रविवार की सुबह शिवत्व और स्वास्थ्य का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नागरिकों के साथ योग किया। योग सप्ताह का शुभारंभ विधायक अमन गिरि, सीडीओ अभिषेक कुमार और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक, सीडीओ और चेयरमैन ने अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन के साथ सामूहिक योगाभ्यास कर संदेश दिया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि समग्र जीवनशैली का विज्ञान है। योग के मास्टर ट्रेनर शशिकांत दीक्षित, योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा ने योग शिक्षक अमित शुक्ला, पूजा पांडे के साथ प्रतिभागियों को योगा प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर व्यापक स्तर मनाया जा रहा है। विधायक अमन गिरि ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य देन है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन से जीवन में पूर्णता लाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज पूरी दुनिया योग को अपना चुकी है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भारत की सोच और नेतृत्व की वैश्विक स्वीकृति का प्रतीक है।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि योग केवल शरीर संचालन का माध्यम नहीं, बल्कि आत्म संवाद और प्रकृति से जुड़ने का मार्ग है। यह हमारी जीवनशैली को संतुलित और जागरूक बनाता है। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे जिले में बड़े स्तर पर मनाया जाएगा।

पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों से अपील की कि वह अपने घर के सदस्यों एवं अन्य लोगों को योग करने हेतु प्रेरित करें। योग के महत्व को बताते हुए इसको वसुधैव कुटुंबकम की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला तथा पूरी मानवता को एक साथ जोड़ने के एक सशक्त माध्यम के रूप में रेखांकित किया। इस दौरान एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, तहसीलदार सुखवीर सिंह, बीडीओ ऋषिकांत अहिरवार, युवा भाजपा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी, सुरजन लाल वर्मा, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. शैलेश प्रताप सिंह, डॉ विनोद कुमार वर्मा, डॉ डालचंद, डॉ सुदीप तिवारी सहित तमाम योग साधक मौजूद रहे। संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरवंश कुमार ने किया।


गोला में योग सप्ताह के शुभारंभ पर योगा करते विधायक, पालिकाध्यक्ष और सीडीओ।

### कृषि महाविद्यालय कैंपस में योग सप्ताह शुरू



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कैंपस कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के लिये 15 जून से 21 जून तक आयोजित किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा भारतीय नागरिकों के बीच योग जागरूकता को बढ़ावा देना है। योग सप्ताह का शुभारंभ सह प्राध्यापक डॉ. एके पांडे और डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने किया। डॉ एके पांडे ने लोगों को योग को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाते हुए बताया कि हम योग को अपनाकर लंबे समय तक स्वस्थ रह सकते हैं। डॉ विनोद कुमार वर्मा ने कहा आजकल लोगों को बहुत सी बीमारियां हो रही है, अगर आप लोग रोज योग कर रहे हो, तो इसका निश्चित ही लाभ मिलेगा। योग प्रशिक्षक कौशलेंद्र मिश्रा, पूजा पांडे ने विभिन्न बीमारियों में योग से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और सामूहिक योग प्रोटोकॉल में योग पूर्वाभ्यास कराया गया। सूक्ष्म व्यायाम के साथ वज्रासन, पवन मुक्त आसन एवं विभिन्न प्राणायाम के लाभ के बारे में बताया गया। इस मौके पर डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ संजय कुमार त्रिपाठी, डॉ संदीप कुमार, डॉ हिमांशु मिश्रा सहित 90 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## सार-संक्षेप

### शबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाकर की सेवा



**महंगापुर, अमृत विचार :** पलिया संपूर्णानगर मार्ग के गदनिया चौराहे पर ग्राम प्रधान जितेंद्र सिंह लाडा की अगुवाई मे सेवादारों ने शबील लगाकर भीषड़ गर्मी मे राहगीरों का ठंडा पिलाकर सेवा की। श्री गुरु अर्जुनदेव शहीदी पर्व पखवाड़े विशाल शबील लगाई गई। गर्मी से परेशान आने जाने वाले राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाने की बढ़ चढ़ कर सेवा की गई। इस मौके पर मंजीत सिंह, बलवीर सिंह, जपनीत सिंह, मंगा सिंह, जंटी सिंह, जॉनी सिंह, मंगा लाडा, हरदयाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ एनसीसी कैंप का समापन



**पलिया कलां, अमृत विचार :** 26 यूपी एनसीसी बटालियन के कैंप का सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन हुआ। इस दौरान कैडेट्स के मनोरंजन एवं मनोबल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक कैडट्स ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैंप कमांडेंट कर्नल चित्र सेन ने की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सामूहिक गीत, सामूहिक नृत्य, नाटक व एकल प्रस्तुतियां विशेष रूप से सराही गईं। कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत थारू डांस देख सभी तालियां बजाने को विवश हुए। प्रत्येक प्रस्तुति में कैडेट्स का आत्मविश्वास, देशभक्ति की भावना व अनुशासन देखते ही बन रहा था। सीनियर डिवीजन के कैडेट अनुराग, बीबीएलसी इंटर कॉलेज, खमरिया को बेस्ट कैडेट घोषित किया गया, वहीं सीनियर डिवीजन की कैडेट पूजा यादव, पब्लिक इंटर कॉलेज, संपूर्णानगर को बेस्ट कैडेट का खिताब मिला। कमांडेंट लेफ्टिनेंट सुरविंद कुमार ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला, पब्लिक इंटर कॉलेज संपूर्णानगर, सरजू सरस्वती विधा मंदिर इंटर कॉलेज बेलरायां आदि कॉलेजों के कैडेट ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का समापन हम सब भारतीय हैं, एनसीसी गीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ।

### पितृ दिवस पर एसएसबी जवानों ने बच्चों को कंधे पर बिठाया



**महंगापुर, अमृत विचार :** एसएसबी 39वीं वाहिनी गदनिया पलिया कलां में पितृ दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हें मुन्ने बेटे बेटियों ने बधाई पाकर वाहिनी के जवानों ने अभिभूत होकर उन्हें अपने कंधों पर बैठाकर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व कमांडेंट रवींद्र कुमार राजेश्वरी ने किया। कमांडेंट ने समाज एवं परिवार में पिताओं की भूमिका को सम्मान पूर्वक स्मरण करते हुए उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान वाहिनी परिसर में रहने वाले बल कर्मियों के बच्चों के बीच मिठाइयों एवं चॉकलेट का वितरण किया गया। यह पहल बल और उनके परिवारों के बीच आत्मीयता एवं आपसी जुड़ाव को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास रहा।

# भेड़िए के हमले में बालिका समेत दो जख्मी

## मझगईं थाना क्षेत्र के बेला कलां गांव में दहशत, घरों से बाहर निकलने से डर रहे बच्चे

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचार:** थाना मझगईं क्षेत्र में बाघ और तेंदुए के बाद अब भेड़िए का आतंक शुरू हो गया है। रविवार तड़के गांव बेला कलां में भेड़िए ने लघुशंका कर घर आ रही 11 वर्षीय बालिका पर हमला कर दिया और उसे खींचकर ले जाने की कोशिश की, जिससे वह घायल हो गई। वहीं गांव का ही एक अन्य युवक भी भेड़िए के हमले में घायल हुआ है। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गांव बेला कलां निवासी सनातन मौर्य की पत्नी ज्ञान देवी ने बताया कि रविवार तड़के करीब 4 बजे उनकी पुत्री सुकन्या (11) लघुशंका करने घर से बाहर गई थी। वापस आते समय उसने घर में घुसने की कोशिश की। इसी बीच भेड़िए ने सुकन्या पर हमला कर दिया और उसका दाहिना पैर अपने



भेड़िए के हमले में घायल सुकन्या।

मुंह में दबाकर खींचकर ले जाने की कोशिश करने लगा। सुकन्या के चीखने-चिल्लाने पर परिवार के लोग जाग गए और लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे तो देखा कि भेड़िए उनकी पुत्री को खींचकर ले जाने की कोशिश कर रहा है। यह देख उनके होश उड़ गए।

किसी तरह से लाठियां फटकार कर उन्होंने भेड़िए के चंगुल से बच्ची को छुड़ाया। घटना के बाद तमाम ग्रामीण भी मौके पर आ गए। पूरे गांव में दहशत व्याप्त हो गई। बालिका के के पैर में दो जगह गहरे जख्म हो गए हैं। उधर शनिवार की रात गांव का ही मुन्ना (28) भी भेड़िए का शिकार हो गया। मुन्ना ने बताया कि वह रात करीब 10 बजे लघुशंका के लिए घर से बाहर निकले थे। वह कुछ समझ पाते कि इससे पहले ही पीछे से आए भेड़िए ने हमला बोल दिया और उनका बाया पैर अपने मुंह में दबाकर खींचने की कोशिश की। यह देख उसके होश उड़ गए। मुन्ना ने शोर-शराबा करते हुए किसी तरह खुद को भेड़िए के चंगुल से छुड़ाया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, ग्रामीणों ने भेड़िए के हमले की जानकारी वन विभाग को दी।

सूचना पाकर वन दरोगा मनोज यादव के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। वनाधिकारियों का कहना है कि हमला करने वाला हिंसक जीव भेड़िया है या कोई अन्य वन्यजीव, अभी यह कह पाना मुश्किल है।

### अंधेरा होने से पहले ही घरों में दुबक रहे बच्चे

बेला कलां और उसके आसपास के गांवों में भेड़िए का डर इस कदर लोगों के जेहन में बैठ गया है कि लोग अंधेरा होने के बाद घरों से बाहर निकलने में घबरा रहे हैं। उन्हें आशंका रहती है कि पता नहीं कहां पर भेड़िया उन पर हमला कर दे। सबसे अधिक दहशत छोटे बच्चों में है। शाम ढलते ही बच्चे घरों में दुबक जाते हैं और बाहर नहीं निकलते हैं। अंधेरा होते ही गांव में सन्नाटा पसर जा रहा है।

> वन दरोगा मनोज यादव, वाचर कलाम आदि को मौके पर भेजा गया था। मौका मुआयना किया गया है। हमला करने वाला भेड़िया है या कोई अन्य जानवर, इसकी जांच की जा रही है। अगर भेड़िया है, तो जल्द पता चल जाएगा। लोगों से सतर्क रहने को कहा गया है। **-अंकित सिंह**, वन क्षेत्राधिकारी, वन रेंज मझगईं

# चोरियां रोकने में नाकाम प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **एनआईए में स्थानांतरित गोला कोतवाल कार्यमुक्त**

**अमृत विचार:** थाना मैगलगंज क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने और खुलासे में नाकाम रहने पर एसपी ने मैगलगंज के प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार पांडेय को लाइन हाजिर कर दिया है। वहीं पहले से ही स्थानांतरित गोला कोतवाल को भी कार्य मुक्त कर दिया गया है। हालांकि दोनों जगहों पर अभी तक किसी की तैनाती नहीं की गई है।

जिले में पिछले दिनों पसगवां, मैगलगंज, फरधान, नीमगांव, खीरी, धौरहरा, निघासन समेत कई जगहों पर ताबड़तोड़ चोरी और लूट की घटनाएं हुईं थी। इनमें मैगलगंज पुलिस टॉप पर रही। वह न तो चोरी की घटनाओं पर कोई अंकुश लगा सकी और न ही एक भी घटना का खुलासा कर सकी। इसको लेकर पुलिस की खूब फजीहत भी हो रही थी। एसपी ने चोरियों को रोक पाने और खुलासे में नाकाम रहने पर प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज रमेश कुमार पांडेय को कड़ी फटकार लगाई थी। साथ ही उन्हें कार्यशैली में सुधार करने की चेतावनी भी दी थी, लेकिन इसके बाद भी वह अपराध रोक पाने में फिसड्डी साबित हुए। इस पर एसपी संकल्प शर्मा ने मैगलगंज प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार पांडेय को लाइन हाजिर कर दिया है।

साथ ही पूर्व में एनआईए में स्थानांतरित हो चुके गोला गोकर्णनाथ के कोतवाल चंद्रशेखर सिंह को भी कार्यमुक्त कर दिया गया है। दोनों थानों पर अभी किसी की तैनाती नहीं की गई है। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि जल्द ही दोनों थानों पर नए इंस्पेक्टरों की तैनाती होगी।

# चोरी की धारा को डकैती में किया तरमीम

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** बाइक और स्कूटी से ओवरटेक कर लूटपाट करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए सदर कोतवाली पुलिस ने दस बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए बदमाशों ने 24 घंटे के भीतर सदर कोतवाली क्षेत्र में दो वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई नगदी, कागजात आदि बरामद किए हैं।

सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि 12 जून की रात करीब ढाई बजे दो बाइकों व एक स्कूटी पर सवार बदमाशों ने हरिद्वार से अपने दोस्त के साथ वापस गांव जा रहे सीतापुर जिले के थाना हरगांव के गांव देईरामा निवासी अजय कुमार और उसके दोस्त दीपक की बाइक गांव धोबहा के पास ओवरटेक कर रोक ली और पिटाई कर मोबाइल फोन, बैग, आधार और 8500 रुपये लूट ले गए थे। दूसरी वारदात अगले दिन दोपहर करीब एक बजे हुई। दो बाइकों और स्कूटी पर सवार बदमाशों ने थाना नीमगांव के गांव मुकरहटा निवासी रफीक की बाइक को ओवरटेक कर रोक लिया था और मारपीट कर नगदी, मोबाइल पर्स आदि लूट ले गए थे। पुलिस ने दोनों पीड़ितों की तहरीर पर बाइकों व स्कूटी पर पड़े नंबरों को अंकित कर रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को पुलिस ने दोनों बाइक व स्कूटी बरामद कर विशाल गौतम, विवेक वाल्मीकि, दीपक गौतम, अतुल शुक्ला, रवि, शैलेश कुमार निवासी राजापुर, कुबेर वर्मा, राजा उर्फ सचित्र सिह, अर्जित वर्मा निवासी मानपुर कोतवाली सदर और शेखर निवासी मोहल्ला अरनी खाना कस्बा व थाना खीरी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से बैग, कपड़े, आधार कार्ड, चेक बुक, परिचय पत्र, दो मोबाइल, 5000 रुपये, घटना में प्रयुक्त 2 बाइक, व स्कूटी भी बरामद की है। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर चोरी की धारा को डकैती की धारा में तरमीम कर गिरफ्तार सभी आरोपियों का चालान भेजा है।

## खीरी टाउन के दो घरों से हजारों की चोरी

**खीरी टाउन, अमृत विचार:** थाना व कस्बा खीरी टाउन के मोहल्ला बुखारी टोला में शनिवार की रात चोर दीवार कूदकर दो घरों में घुस गए और नगदी-जेवर समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पूरी घटना पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है।

मोहल्ला बुखारी टोला निवासी सुल्तान खान ने बताया कि रोज की तरह शनिवार की रात वह परिवार के साथ घर में सो रहा था। रात करीब दो बजे चोर दीवार फांदकर घर में घुस आए और एक जोड़ी पायल व पांच हजार रुपये की नगदी चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह तब हुई जब पत्नी कमरे में गई तो देखा बक्से खुले थे और उनमें रखा सामान बिखरा पड़ा था। पूरी घटना पड़ोसी के घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। उधर चोरों ने इसी मोहल्ले के आफताब के घर से करीब 1200 रुपये की नगदी चोरी कर ले गए। दोनों घटनाओं की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस छानबीन कर रही है।

# ग्रामीणों का आरोप जेसीबी से खुदाई कराकर बबार्द कर दी फसल

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचार:** निघासन ब्लाक की ग्राम पंचायत खैरीगढ में सरजू सहकारी चीनी मिल के क्रय केंद्र तक जाने वाली सड़क पर मिट्टी पिटाई हो रही है। मानक से अधिक और जेसीबी से खुदाई कराए जाने से कई किसानों की फसलें चौपट हो गई है। इससे किसानों में आक्रोश है।

क्रय केंद्र तक गन्ना सप्लाई करने वाले वाहन पहुंच सके इसलिए सरदार बृज सिंह के घर से राकेश के कोल्हू तक 330 मीटर सडक पर मिट्टी पटाई कार्य हो रहा है। जिम्मेदार मिट्टी पटाई का काम जेसीबी से करवा रहे हैं। इससे सड़क की चौड़ाई छह मीटर हो गई है। खुदाई के दौरान तमाम किसानों की गन्ने की फसल चौपट हो गई, जिसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। किसान जुम्मन ने बताया की हमारे खेत में बोरिंग है। खुदाई के दौरान वह टूट गई है। चीनी मिल के मुख्य गन्नाधिकारी त्रिलोकी सिंह ने बताया कि की बोर्ड के डायरेक्टर ने डीएम से सड़क बनाने की मांग की थी, जिस पर सड़क का निर्माण बीडीओ निघासन करवा रहे हैं। इससे किसानों को क्रय केंद्र तक गन्ना ले जाने में सुविधा रहेगी।



सड़क पर मिट्टी पटाई का काम कराने कराने के दौरान खेतों से मानक से अधिक मिट्टी निकलवा दी गई। इससे गन्ने की तमाम फसल चौपट हो गई है। **-सुरेश गुप्ता**, खैरीगढ़



सड़क निर्माण के लिए खेतों से खुदाई कराकर पूरी फसल ही बर्बाद कर दी। जबकि यही हमारी आमदनी का स्रोत है। न तो सुनने वाला है और न ही देखने वाला। -सुनील कुमार, खैरीगढ़

- **किसी की बोरिंग टूटी तो किसी की चौपट हो गई फसल**

> सड़क निर्माण का जायजा लेने के लिए मैं खुद मौके पर गया था। इसकी लंबाई 330 मीटर है, जो मानक से अधिक है। खड़ंजा लगने के बाद मार्ग के दोनों ओर पटरी छोड़ी जाएगी। जयेश कुमार बीडीओ



सड़क की पटाई के लिए खेतों से मिट्टी खुदाई कराने के बारे में कोई सूचना ही नहीं दी गई। कर्मचारियों ने जेसीबी से मनमुताबिक खुदाई कर फसल नष्ट कर दी। - **कैलाश** खैरीगढ़

# जेबी गंज को हराकर विजेता बनी नकटी

संवाददाता, पसगवां



विजेता टीम के कप्तान रियाज़ को ट्रॉफी देते हुए अरविंद कुमार व यतीन्द्र वर्मा।

**अमृत विचार:** मकसूदपुर में चल रहे मकसूदपुर प्रीमियर लीग के फाइनल मैच में नकटी ने नजदीकी मुकाबले में जेबी गंज को 16 रनों से हराया। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने प्रतिभाग किया था।

जेबी गंज के कप्तान प्रशांत ने टास जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। नकटी के बैट्समैन परवेज़ और अंकित के 34-34 रनों के सहयोग से टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 142 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेबी गंज की ओर से प्रियांशु और नवजोत सिंह के 27-27 रनों के सहयोग से 127 रन बनाकर आल आउट हो गई। नकटी के सत्तार ने तीन विकेट चटकाए। इस तरह नकटी ने 16 रन से फाइनल मैच जीत लिया। सत्तार को उनके बेहतरीन बॉलिंग के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं पूरी सीरीज में 10 विकेट चटकाने के लिए सत्तार को बेस्ट बॉलर का खिताब भी दिया गया। बल्लेबाज परवेज़ को पूरी सिरीज का बेस्ट बैट्समैन चुना गया। उन्होंने कुल 131 रन बनाये। मुख्य अतिथि गीतकार अरविन्द कुमार ने नकटी के कप्तान रियाज़ को विजेता टीम की ट्रॉफी और कमेटी द्वारा घोषित 5100 रुपए का पुरस्कार प्रदान किया। वहीं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी यतीन्द्र वर्मा ने रनरअप जेबी गंज को 2100 रुपए नकद व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। शेष खिलाड़ियों को शील्ड वितरित की गई।

- **मकसूदपुर प्रीमियर लीग का फाइनल मैच**

उनका उत्साहवर्धन किया गया। टीम कमेटी ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।मैच में अंपायरिंग करने वाले पंजाबी और अंशुल को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मैदान में सहयोग करने वाले सभी बच्चों को उपहार स्वरूप पानी की बोतल भेंट की गई।

## मुडिया हेमसिंह बवाल मामले में चार और आरोपी गिरफ्तार

**बिजुआ, अमृत विचार:** थाना भीरा के गांव मुड़िया हेमसिंह में मारपीट, पथराव और ताबड़तोड़ हुई फायरिंग के मामले में पुलिस की छापामार कार्रवाई लगातार जारी है। शनिवार की रात पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापा मारकर चार और आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान भेजा है। इस मामले में पुलिस अब तक दस लोगों का चालान भेज चुकी है।

बकरीद के एक दिन पहले गांव मुड़िया हेमसिंह में इमाम को लेकर चल रही पंचायत में दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। दोनों के बीच जमकर मारपीट व पथराव हुआ था। इस दौरान ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग भी हुई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एक दूसरे पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने शनिवार रात इस मामले में गांव के ही नसीम, हाशिम, नाजिम व मेराज को गिरफ्तार कर चालान भेज है।

# छात्राओं ने मां के नाम लगाए पौधे, देखभाल का लिया संकल्प

संवाददाता, लखीमपुर खीरी




जीजीआईसी में मां के नाम का पौधा लगाती छात्रा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में रविवार को जागरूकता गोष्ठी हुई। इसमें पर्यावरण का स्वस्थ रखने के लिए पौधरोपण और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग की उपयोगिता और महत्व बताया गया। इस मौके पर छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर मां के नाम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

प्रधानाचार्य डॉ. शालिनी दुबे ने छात्राओं को योग दिवस के बारे में जानकारी देकर इसकी उपयोगिता बताई। उन्होने कहा कि निरंतर योग करते रहने से शरीर ही नहीं मन मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। इससे याददाश्त तेज होती है और पढ़ाई में मन लगता है। इसलिए रोजाना 10 से 15 मिनट योगाभ्यास अवश्य करें। उन्होंने कहा कि इसी तरह पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए पौधरोपण जरूरी है, प्रधानाचार्य ने छात्राओं को हर साल एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया।

- **प्रधानाचार्य ने पौधरोपण व योगाभ्यास का बताया महत्व**

इस दौरान छात्राओं ने एक पेड़ मां के नाम का शुभारंभ कर विद्यालय में पौधे रोपे। पौधरोपण के दौरान शिक्षिका निगहत परवीन, शैलजा मिश्रा सहित छात्राएं और उनकी माताएं आदि मौजूद रहीं।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**NOTICE**

This is to be notify that I, Preetam Babu S/o Dinnu Lal R/o Mohalla No. 2 Bilsi Badaun, Bilasi U.P Have changed my name from Preetam Babu to Pritam Babu for all future purposes

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम मनीष कुमार माहेश्वरी पुत्र राजेश कुमार माहेश्वरी था जिसे बदलकर अब मैंने मनीष कुमार पुत्र राजेश कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे मनीष कुमार पुत्र राजेश कुमार के नाम से ही जाना व पहनाचा जाये। **मनीष कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी मोहल्ला नं. 5, निकट बालाजी मन्दिर कस्बा तहसील बिल्सी जिला बदायूँ।**

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2021 जिसका अनुक्रमांक संख्या 210789632 यूपी बोर्ड की मार्कशीट वास्तव में खो गई है। **अरून कुमार कश्यप पुत्र राम प्रसाद निवासी ग्राम रोहनियां तहसील बहेड़ी जिला बरेली**

**जे.एम.बी. इंस्टीट्यूट आफ लाइफ साइंसेज एन्ड हायर एजूकेशन**
(सम्बद्ध एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय)
कैम्पस : 4 किमी., देवीपुरा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत

**आवश्यकता है**
निम्न विषयों में योग्य, ऊर्जावान स्टाफ की
**विज्ञान संकाय :** ● रसायन विज्ञान ● वनस्पति विज्ञान ● जन्तु विज्ञान ● फिजिक्स ● मैथ्स
**वाणिज्य संकाय :-** ● कामर्स
**कला संकाय :-** ● चित्रकला ● इतिहास ● अंग्रेजी
**गृहविज्ञान संकाय :-** ● गृहविज्ञान
**योग्यता व वेतनमान : यू.जी.सी./ विश्वविद्यालय के मानकानुसार (परास्नातक, पी.एच.डी./नेट)**
इच्छुक अभ्यर्थी रंगीन फोटो युक्त बायोडाटा व शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की प्रति सहित महाविद्यालय में 15 दिवस की सीमा में दोपहर 12 बजे से 3 बजे के मध्य आवेदन करें अथवा डाक/ई-मेल द्वारा आवेदन करें।
**सम्पर्क : 9758108900**
ई-मेल : jmbinstitute@gmail.com

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# हैदराबाद : गांवों को 8 घंटे भी नहीं मिल रही बिजली

संवाददाता, रोशननगर

**अमृत विचारः** हैदराबाद फ़ीडर से संबद्ध रोशननगर क्षेत्र के दर्जनों गांवों में धड़ल्ले से बिजली कटौती की जा रही है, जिससे उपभोक्ता त्रसत हैं।

एक तो पड़ रही भीषण गर्मी दूसरी तरफ बिजली कटौती में छोटे बच्चो से लेकर युवा, बुजुर्ग बेहाल हैं। बिजली कटौती का यह आलम है कि शाम को जब खाना खाने का वक्त आता है तब बिजली गायब हो जाती है। रात को कुछ देर आने के बाद 11 बजे फिर बिजली कटौती होती है।

अघोषित बिजली कटौती के कारण घरों में लगे बिजली उपकरण शोपीस की तरह बनकर रह गये हैं। जबकि प्रदेश सरकार का आदेश है कि कटौती मुक्त बिजली ग्रामीण उपभोक्ताओं को दी जाएगी, पर ऐसे नियम का पालन नहीं दिख रहा है। एक गांव नही ममरी, रोशननगर, स्याहपारा, जनकपुर, तलफीपुर, शेखवापुर, अम्बरपुर, रामपुर डाटपुर, बरगदिया, बाबरपुर, वृंदावन, जमुनहां, लखैया, बुधेलीनानकार, बंजारगंज, कैमा, नरसिंहपुर, भगतपुर, बोझवा आदि कई गांवों के बिजली उपभोक्ता बिजली कटौती से बेहाल हैं। जब उपभोक्ता पावर हाउस से जानकारी करते है तब रोस्टिंग, लोकल फाल्ट, ब्रेकडाउन बताकर बिजलीकर्मी पल्ला झाड़ लेते हैं।

> भीशण गर्मी के कारण फीडर संचालन के लिये लगे उपकरण गर्म हो जाते हैं। मौसम में गर्मी के कारण खपत भी बढ़ी है। रोस्टर के अलावा फाल्ट होने पर आपूर्ति बंद की जाती है। **- छेवेश पांडेय** जेई हैदराबाद।

- **दर्जनों गांव मे भीषण गर्मी में बिजली कटौती से मची त्राहि त्राहि**



जमुनहां गांव के बिजली उपभोक्ता रितिक वर्मा का कहना है कि इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है तब बिजली कटौती हो रही है। इससे न दिन मे राहत न रात को चैन मिलता है। जबकि इस समय भीशण गर्मी में बिजली की सख्त जरूरत है तब बिजली गायब रहती है।



गांव निवासी अनुज वर्मा का कहना है कि इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है, तब बिजली कर्मी कटौती से नही चूक रहे हैं। ऐसे में लोगो को गर्मी में जीना मुहाल है। अक्सर रात मे कटौती ज्यादा होने से चोर उचक्कों का भय बना रहता है।



मुल्लापुर गांव के बिजली उपभोक्ता कलविंदर सिंह का कहना है कि एक तो बिजली की आंख मिचौली दूसरी तरफ भीषण गर्मी लोगो को अंधेरे भी रहना पड़ रहा है। जंगल पड़ोस हाने से वन्य जीवों का भी खतरा है, लेकिन रात के अंधेरे में वह भय के साये में जीवन यापन कर रहे हैं।



मुल्लापुर के बलविंदर सिंह का कहना है कि इस समय बिजली कटौती खूब की जा रही है। बिजली के अभाव में खेतों की सिंचाई न हो पाने से फसलें सूख रही हैं। बिजली कटौती की जानकारी करने पर अधिकारी रोस्टिंग, ब्रेक डाउन बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं।

## राजस्थान से घर वापस लौट रहे युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** राजस्थान से मजदूरी कर ट्रेन से घर वापस लौट रहा युवक रेलवे स्टेशन पर बेहोशी की हालत में मिला। जीआरपी की सूचना पर पहुंचे परिजन पहले उसे सीएचसी फूलबेहड़ लेकर पहुंचे, जहां पर कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव टेढ़ी निवासी बिहारी लाल (40) शनिवार को राजस्थान से मजदूरी कर ट्रेन से वापस घर आ रहा था। रेलवे स्टेशन पर जब ट्रेन पहुंची तो वह ट्रेन के डिब्बे में बेहोशी की हालत में मिला। बताया जाता है कि जीआरपी ने उसे नीचे उतारा और उसकी जेब में मिले आधार कार्ड पर दर्ज पते पर उसके परिवार वालों को सूचना दी। परिजनों ने ट्रेन में जहरखुरानी गिरोह का शिकार होने की आशंका जताई है।

# प्रगति व राजदीपिका को योग भूषण सम्मान-2025

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** दिल्ली के लाजपत भवन ऑडिटोरियम में रविवार को योग महाकुंभ-2025 का आयोजन हुआ। इसमें जिले की दो बेटियां सम्मानित हुई। हालांकि इसके लिए चार योग प्रशिक्षकों का चयन हुआ था, लेकिन पुरस्कार लेने के लिए योग प्रशिक्षक प्रगति बरनवाल और राजदीपिका तिवारी ही दिल्ली पहुंचीं।

योग महाकुंभ का आयोजन अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ एवं योगा करो डॉट कॉम के संयुक्त तत्वावधान में हुआ था। इसका उद्देश्य योग को आत्मिक जागरण, सामाजिक समरसता एवं युवाओं के लिए सम्मानजनक आजीविका का साधन बनाना है। इसके लिए जिले की योग प्रशिक्षक प्रगति बरनवाल, राजदीपिका तिवारी, नूपुर गुप्ता, प्रतीक तिवारी को योग के प्रचार-प्रसार के लिए चुना गया था। रविवार को दिल्ली पहुंची राजदीपिका तिवारी एवं प्रगति बरनवाल को योग गुरु मंगेश त्रिवेदी, आचार्य पवन दत्त, डॉ. अभिषेक वर्मा, एसपी पाठक आदि ने जिले की बेटियों को आदियोगी योग भूषण सम्मान-2025 देकर सम्मानित किया।



दिल्ली में प्रगति बरनवाल को सम्मानित करते योग गुरु मंगेश त्रिवेदी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम्।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नराः पण्डितबुद्धयः॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# हादसों से सबक

उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर के पास रविवार को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड में यह पहला हादसा नहीं है। इससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। राज्य में एक के बाद हो रही हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के बावजूद हर स्तर पर लापरवाही बनी हुई है और कोई सबक नहीं लिया जाता। राज्य में करीब 40 दिनों में यह पांचवां हेलीकॉप्टर हादसा है। एहतियात के तौर पर हेली सेवाओं के दौरे को कम कर दिया गया था। इससे पहले, 8 मई को गंगोत्री धाम जा रहा एक हेलीकॉप्टर उत्तरकाशी जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। 7 जून को केदारनाथ जा रहे एक हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने के तुरंत बाद तकनीकी खराबी के कारण सड़क पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी थी, जिसमें पायलट घायल हो गया था, लेकिन विमान में सवार पांच श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचा लिया गया था। चार धाम यात्रा के दौरान लगातार हेलीकॉप्टर हादसों की खबर के बाद पिछले दिनों डायरेक्टोरेट ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की ओर से जांच कराई गई। डीजीसीए ने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट में कहा कि हेलीकॉप्टर के ठहराव स्थल पर बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन जैसी स्थिति है। इस कारण डीजीसीए ने उड़ानों में 35 फीसदी की कटौती का आदेश दिया। 2004 में हेली सेवा शुरू की गई थी। जानकारों के मुताबिक चारधाम यात्रा में एक इंजन के हेलीकॉप्टर उड़ रहे हैं। हेली संचालकों के लिए कड़े प्रावधान नहीं होने की वजह से इनकी मनमानी बढ़ती गई। उच्च हिमालयी क्षेत्र में एक इंजन के हेलीकॉप्टर की उड़ान कम जोखिम भरी नहीं है। यह हादसा उत्तराखंड की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में हवाई सेवाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। लगातार हो रहे हादसों ने प्रशासन और सरकार की चिंता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हेली सेवाओं का महत्व तीर्थाटन, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं के लिए अत्यधिक है, इसलिए इनमें सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। राज्य सरकार ने चारधाम यात्रा में हेलीकॉप्टर सेवाओं पर फिलहाल रोक लगा दी है। तकनीकी जांच के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह समिति हेलीकॉप्टर संचालन के सभी तकनीकी और सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा करेगी। इसके बाद ही एक मजबूत और व्यावहारिक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी, जिससे भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उम्मीद की जा सकती है एसओपी और सख्त नियमों से ही भविष्य में चारधाम यात्रियों को सुरक्षित हवाई सेवा मिल पाएगी।

# परमाणु हथियार नियंत्रण के लिए युद्ध



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जो कूटनीतिक प्रतिक्रिया आई है, उससे साफ है कि वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का समय दिया था, 61 वें दिन इजराइल ने ईरान पर हमला बोल दिया। अब ईरान को समझौता करने के लिए दूसरा मौका दे रहा हूं।

इजराइल और ईरान के बीच युद्ध आरंभ हो गया है। इजराइल ने ईरान के विरुद्ध बड़ा सैन्य अभियान चलाया है। इसे 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' नाम दिया गया है। यानी इजराइल एक ऐसा युद्ध करता हुआ देश है, जो ईरान की ओर शेर की मस्तानी चाल से बढ़ रहा है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने जब आजाद हिंद फौज की कमान संभाली थी, तब उन्होंने अपने झंडे पर छलांग लगाते शेर को प्रतीक बनाया था। बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश जारी कर इस आक्रमण की पुष्टि करते हुए कहा है, 'जब तक इजराइल के अस्तित्व पर खतरे बने रहेंगे, ईरान पर हमले जारी रहेंगे। साथ ही यह कोई सीमित कार्यवाही नहीं है, बल्कि एक व्यापक और लंबा चलने वाला रणनीतिक अभियान है।' इजराइल ने शुक्रवार 13 जून को 200 लड़ाकू विमानों से ईरान के लगभग 100 ठिकानों को निशाना बनाया। ये हमले 20 प्रमुख सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों के घरों पर भी किए गए। ईरान की राजधानी तेहरान में 78 लोग मारे गए। सामरिक ठिकानों पर ये हमले संभावित खतरों को टालने के नजरिए से किए गए। इजराइल की सर्तकता यह रही कि उसने अपने खुफिया संगठन 'मोसाद' के जरिये ईरान के गुप्त ठिकानों पर पहुंचकर कम ऊंचाई वाले ड्रोन छोड़े और ईरान की सुरक्षा प्रणाली एवं मिसाइल प्रक्षेपण प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद इजराइली विमानों को ईरान का खुला आसमान मिल गया। ईरान ने 100 ड्रोन से जवाबी हमला किया भी लेकिन ये सभी ड्रोन इजराइली डिफेंस सिस्टम ने इजराइल की सीमा लांघने से पहले ही नेस्तनाबूद कर दिए।

इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जो कूटनीतिक प्रतिक्रिया आई है, उससे साफ है कि वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का समय दिया था, 61 वें दिन इजराइल ने ईरान पर हमला बोल दिया। अब ईरान को समझौता करने के लिए दूसरा मौका दे रहा हूं, वह इस अवसर का लाभ उठाए। क्योंकि इजराइल का दूसरा हमला कहीं ज्यादा आक्रामक और भयावह होगा। साफ है, ट्रंप की सहमति के बाद ही ईरान ने यह हमला किया है। दरअसल ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के लिए ये हमला किया गया। इसीलिए इस हमले को नेतन्याहू ने न्यायसंगत ठहराते हुए कहा है कि ईरान उसके अस्तित्व के लिए संकट बन रहा है। क्योंकि यह एक हकीकत है कि ईरान ने बड़े पैमाने पर यूरेनियम संवर्धन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह ऐसी प्रक्रिया हैं, जो परमाणु हथियार बनाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाती है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत यूरेनियम-235 के निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जाता है। अतएव इजराइल के लिए ईरान का परमाणु हथियार संपन्न देष हो जाना चिंता की स्थिति उत्पन्न करने वाली बात है। दरअसल, परमाणु हथियार संपन्न देश होना एक ऐसी सैन्य रणनीति हैं, जिसके चलते दूसरे देश परमाणु संपन्न देश पर हमला करने से बचते हैं। इसका बुनियादी कारण है कि यदि कोई देश शत्रु देश पर परमाणु हमला करता है तो जवाबी कार्यवाही में उसे भी परमाणु हमले का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा होता है तो दोनों देशों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। रूस ने यूक्रेन पर आसानी से इसलिए हमला बोल दिया था, क्योंकि उसके पास परमाणु हथियार नहीं है। रूस और अमेरिका के बहकावे में आकर उसने अपने परमाणु हथियार, परमाणु निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद समुद्र में नष्ट कर दिए थे। इसका खामियाजा उसे आज उठाना पड़ रहा है। ईरान परमाणु संपन्न देश न बन जाए, इसलिए उस पर अमेरिका ने लंबे समय से परमाणु संबंधी प्रतिबंध लगाए हुए थे। परंतु बराक ओबामा के कार्यकाल में अमेरिका और ईरान के बीच एक परमाणु समझौता हुआ और ईरान से परमाणु प्रतिबंध समाप्त कर दिए गए थे। तब भी इजराइल ने इस समझौते का खुला विरोध किया था। नेतन्याहू ने यहां तक कहा था कि यह संधि एक ऐतिहासिक भूल है। किंतु उस समय इस संधि को ओबामा की बड़ी उपलब्धि बताया गया था।

> ईरान और इजराइल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन इन देशों ने लंबे समय तक छदम् युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजराइल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजराइल पर सीधा हमला बोला था।

ईरान और इजराइल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन इन देशों ने लंबे समय तक छदम् युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजराइल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजराइल पर सीधा हमला बोला था। क्योंकि इस लड़ाई में ईरान समर्थित इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड के ब्रिग्रेडियर जर्नल मोहम्मद रजा जाहेदी समेत 8 अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इस हमले के जवाब में अप्रत्याशित रुख अपनाते हुए लगभग 320 द्रोण और क्रूज मिसाइलों से हमला किया था।। ईरान इजराइल से करीब 1800 किमी की दूरी पर स्थित होने के बावजूद हमला करने में सफल रहा। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद इजराइल से लंबी दुश्मनी के चलते पहली बार यह सैन्य हमला इसलिए किया था। इस लड़ाई में इजराइल को अमेरिका ने खुली सामरिक मदद की थी। उस संदर्भ में ईरान ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा था कि उसने यदि अब इजराइल की मदद की तो नतीजा भुगतने को तैयार रहे। ईरान ने यह पलटवार इसलिए भी किया था, जिससे मध्य-पूर्व की राजनीति में उसके वर्चस्व की महिमा को स्वीकार लिया जाए। यदि वह जवाबी हमला नहीं बोलता तो इजराइल और अमेरिका के खिलाफ उसकी जो धारणा है, वह ध्वस्त हो जाएगी। दरअसल ईरान इजराइल के अस्तित्व को ही स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि इजराइल ने मुस्लिमों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। हालांकि हमले के बाद ईरान ने संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिखकर मामले को यहीं समाप्त करने की गुहार भी लगाई थी। बावजूद ईरान ने चेतावनी दी थी कि यदि इजराइल ने जवाबी कार्यवाही की तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। हालांकि इस परिप्रेक्ष्य में यह विरोधाभास भी देखने में आया था कि ईरान ने अमेरिका को इजराइल पर सीमित और नियंत्रित हमला करने की जानकारी पहले ही दे दी थी। ईरान के विदेश मंत्री ने ही इस आशय का बयान दिया था। वाकई यह बयान सच था तो यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं है कि अमेरिका दुतरफा कुटिल चालें हमेशा ही चलता रहा है। चूंकि अमेरिका ब्रिटेन और फ्रांस को ईरान द्वारा इजराइल पर किए जाने वाले हमले की जानकारी थी, इसलिए इन मित्र देशों ने द्रोण और मिसाइलों को आसमान में ही नष्ट करने में इजराइल का सहयोग भी किया था ? इस मानसिकता को क्या माना जाए यह सोचने की बात है ? इस परिप्रेक्ष्य में युद्ध विश्लेषकों ने यह अनुमान लगाया था कि इजराइल और हमास युद्ध तो अभी खत्म होने वाला नहीं है, लेकिन ईरान-इजराइल का संघर्ष और बढ़ेगा ? इस हमले के करीब 2 साल बाद यही स्थिति प्रत्यक्ष देखने में आ गई है। रूस भले ही इस समय यूक्रेन से ही युद्ध में उलझा हुआ है, बावजूद रूस ने ईरान के रणनीतिक भागीदार के रूप में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईरान पर इजराइल का यह हमला उकसावे को बढ़ावा देने वाला है। हालांकि रूस ने यह भी कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते के लिए जो वर्ता चल रही है, वह उसमें सहयोगा करेगा।

इस युद्ध को लेकर भारत दुविधा में है। क्योंकि पाकिस्तान के विरुद्ध भारत ने जब ऑपरेशन सिंदूर चलाया था तब इजराइल उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा था। इजराइल भारत का रक्षा साझेदार भी है। दूसरी तरफ ईरान से भारत के ऐतिहासिक संबंध है। ईरान ने कई अवसरों पर इस्लामिक देशों के संगठन के मंच पर भारत की मदद की है। इसलिए भारत किसी को भी छोड़ना नहीं चाहता। इसलिए भारत ने दोनों देशों के बीच कूटनीति व शांति बरतने की अपील की है। बहरहाल इस युद्ध के साथ बड़ी आशंका यह जुड़ गई है कि यह युद्ध तीसरे विश्व युद्ध की ओर न बढ़ जाए।

## प्रसंगवश

# पवन उर्जा को बढ़ावा देने की जरुरत



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

गत वर्ष अमेरिकी शोधकर्ताओं ने दावा किया था कि अगर उत्तर अटलांटिक महासागर में भारत जितने क्षेत्रफल का विंड फार्म स्थापित कर दिए जाएं तो उससे संपूर्ण विश्व की उर्जा जरुरत पूरी की जा सकती है। शोधकर्ताओं की मानें तो विश्व की उर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए उत्तरी अटलांटिक महासागर में 30 लाख वर्ग किमी क्षेत्रफल में विंड फॉर्म स्थापित किया जा सकता है। विंड फॉर्म लगाने के लिए उत्तर अटलांटिक महासागर सबसे उपयुक्त स्थान है। इस विंड से सालाना 18 टेरावाट बिजली का उत्पादन होगा और एक अनुमान के मुताबिक विश्व में करीब इतनी ही बिजली का उपभोग भी होता है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि जमीन पर विंड फॉर्म से 105 वाट प्रति वर्ग मीटर बिजली उत्पादन संभव होता है। लेकिन उत्तर अटलांटिक महासागर में विंड फॉर्म स्थापित करने से 6 वाट प्रति वर्ग मीटर की दर से बिजली उत्पादन संभव होगा। यहां समझना जरुरी है कि जमीन के मुकाबले समुद्र में हवाओं की गति और बल 70 प्रतिशत अधिक होता है और वहां तूफान भी अधिक आते हैं। इसलिए टरबाइन को अधिक हवा मिलती है।

भारत की बात करें तो यहां पवन उर्जा का विकास 1990 के दशक में प्रारंभ हुआ और पिछले कुछ वर्षों में कमाल की सफलता हासिल हुई है। वर्तमान समय में भारत में पवन उर्जा का उत्पादन तकरीबन 32.56 गीगावाट है। भारत में राज्यस्तरी पवन उर्जा की दृष्टि से तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान, मध्यप्रदेश, केरल और पश्चिम बंगाल शीर्ष पर हैं। भारत में पवन टरबाइनों की स्थापित करने की लघु अवधि और पवन उर्जा मशीनों पर बढ़ती निर्भरता और उनके प्रदर्शन ने पवन उर्जा को भारत की क्षमता वृद्धि के लिए एक पसंदीदा बना दिया है। भारतीय स्वामित्व वाली कंपनी के रुप में सुजलॉन पिछले दशक में वैश्विक परिदृश्य पर उभरी है और भारतीय बाजार के लिए पवन टरबाइन की अग्रणी कंपनी बन गई है। सुजलॉन की सफलता ने भारत को उन्नत पवन टरबाइन प्रौद्योगिकी में विकासशील देश का नेता बना दिया है। कह सकते हैं कि पवन उर्जा का आशय वायु से गतिज उर्जा को लेकर उसे उपयोगी यांत्रिक अथवा विद्युत उर्जा में परिवर्तित करना है। महत्वपूर्ण बात यह है कि वायु का उर्जा उत्पादन करने हेतु उपयोग में न तो किसी प्रकार की प्रदूषण की समस्या या खानों के अपवाह या विषाक्त प्रदूषक पदार्थों जैसी समस्या आती है। न ही इसके कारण विस्तृत क्षेत्र में फैली भूमि को किसी तरह नुकसान पहुंचता है। ध्यान देने वाली बात यह कि जहां जीवाश्मीय ईंधन सीमित है वहीं पवन कभी समाप्त नहीं होने वाली है। जीवाश्मीय ईंधनों की तुलना में पवन उर्जा संयंत्रों का परिचालन भी अति सुरक्षित है।

ध्यान दें तो यह बात तापीय या नाभिकीय उर्जा संयंत्रों पर लागू नहीं होती। आधुनिक पवन संयंत्रों में प्रयुक्त प्रभावी सुरक्षा यांत्रिकी से यहां तक संभव हो गया है कि इन्हें सार्वजनिक स्थलों पर भी थोड़ी सी क्षति के बिना भी स्थापित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए इसे पहाड़ी के शिखर पर, समतल सपाट भू-प्रदेश, वनों तथा मरुस्थलों तक में लगाया जा सकता है। संयंत्र को अपतटीय क्षेत्रों तथा छिछले पानी में भी लगाया जा सकता है। हालांकि पवन उर्जा की बढ़ती जरुरत और उपयोगिता के बावजूद कुछ पर्यावरणविदों का तर्क है कि पवन उर्जा से कई तरह की समस्याएं उत्पन हो रही हैं। मसलन उत्पादक संयंत्र विद्युत चुंबकीय संकेत वातावरण में प्रसारित होने से कठिनाई उत्पन हो रही है।

पर्यावरणविदों का यह भी कहना है कि क्षैतिज अक्ष वाले पवन चालित टरबाइनों के घूमते हुए ब्लेड दूरदर्शन संकेतों के दृश्य अंश विरुपित करके निकटवर्तीय क्षेत्रों में व्यवधान उत्पन कर रहे हैं। अनेक प्रकृति प्रेमियों को आशंका है कि पवन चालित संयंत्रों की उपस्थिति प्रवासी पक्षियों तथा सामान्य पक्षियों को भयभीत करती है। लेकिन आंकड़े बताते हैं कि पक्षी टकराने की घटनाएं निचली उड़ान के स्तर पर ही होती है और ऐसे पक्षियों की संख्या बहुत ही कम होती है। गौर करें तो इन विरोध के इन दलीलों में कोई खास दम नहीं है। सच तो यह है कि उर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए पवन उर्जा अति सुरक्षित व महत्वपूर्ण विकल्प है।

# मुद्दे की बुनियाद



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> इस तरह, सियासी रिश्ते ही कारोबारी कामयाबी की ज़मानत बन गए-यही क्रोनी कैपिटलिज्म की असल पहचान है।

जब उसूलों में इनसाफ़ की जगह सिफ़ारिश ले लेती है, तो जुल्म एक दस्तूर बन जाता है। स्वीडन के नामवर अर्थशास्त्री गुनार मिर्डल ने अपनी किताब एशियन ड्रामा (1968) में हिन्दुस्तान की नौकरशाही और करप्शन की जो तस्वीर पेश की थी, वह आज भी हू-ब-हू सही बैठती है। उन्होंने यह भी लिखा कि इस मसले पर रिसर्च करना तब गुनाह-ए-अज़ीम समझा जाता था। मगर वक्त के साथ हालात बदले, और आज "इकोनॉमिक्स ऑफ करप्शन" एक मानी हुई अकादमिक शाखा बन चुकी है।

अगेंस्ड द स्ट्रीम नामक दूसरी किताब में मिर्डल एक दिलचस्प वाक़िया बयान करते हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर, नेहरू से विदा लेने के बाद, उन्होंने देखा कि दूर कुछ टैक्सी ड्राइवर शोरगुल कर रहे हैं। उन्होंने पास खड़े दिल्ली पुलिस के आला अफ़सर से पूछा कि ये लोग क्यों हंगामा कर रहे हैं, और पुलिस उन्हें काबू क्यों नहीं कर रही। अफ़सर ने जवाब दिया:"हम डरते हैं, सर। अगर हम हस्तक्षेप करेंगे तो वे चिल्लाएंगे कि पुलिस वाले पैसे मांगते हैं।"

मिर्डल ने पूछा: "लेकिन उन पर कौन विश्वास करेगा??" जवाब मिला: "कौन विश्वास नहीं करेगा, सर?" यानी, रिश्वतखोरी को लोग इतना आम और स्वाभाविक मान चुके थे कि उसका इल्ज़ाम खुद पुलिस को भी डराने लगा था। अगेंस्ड द स्ट्रीम में मिर्डल ने एक और वाकिए का बयान किया है: एक लंबी मीटिंग के बाद जब वो पंडित नेहरू के साथ बाहर निकल रहे थे, तभी उनका सेक्रेटरी तेज़ी से भागता हुआ आया और कुछ झिझकते हुए अर्ज़ किया: 'असर, सामाजिक इंसाफ़ पर बहस तो अजेंडा में थी, मगर उस पर कोई बातचीत नहीं हुई।' नेहरू का चेहरा तमतमा उठा। उन्होंने बिना लफ़्ज़ों को नर्म किए झिड़क दिया-'ऐसी बातें अजेंडा में डालने और मीटिंग की रिपोर्ट के आमुख में दर्ज करने के लिए होती हैं, न कि वाक़ई में गुफ़्तगू करने के लिए!'

इस एक जुमले से ये साफ़ झलकता है कि किस हद तक कुछ मसाइल महज़ सियासी शोशा थे, और पंडित नेहरू के लिए हक़ीक़त में कोई अहमियत नहीं रखते थे। सामाजिक इंसाफ़ उनके लिए एक नारा था-एक सियासी ज़रूरत-मगर नीयत की तह में वह मुद्दा कभी गया ही नहीं।

आज़ादी के बाद भारत के पास गांधी, त्याग, और सत्याग्रह की एक नैतिक पूंजी थी। लेकिन जब आर्थिक नीति की बात आई तो यह नैतिक पूंजी एक राज्य-नियंत्रित समाजवादी ढांचे की तरफ़ झुक गई।नेहरू की ख्वाहिश थी कि समाजवाद की प्रेरणा से एक योजनाबद्ध और तेज़ औद्योगिक विकास हो, जिससे बराबरी आए। मगर यही सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल, लाइसेंस-परमिट राज, और ब्यूरोक्रेटिक राज वह ढांचा बन गया, जिसने क्रोनी कैपिटलिज़्म और रिश्वत की तहज़ीब को जन्म दिया। जो कारोबारी हुकूमत के करीब थे या जिनका हाथ सियासी रहनुमाओं के कंधे पर था, उन्हें तरक्की के लिए दरवाज़े खुले मिले। उन्हें सरकारी योजनाओं में तरज़ीह मिली, क़ायदे-कानून उनके मुफ़ीद बनाए गए। इसके बरअक्स जिनकी सोच ज़रा अलग थी या जो कांग्रेस की "लाइन" में फिट नहीं बैठते थे-उन्हें तफ्तीश, कानूनी केसों और सरकारी दबावों का सामना करना पड़ा। कई बार तो यह दबाव सिर्फ इसलिए आता था कि उन्होंने किसी "प्रिय उद्योगपति" की मार्केट में हिस्सेदारी कम कर दी थी। इस तरह, सियासी रिश्ते ही कारोबारी कामयाबी की ज़मानत बन गए-यही क्रोनी कैपिटलिज्म की असल पहचान है।

जब हर इजाज़तनामा, हर मंजूरी, हर लाइसेंस सरकारी बाबू के दस्तख़त पर मुंह ताकता हो तो फिर सिफ़ारिश, रिश्वत और ताल्लुकात की अहमियत बढ़ जाती है। शुरू-शुरू में ये तौर-तरीक़े सिर्फ़ बड़े कारोबारियों तक सीमित थे, लेकिन जल्द ही ये अफ़सरशाही की रगों में ऐसा दौड़े कि अर्थव्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा बन गए। कच्चा माल, विदेशी मशीनों की इम्पोर्ट, बैंक ऋण, सब्सिडी-हर जगह अफ़सर की मेहरबानी चाहिए थी। कभी राजनीतिक सरपरस्ती, तो कभी नक़द नज़राना-बिना इसके न कारोबार चलता था, न फ़ैक्टरी। जो रिश्वत पहले सिर्फ़ लाइसेंस और ठेकों में थी, वह धीरे-धीरे समाज की हर परत में घुस आई। सिस्टम ऐसा हो गया कि ईमानदार व्यक्ति को या तो हार माननी पड़ती थी, या समझौता करना पड़ता था। रिश्वत अब एक जुर्म नहीं रही-वह एक 'प्राकृतिक शुल्क' बन गई थी।

## सोशल फोरम

# तनाव के बीच



हरिशंकर शाही
स्वतंत्र पत्रकार, लखनऊ

> और आज यहां से चीन और रूस को मिलने वाले सुरक्षा पैसेज भी रोकना बहुत आवश्यक है।

ईरान और इजरायल के तनाव के बीच में सबसे महत्वपूर्ण है पर्शियन गल्फ यानी ईरान की खाड़ी और वहां से लगभग 2 हजार किलोमीटर दूर अदन की खाड़ी और लाल सागर का इलाका। क्योंकि यहाँ से विश्व व्यापार प्रभावित होता है। और चूंकि ईरान की खाड़ी इसलिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां विश्व व्यापार के सबसे बड़े हब यूएई, कतर और सऊदी आते हैं। यूएई जितना बड़ा टैक्स हैवन बनकर उभरा है। और विश्व के सारे माल का डंपिंग ग्राउंड बना है वह विशेष है।

और साथ ही यमन के पास मौजूद अदन की खाड़ी और लाल सागर तक पहुंच भी बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। यानी विश्व व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इससे प्रभावित है। इसीलिए कॉर्पोरेशन तो यही चाहेंगी की ईरान यहां कमजोर हो। क्योंकि जिस तरह से यूएई बदल चुका है और सऊदी बदल रहे हैं और व्यापारिक हब बन रहे हैं। उससे मुख्य तौर पर यहां जो जड़ है वह है ईरान में बदलाव के लिए जोर मारती विश्व शक्तियां। क्योंकि ईरान का पोर्ट खुलना आवश्यक है। अब यहां यदि ईरान न्यूक्लियर बम बना ले या इजरायल पर हमला करने लगेगा तो यहां का शांति संतुलन बिगड़ेगा। अमेरिका का मुख्य उद्देश्य भी यहां पर रूसी प्रभाव मिटाना ही था जब ईरान की इस्लामिक क्रांति कराई गई थी।

और आज यहां से चीन और रूस को मिलने वाले सुरक्षा पैसेज भी रोकना बहुत आवश्यक है। इसीलिए जैसे हिंद महासागर के देशों में बवाल चल रहा है वही हाल यहां है। बस ईरान की खमैनई सरकार को अपना हिस्सा चाहिए। जो देने को कोई तैयार नहीं है क्योंकि ईरान का ऊंट किस करवट बैठे यह पता नहीं। और दूसरा ईरान अरब तो है नहीं इसीलिए अरब देश से कब बवाल हो जाए या इजरायल से कब बवाल हो जाए इससे ग्लोबल मनी चैनल को बचाना है।

-फेसबुक वॉल से

# भारत में बढ़ रहे हैं नगरों के 'हीट वेव डेज'



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> दुनिया के कई हिस्सों में उच्च तापमान और मृत्यु दर और रुग्णता के बीच महत्वपूर्ण संबंधों का अध्ययन किया गया है क्योंकि अब हीट वेव ठंडे मुल्कों और इलाकों में भी महसूस की गई है।

द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट के वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट में एक ख़ास बात ने ध्यान खींचा, जिसमें भारत की शीर्ष बायो-मेडिकल वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि सन 2024 में भारत में 536 हीटवेव-डेज़ के रहे थे। यह बात उन्होंनें सम्मेलन की कार्रवाई से अलग एक साक्षात्कार में कही जिसे भारत के मीडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। साल में 365 दिन होते हैं लेकिन हीट वेव डेज़ 536 होने से क्या आशय है। गर्मी की ऋतु के तीन महीने अप्रैल, मई और जून होते हैं लेकिन गर्मी का प्रभाव सितंबर महीने तक भी खिंच जाता है। इस दौरान देश में मानसूनी वर्षा भी होती है और वातावरण अपेक्षाकृत ठंडा हो जाता है। बरसात कम और छितरे तरीके से होती है तो देश के अनेक मौसम-खंडों अर्थात क्लाइमेटिक जोन्स, में नमी अधिक होने से असहनीय गर्मी बनी रहती है। अर्थात गर्मी का प्रकोप 15 मई से लेकर 30 जून तक, 45 दिन के लिए अधिकतम होता है। ऐसे में व्यक्तिगत आर्थिक सुविधा और बिजली की उपलब्धता के अनुसार एयर-कंडीशनिंग का उपयोग दिनों-दिन बढ़ा है। कुछ दिन पहले एक नीतिगत फैसले के तहत केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय ने कहा है कि बिजली की खपत कम रखने के लिए भविष्य में घरेलू और व्यवसायिक एयर कंडीशनरों को 20 से 28 डिग्री सेल्सियस तापक्रम पर ही चलाया जाएगा। इसे बारे एयर कंडीशनर निर्माताओं को निर्देश दे दिए गए हैं। दिल्ली के सामानांतर अक्षांशों वाले क्षेत्रों में लोग अप्रैल आते ही दिन में एयर कंडीशनर का इस्तेमाल करने लगे हैं। क्लाइमेट चेंज से बढ़ते तापमान और जीवन पर इसके प्रतिकूल प्रभाव पर विपुल जानकारी उपलब्ध है। हीट वेव डेज़ के बारे में तकनीकी जानकारी के निहितार्थ क्या हैं? भारत के उत्तरी अक्षांशों के मैदानी इलाके भीषण गर्मी और लू की चपेट के क्षेत्र है जिनमें तापक्रम 40 से 46.5 डिग्री सेल्सियस के बीच तक झूलता है। थार मरुभूमि में स्थित चुरू, बीकानेर और बाड़मेर के धोरों में मई और जून महीनों में तापक्रम 48 से 50 को छू लेता है। डॉ. सौम्या ने 536 हीटवेव डेज़ को टेक्निकल भाषा में सही ही बताया था। भारत में पिछले 125 वर्षों में हीट वेव डेज़ की संख्या बहुत से नगरों में बढ़ गई है। उनमें भी जहां पहले ऐसा कभी नहीं होता था। कुछेक रोज पहले ज्योग्राफिकल इनफार्मेशन सिस्टम्स में काम करने वाली दो बड़ी गैर सरकारी संस्थाओं ने वर्ष 2025 के लिए मानसूनी वर्षा की मात्रा और विस्तार के बारे में आकलन किया और कहा कि भारत में वर्षा का डिस्ट्रीब्यूशन और इंटेंसिटी दोनों ही अबके साल एकसार नहीं होने वाले। ये दोनों कम्पनियां अपना डाटा जेनरेट नहीं करती। मालूम नहीं, खरीदती हैं या सरकारी संस्थानों से फ्री में लेती हैं, लेकिन एक्सपर्ट एनालिसिस इनकी होती है। दोनों कंपनियों के मौसम संबंधी आकलन कमर्शियल प्रवृत्ति हेतु किए जाते हैं इसलिए हमें अपनी सरकारों के डाटा-एनालिसिस पर अधिक भरोसा करना चाहिए। भारतीय मौसम विभाग हीट वेव को परिभाषित करने के लिए केवल अधिकतम तापमान पर विचार करता है, जैसे कि किसी स्थल का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों के लिए कम से कम 40सेल्सियस या उससे अधिक, तटीय स्थल के लिए 37 सेल्सियस या उससे अधिक और पहाड़ी क्षेत्र के लिए कम से कम 30 सेल्सियस या उससे अधिक हो जाता है तो यह हीट वेव है। भारत उपमहाद्वीप में होने वाली ताप तरंग घटनाओं को चुनने के लिए इन मानदंडों को सावधानी से चुना गया था। पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसी घटनाओं को सीमित करने के लिए 35 सेल्सियस मानदंड का उपयोग किया जाता है। दुनिया के कई हिस्सों में उच्च तापमान और मृत्यु दर और रुग्णता के बीच महत्वपूर्ण संबंधों का अध्ययन किया गया है क्योंकि अब हीट वेव ठंडे मुल्कों और इलाकों में भी महसूस की गई है। मानव स्वास्थ्य पर गर्मी के प्रभावों के वर्तमान और भविष्य के बोझ को रोकने के लिए हीट वेव और विभिन्न स्वास्थ्य परिणामों के बीच संबंधों को समझना आवश्यक है। कई देशों में, हीट-हेल्थ वार्निंग सिस्टम ने थर्मल कम्फर्ट इंडेक्स को अपनाया है, जो हीट वेव के दौरान वास्तविक मानव थर्मल स्थिति का प्रतिनिधित्व करने के लिए कथित तापमान पर मौसम संबंधी कारकों यथा, वायु तापमान, आर्द्रता और हवा, की एक श्रृंखला के संयुक्त प्रभाव को मापता है।

भारत में नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी प्रतिवर्ष हीट-वेव और हीट वेव-डेज़ के प्रति आगाह करता है। परिवेश के तापमान सहित एक थर्मल इंडेक्स का उपयोग करने वाले हीट-हेल्थ वार्निंग सिस्टम की प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि हीट वेव की परिभाषा और इसकी अवधि और संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं को कितनी अच्छी तरह से आपस में जोड़ कर किस थर्मल इंडेक्स का उपयोग करने का तकाजा करती है। वैज्ञानिक नीति के अंतर्गत हीट वेव या हीट वेव डेज़ की सार्वजानिक घोषणा के लिए यह एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को उसकी पुत्री घरेलू सामान लेने के लिए गई थी। काफी देर तक जब वह वापस नहीं आई तो खोजबीन शुरू की गई। पता चला कि उसकी पुत्री को माधोटांडा थाना क्षेत्र के कलीनगर निवासी विवेक सक्सेना पुत्र रामअवतार सक्सेना बहला फुसला कर ले गया है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### जन आरोग्य मेले में कराया योग

**मितौली, अमृत विचार :** प्रत्येक रविवार को होने वाले मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन ब्लॉक के सभी पांचों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया। मरीजों का परीक्षण कर दवाएं दी गईं। साथ ही योग दिवस को लेकर योग कराया गया। सभी मरीजों को 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत योग कराया गया। परामर्श के साथ निशुल्क दवाएं दी गई।

# संकटा प्रसाद वाजपेयी पार्क में योग सप्ताह का शुभारंभ

## 21 जून को विश्व योग दिवस पर होगा समापन, स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन कराया जाएगा योग का अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। विश्व योग दिवस पर होने वाले आयोजन को लेकर रविवार से योग सप्ताह का शुभारंभ स्वर्गीय संकटा प्रसाद वाजपेयी पार्क में हुआ।

मोहल्ला ईदगाह स्थित पार्क में योग सप्ताह का आगाज आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. सुमन्त कुमार एवं सेवानिवृत्त प्रबंधक व योग साधक आरके मिश्रा ने किया। योग प्रशिक्षक आकांक्षा वर्मा ने पार्क में मौजूद लोगों को कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। इसमें योगासन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास कराया गया। संचालन कर रहे योग प्रशिक्षक प्रिंस रंजन बरनवाल ने बताया कि योग सप्ताह के तहत योग रंजन



पार्क में मौजूद लोगों को योगाभ्यास कराती प्रशिक्षक आकांक्षा वर्मा। ● अमृत विचार

- बल फार्म के पास रविवार सुबह मिली थी लोकेशन
- एक घंटे की घेरेबंदी के बीच जंगल में चला गया हमलावर बाघ

फाउंडेशन की ओर से रोजाना प्रातःकालीन योग सत्र के साथ जनजागरूकता, स्वास्थ्य संवाद एवं विशेष योग प्रशिक्षण कार्यक्रम होगें। इसका उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य, सौहार्द्र एवं संतुलन को बेहतर करने का प्रयास करना है। इस मौके पर योग प्रशिक्षक सुमन राजपूत, योग वॉलंटियर अश्विन राजपूत, गुंजन तोमर, प्रीति शुक्ला, ज्योति तिवारी, दिनेश गुप्ता एवं पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

### बाथम वैश्य धर्मशाला समिति के सभापति बने रमाकांत गुप्ता

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** बाथम वैश्य धर्मशाला समिति की प्रबंध कार्यकारिणी की तीन सदस्यीय टीम का चुनाव रविवार को निर्विरोध संपन्न हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट सुशील कुमार बाथम ने बताया कि सहायक चुनाव अधिकारी अरविंद कुमार गुप्त एवं राम गोपाल गुप्त की मौजूदगी में समिति सदस्यों की देख रेख में चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। मगर, एकल नामांकन होने से सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए। इनमें रमाकान्त गुप्त सभापति, राम मोहन गुप्त उपसभापति, सुनील बाथम मंत्री, हेमंत कुमार गुप्त सहमंत्री, सुरेश चंद्र गुप्त कोषाध्यक्ष और रामजी गुप्त गुड़वाले, प्रदीप कुमार गुप्त, हरी शंकर गुप्त, नीरज गुप्ता, ब्रह्मऋषि नागर एवं आनंद कुमार गुप्त कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी ने बताया कि चुनाव परिणाम के बाद पदाधिकारियों एवं सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण पत्र देकर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। प्रमोद कुमार गुप्त, राजीव कुमार सर्राफ, मुकेश कुमार गुप्त, संतोष जी गुप्ता, धर्मशाला प्रबंधक राजेश नागर, बसंती लाल यादव आदि मौजूद रहे।



बाथम वैश्य धर्मशाला में मौजूद नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्य ● अमृत विचार

# भौरुआ और कितनापुर के बीच बनवाया जाए पुल

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचारः** भाजपा नेता डॉ. रत्नेश गंगवार और उनकी पत्नी जिला पंचायत सदस्य प्रियंका गंगवार ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान बीसलपुर क्षेत्र की समस्याएं रखी और उनका समाधान कराने का आग्रह किया गया। इस पर मुख्यमंत्री ने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। दोनों ने मुख्यमंत्री को राम दरबार भी भेंट किया।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान भाजपा नेता ने कहा कि बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भौरूआ और कितनापुर के बीच पुल का निर्माण नहीं हो सका है। इसकी वजह से आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। इसे देखते हुए पुल का निर्माण कराने की मांग की है। ग्राम चौसर हरदोई पट्टी और नगरिया फतेहपुर के बीच बाढ़ की वजह से



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को रामदरबार भेंट करते डॉ .रत्नेश गंगवार।

- मुख्यमंत्री से मुलाकात कर भाजपा नेता ने रखी मांग

क्षतिग्रस्त हुए मार्ग का बारिश के मौसम से पहले पुनः निर्माण कराने की मांग की। इसके अलावा तहसील मुख्यालय बीसलपुर पर चिकित्सा सेवाओं को दुरुस्त बनाने के लिए बड़े सरकारी अस्पताल भवन का निर्माण कराकर पर्याप्त स्टाफ की तैनाती कराने, युवाओं के लिए एक स्टेडियम बनवाने का आग्रह किया। बीसलपुर में परिवहन सेवा को दुरुस्त बनाने के लिए उचित स्थान पर रोडवेज बस स्टैंड बनवाने की भी मांग की गई।

# अहमदाबाद विमान हादसे पर शब्दाक्षर ने दी श्रद्धांजलि



गोला में विमान हादसे पर शोक व्यक्त करते शब्दाक्षर संस्था के लोग।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर की जिला इकाई ने12 मई को हुई अहमदाबाद विमान दुर्घटना में असामयिक काल के गाल में समाये नागरिकों की आत्मा की शान्ति हेतु शोक सभा की। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शान्ति प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करने और उनके परिजनों को यह असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति देने के लिए प्रार्थना की। शब्दाक्षर के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविप्रताप सिंह के निर्देश पर सभा में लोगों ने अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर शान्ति पाठ किया। शोक सभा में केके शुक्ल, मधुकर शैदाई, रामकुमार गुप्ता, डॉ.वीरेश बाजपेई, शशिकांत मिश्र, रमाकान्त चौधरी, आलोक तिवारी, राजेन्द्र मिश्र, श्याममोहन मिश्र, सुरेश ठाकुर, अशोक मिश्रा, सर्वेश शुक्ल, हरद्वारी लाल शाह, मनोज श्रीवास्तव सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे।

# सरस्वती विद्या निकेतन के तीन विद्यार्थी नीट 2025 में चयनित

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** विद्या कुंवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज के तीन विद्यार्थियों ने नीट. परीक्षा 2025 में चयनित होकर विद्यालय एवं अपने परिवार का गौरव बढ़ाया है। कॉलेज के पूर्व छात्र अवनीश कनौजिया पुत्र लालाराम ने नीट परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 943 रैंक प्राप्त की है। मोहनलाल वर्मा की पुत्री प्रज्ञा वर्मा ने रैंक 5501 प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। संजय कुमार वर्मा की पुत्री अनुष्का वर्मा ने भी 1566 रैंक प्राप्त कर मेडिकल कॉलेज में अपनी सीट सुनिश्चित करा ली है। विद्यालय में उन्हें बुलाकर मुह मीठा कराकर स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय में प्रदान किये गए अनुशासन युक्त माहौल एवं अपने शिक्षकों को दिया है।



विद्या निकेतन के चयनित छात्रों को स्मृति चिह्न देतीं प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी।

### मोहम्मद कैफ का का नीट में हुआ चयन

**मझगईं।** अमृत विचार : कस्बा निवासी लाल मोहम्मद के बेटे मोहम्मद फैज का नीट में चयन हुआ है। उसकी ऑल इंडिया रैंक 5252 आई है। इससे उसके परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वर्ष 2022 में कैफ के बड़े भाई मोहम्मद फैज ने नीट क्वालीफाई की थी। वह वर्तमान समय में एमबीबीएस कर रहे हैं। समाजसेवी मोहम्मद खान, मुकेश दीक्षित, दिनेश दीक्षित, सरफराज अहमद, हाजी डॉक्टर शाकिर अली, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि अवधेश गुप्ता सहित क्षेत्रीय लोगों ने बधाई दी है।



मोहम्मद कैफ

# बांसगांव मे प्रथम विष्णु महायज्ञ, संत सम्मेलन शुरू



बांसगांव की कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलहरी

**अमृत विचारः** कुभी ब्लॉक की ग्राम पंचायत बांसगांव मे प्रथम विष्णु महायज्ञ व विशाल संत सम्मेलन की शुरुआत कलश यात्रा निकालकर की गई।

बांसगांव में 15 जून से 21 जून तक होने वाली यज्ञ के आयोजक पवनानंद फलाहारी बाबा ने बताया कि बाबा टेढ़े नाथ धाम स्थित गोमती नदी से जल लेकर जल यात्रा निकाली गई। नैमिष धाम के आचार्य दुर्गेश शास्त्री ने बेदी रचना की। सीतापुर की महिला कथा व्यास जया किशोरी शाम को कथा सुनाएंगी। कलश यात्रा और यज्ञ की व्यवस्था के लिये कथा व्यास बैजनाथ सिंह, दिनेश मिश्रा, सोनू मिश्रा, राकेश मिश्रा, प्रमोद तिवारी सुरेश चन्द्र शुक्ला मुकेश मिश्रा, अमित तिवारी, कुलदीप मिश्रा, जितेन्द्र शुक्ला, दामोदर राज, अनूप गौतम, ग्राम प्रधान सोमनाथ मिश्रा, रामपाल यादव, राजेंद्र यादव, अतुल कुमार भार्गव, बीनू शुक्ला सहित तमाम ग्रामीण और महिलाएं मौजूद रही।

### इग्नू अध्ययन केंद्र में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में जुलाई 2025 सत्र के प्रवेश लिए ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। इच्छुक विद्यार्थी इग्नू के अध्ययन केन्द्र सीजीएन पीजी कॉलेज, गोला में बीए,बीकाम, एमए हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, ग्रामीण विकास, छह माह के विभिन्न सर्टिफिकेट कोर्स और एक वर्षीय रोजगारपरक डिप्लोमा आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास, अनुवाद, खाद्य एवं पोषण आदि में ऑनलाइन प्रवेश प्रारम्भ है।

इग्नू समन्वयक डॉ अरूण कुमार सिंह ने बताया कि एडमिशन प्रोसेस के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन किया जा सकता है। इग्नू में साल में दो सेशन जुलाई और जनवरी सेशन के लिए एडमिशन प्रोसेस चलता है। अगर विद्यार्थी ऑनलाइन पढ़ना चाहते है या फिर डिस्टेंस लर्निंग करना चाहते हैं, तो वे सभी छात्र इग्नू में प्रवेश ले सकते हैं, जिनका इंटरमीडिएट मे 40 प्रतिशत से कम अंक है, इंटर प्राइवेट है या गैप इयर है, ऐसे सभी विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं।

### कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** रुपये दोगुने करने का झांसा देकर 1.57 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर सुनगढ़ी पुलिस ने कंपनी के मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम बरहा निवासी गोपाल सिंह ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी बचत करने के लिए एमएचए प्रापर्टी इंडिया लिमिटेड कंपनी में कुछ रुपये रुपपुर कृपा गांव के भागीरथ के कहने पर जमा किए थे। पांच साल में रुपये दोगुना करने की बात कही गई। 30 जून 2024 को वह भागीरथ के घर रुपये मांगने गए तो आरोपी ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। रुपये वापस करने से इन्कार कर दिया।

# एसीए को हराकर सेमीफाइनल में एमएस-7

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- रॉयल प्रूडेंस डिग्री कॉलेज में खेली जा रही प्रतियोगिता
- क्रिकेट लीग के तहत रविवार को खेले गए दो मैच

**अमृत विचार:** रॉयल प्रूडेंस डिग्री कॉलेज में खेली जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत रविवार को मैदान पर दो मैच खेले गए। पहला मैच एमएस-7 और एसीए के बीच हुआ। इसमें एमएस- 7 विजेता बनी। जबकि दूसरा मैच लखीमपुर लायंस और रॉयल चैंपियंस के बीच हुआ। इसमें लखीमपुर लायंस विजेता बनी।

अंडर-20 चैंपियंस लीग के तहत रविवार को खेले गए पांचवे मैच का टॉस एसीए ने जीता। पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम ने 20 ओवर में 186 रन बनाए। इसमें बल्लेबाज अनन्य ने 59 और निशांत का 47 रन का योगदान रहा।वहीं एमएस-7 के गेंदबाज रिजवान और इरफान ने दो-दो विकेट लिए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमएस-7 के बल्लेबाजी ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 18.5 ओवर में 187 रन बनाकर मुकाबला जीता। इसमें बल्लेबाज समर ने 77 और शिव का 23 रन का सहयोग रहा। जबकि एसीए के गेंदबाज अनन्य, देवांश ,दीपक और शनि ने एक-एक विकेट लिया।

इसके बाद छठा मुकाबला लखीमपुर लायंस और रॉयल चैंपियंस के बीच खेला गया। लखीमपुर लायंस ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए शिवांश के 58 और राजदीप के 24 रनों के बदौलत 162 रन बनाए। रॉयल चैंपियंस के सुयश, आदर्श एवं प्रज्ञा ने दो-दो विकेट लिए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल चैंपियंस 20 ओवरों में 125 रन ही बनाकर टूर्नामेंट से बाहर हो गयी । टीम के खिलाड़ी हार्दिक ने 30 और आदर्श ने 18 रन बनाए। इस दौरान श्याम मोहन, मनीष, पीयूष, धर्मवीर, उत्कर्ष सहित आदर्श पांडे सहित तमाम क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।



रॉयल प्रूडेंस कॉलेज के खेल मैदान पर शॉट लगाता बल्लेबाज ● अमृत विचार

### एक ही जमीन को तीन बार बेचा, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आसफजान निवासी दीपक कुमार की ओर से कोर्ट के आदेश पर सुनगढ़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़ित ने बताया कि उसने नौगवां पकड़िया स्थित जमीन वहीं के कन्हैया लाल से 26 जून 2021 को खरीदी थी। राजस्व अभिलेखों में उसका नाम भी दर्ज हो गया था। जमीन का आधा हिस्सा उसके भाई शरद कुमार ने भी खरीद लिया था। मौके पर कन्हैया की कोई जमीन शेष नहीं रह गई थी। आरोप है कि धोखाधड़ी और फर्जी कागजात तैयार कर संपूर्ण भूमि का इकरारनामा सरताज अहमद और अल्ताफ के नाम करा दिया। जिसके एवज में दो लाख 20 हजार रुपये लिए गए। आरोपी इसके बाद उसने दोबारा धोखाधड़ी करके उक्त जमीन का खातून पत्नी मुख्तयार खां से कर लिया।

# हाईवे पर ट्रक में घुसी बस, मचा हड़कंप

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचारः** असम हाईवे पर निजी बस ट्रक के पीछे जा घुसी। इसमें ड्राइवर सहित कई अन्य कुछ सवारियों को चोट आई। हादसा गजरौला थाना क्षेत्र के कटना पुल के नजदीक रविवार सुबह करीब 7 बजे हुआ। निजी बस ट्रक के पीछे जा घुसी। इसके बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। बस क्षतिग्रस्त हो गई। दरोगा मोहम्मद आरिफ ने बताया कि प्राइवेट बस अमृतसर से करीब साठ सवारियां लेकर लखीमपुर जा रही थी। ट्रक ड्राइवर मौके से भाग गया। बस में सवार कुछ लोगों को मामूली चोट आई थी।



हादसे में क्षतिग्रस्त हुई बस।

# रात भर सड़क किनारे पड़ा रहा चालक का शव

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विचारः** पुलिस चौकी औरंगाबाद के गांव सदरपुर के पास एक डीसीएम शनिवार की देर शाम अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में चालक की मौत हो गई। रात गश्त का दंभ भरने वाली चौकी पुलिस की नजर डीसीएम पर नहीं पड़ी। पुलिस चौकी से दो किलोमीटर की दूरी पर 12 घंटे बाद रविवार की सुबह पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

शनिवार की रात एक डीसीएम पुलिस चौकी से दो किलोमीटर दूर गांव सदरपुर के पास अनियंत्रित होकर शाम सात बजे पेड़ से टकरा गई थी। हादसे में बागपत जिले के गांव नागण थाना छपरौली निवासी डीसीएम चालक संजीव उर्फ बब्बू पुत्र हरिपाल की मौत हो गई। हादसे के 12 घंटे बाद लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

ग्रामीण पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। चौकी प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा ने बताया कि डीसीएम कोई पेड़ नहीं टकराई न ही कोई हादसा हुआ है। सुबह 06:30 पुलिस को शव पड़े होने की सूचना मिली थी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



गांव सदरपुर के पास पेड़ से भिड़ी डीसीएम। ● अमृत विचार

### 50 लाख रुपये मांगने पर सेवानिवृत अधिकारी को धमकाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ निवासी निर्मल मिश्रा नौसना से सेवानिवृत अधिकारी है और मौजूदा समय में वह महानगर में रिलायंस कंपनी में एरिया मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में अधिकारी ने बताया कि उनकी पहचान नौकरी के दौरान गौरव सिरोही से हुई थी, जिसकी वजह से उनका परिचय बबीता विश्नोई निवासी हिमगिरि कॉलोनी हरथला से हुआ। पीड़ित के अनुसार बबीता विश्नोई की सिफारिश पर उन्होंने बबीता के परिचित सरताज निवासी मोहल्ला नियारियान काजियान अगवानपुर को 50 लाख रुपये उधार दिए थे। कुछ दिन बाद उधारी की रकम वापस मांगने पर सरताज ने उन्हें 10-10 लाख के दो चेक व 18 लाख का एक चेक दिया जो बाउंस हो गए। विरोध पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

# संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता, बरखेड़ा

- बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव भंबापुरी की घटना, पुलिस कर रही जांच
- खेत पर गंभीर रूप से घायल और बेसुध हालत में मिला था युवक अस्पताल ले जाते हुई मौत

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। परिवार वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस छानबीन कर रही है।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अलकथान गौटिया के मजरा भंबापुरी निवासी रोहित (18) शनिवार शाम पशुओं के लिए चारा लेने खेत पर गए थे। काफी देर तक घर न लौटने पर जब परिजनों ने खोजबीन शुरू की, तो वह खेत पर गंभीर रूप से घायल और बेसुध हालत में मिले। उसे परिवार वाले मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि शुक्रवार शाम को रोहित का गांव के कुछ लोगों से स्ट्रीट लाइट तोड़ने को लेकर विवाद हो गया था। इस पर कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी। जब उसका भाई बचाने गया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की थी। इसके बाद मामला शांत हो गया। इसी के चलते हत्या करने का आरोप लगाया। इसकी सूचना मिलने पर बरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच करा रहे हैं।

# टीम को चकमा देकर भाग निकला महिला की जान लेने वाला बाघ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बल फार्म के पास रविवार सुबह लोकेशन मिली थी लोकेशन
- एक घंटे की घेराबंदी के बीच सुतिया नाले से होते हुए जंगल में चला गया हमलावर बाघ

**अमृत विचार:** ट्रांस शारदा क्षेत्र में घर के बाहर लगे नल पर पानी भरने गई महिला की जान लेने वाले बाघ बमुश्किल लोकेशन तो मिल गई। टीम ने बाघ की मौजूदगी वाले क्षेत्र की घेराबंदी भी की, मगर करीब एक घंटे की जद्दोजहद के बाद बाघ टीम को चकमा देकर सुतिया नाले होता हुआ जंगल चला गया। फिलहाल टीम बाघ की लोकेशन जानने के प्रयास में जुटी हुई है।

हजारा थाना क्षेत्र के शांतिनगर गांव के नजदीक संपूर्णानगर रेंज का जंगल है। बीते 3 जून की रात गांव निवासी रामकिशोर की पत्नी रेशमा देवी घर के बाहर लगे नल पर पानी भरने के लिए गई थी। इस बीच जंगल से निकले बाघ ने हमला कर उन्हें निवाला बना लिया था। शव को बाघ करीब तीन सौ मीटर दूर जंगल की तरफ खींच ले गया था। गुस्साए परिजन ने गांव के बाहर शव रखकर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। जिसे पुलिस ने देर रात खुलवाया था। घटना के बाद उच्चाधिकारियों से मिली अनुमति मिलने के बाद बाघ को पकड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

संपूर्णानगर वन रेंज की टीमें लगातार बाघ की तलाश में जुटीं हुई है। वहीं दुधवा नेशनल पार्क के विशेषज्ञ भी डेरा डाले हुए हैं। हमलावर बाघ की लोकेशन जानने के लिए दुधवा टाइगर रिजर्व से हथिनी चमेली और पवनकली को लाया गया है। पिछले करीब 4 दिन से बाघ की तलाश की जा रही थी। इधर, रविवार सुबह बाघ कबीरगंज के पास बल फार्म के नजदीक मार्ग पार करते हुए दिखाई दिया। सूचना मिलते ही टीमें मौके पर पहुंच गई। रेस्क्यू टीम भी मौके पर जा पहुंची। बाघ की मौजूदगी वाले क्षेत्र की घेराबंदी भी कर ली गई। बताते हैं कि करीब एक घंटे बाद बाघ खेतों से होता हुआ सुतिया नाले में चला गया। चूंकि सुतिया नाला काफी बीहड़ है। ऐसे में बाघ को तलाशने के लिए जेसीबी भी मंगाई गई। मगर टीम को कोई सफलता नहीं मिल सकी।

वन अफसर बाघ के जंगल में चले जाने की संभावना जता रहे हैं। संपूर्णानगर रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि टीमों द्वारा बाघ की तलाश की जा रही है।

## कुत्ते को नहलाते समय नहर में डूबकर युवक की मौत

**मितौली, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के मझिगवां गांव निवासी एक युवक कुत्ते को नहलाते समय पैर फिसलने से गहरे पानी में जा गिरा, जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई। उसका शव सीतापुर जिले के थाना महोली क्षेत्र में नहर से बरामद हुआ है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मितौली थाना क्षेत्र के मझिगवां निवासी रमेश राठौर (50) गांव से करीब एक किलोमीटर दूर ग्राम जनपद सीतापुर की महोली कोतवाली क्षेत्र की पंचायत लुकटहा के मजरा गंगापुर स्थित नहर में अपने कुत्ते को नहलाने गया था। इस बीच उनका पैर फिसल गया और नहर झाल के पास वह गहरे पानी में गिरकर डूब गए। देर शाम तक जब रमेश घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। रविवार शाम को उनका शव झाल में बरामद हुआ। सूचना पाकर महोली कोतवाली पुलिस और परिजन भी मौके पर पहुंच गए। शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# पत्नी की बेरहमी से की हत्या, पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

### भमोरा थाना क्षेत्र के गांव दलीपुर में शनिवार रात दिया वारदात को अंजाम

संवाददाता, बरेली/भमोरा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी कुंवरसेन उर्फ ऋषिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भमोरा थाना क्षेत्र के गांव दलीपुर में शनिवार रात शराबी पति ने महिला की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने भागने की कोशिश की लेकिन लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कुंवरसेन उर्फ ऋषिया काफी समय से लुधियाना में रहकर नौकरी करता था। वहीं पर उसकी मुलाकात बिहार निवासी पुष्पा से हो गई। इसके बाद दोनों के बीच प्रेमप्रसंग हो गया और दोनों ने शादी कर ली। इसके बाद दोनों दलीपुर चले आए। शनिवार को वह शराब के नशे में था। उसने पुष्पा से खाना मांगा। इसी बीच पुष्पा से उसका विवाद होने लगा तो उसने चाकू, सब्जी छीलने वाले कटर और बेल्ट से पुष्पा की हत्या कर दी। शोरशराबा सुनकर आसपास के लोगों ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया और भमोरा पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर देर रात एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा, सीओ आंवला, भमोरा पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। एसपी दक्षिणी ने बताया कि आरोपी कुंवरसेन ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

**शाम 8 बजे पुष्पा को परिजनों ने बचाया था :** गांव के लोगों ने बताया कि शनिवार शाम को कुंवरसेन शराब पीकर आया था। रात 8 बजे पुष्पा का उससे विवाद हो गया, तब वह पुष्पा की हत्या करने की कोशिश करने लगा तो आरोपी की मां फूलावती ने गांव के लोगों को बुलाकर पुष्पा को बचा लिया। इसके बाद वह दोबारा शराब पीकर रात को आया और पुष्पा की हत्या कर दी। लोगों ने बताया कि कुंवरसेन के आचरण से परेशान होकर उसका भाई राजवीर अपने हिस्से की जमीन बेचकर बच्चों सहित गांव से बाहर चला गया है। कुछ महीने पहले राजवीर अपनी मां से मिलने के लिए गांव आया था, तब कुंवरसेन ने उसके साथ भी मारपीट की थी।

#### गांव में धधक रहीं शराब की भट्टियां

गांव के लोगों ने बताया कि दलीपुर गांव में कई लोग अरिल नदी के किनारे कच्ची शराब बनाते हैं। शराब को गांव के करीब 40 लोग बेचते हैं। परचूनी की दुकानों पर शराब बिकती है। इस वजह से गांव की युवा पीढ़ी भी शराब की लत में पड़ गई है। बताया कि 14 साल पहले शिकायत करने पर तस्करों ने गांव के मोर सिंह की हत्या पुआल में जिंदा जलाकर कर दी थी।

## कोहाड़ापीर शाह बाबा के कुल में उमड़े अकीदतमंद

**बरेली, अमृत विचारः** कोहाड़ापीर शाह बाबा के कुल की रस्म रविवार को अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने भाग लिया। शुरुआत सुबह कुरानख्वानी से हुई। उसके बाद दरगाह पर संदल पेश किया गया। दरगाह शाहदाना वली के मुतावल्ली अब्दुल वाजिद खां नूरी, वसी अहमद वारसी, नईम वारसी, अकरम वारसी, सलीम रजा ने दरगाह पर हाजिरी देकर चादरपोशी की।

फनकार मोबिन नियाजी ने कलाम पेश किए। उसके बाद रंग शरीफ पढ़ा गया। सुबह 10: 30 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की गई, जिसमें देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। उसके बाद अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों के लिए दुआ की गई। चौधरी असलम मियां ने बताया उर्स के मौके पर इंस्पेक्टर प्रेमनगर आशुतोष रघुवंशी और कोहाड़ापीर चौकी इंचार्ज को सम्मानित किया गया। सभी कार्यक्रम दरगाह प्रबंधक चौधरी अहमद मियां की देखरेख में हुए। कुल शरीफ की रस्म में खानकाह-ए-निजामिया के गद्दीनशीन पाशा मियां निजामी, हाजी नुरुल्ला, कसमउद्दीन घोसी, हाजी अशरफ खां आदि मौजूद रहे।

# पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन सात हजार पार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कॉलेज में बीए, बीएससी और बीकॉम में प्रवेश के लिए छात्र कर रहे आवेदन
- कला संकाय अब भी छात्रों की पहली पसंद, सबसे ज्यादा आवेदन

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में सत्र 2025-26 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले को लेकर विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। आंकड़े भी यही बता रहे हैं। कुछ दिनों में 7196 विद्यार्थियों ने कॉलेज में विभिन्न कोर्सों में प्रवेश के लिए आवेदन किए हैं। सबसे ज्यादा रुझान बीए (प्रथम वर्ष) में देखने को मिला है, जिसमें अब तक 3270 छात्र-छात्राएं आवेदन कर चुके हैं।

यह दर्शाता है कि कला संकाय अब भी छात्रों की पहली पसंद बना हुआ है। विज्ञान संकाय में भी विद्यार्थियों की रुचि बढ़ती नजर आ रही है। बीएससी बायोलॉजी प्रथम वर्ष में 1293, बीएससी मैथ्स प्रथम वर्ष में 460 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वाणिज्य संकाय में बीकॉम प्रथम वर्ष में 980 छात्रों ने आवेदन किया है, जबकि बीकॉम ऑनर्स में 296 विद्यार्थियों ने दिलचस्पी दिखाई है। वहीं, प्रोफेशनल कोर्स की बात करें तो बीसीए प्रथम वर्ष में 488 और बीबीए प्रथम वर्ष में 409 आवेदन अब तक आ चुके हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो वंदना शर्मा ने बताया कि पिछले साल भी करीब नौ हजार से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किए थे। इस साल ये आंकड़ा बढ़ सकता है। प्रवेश के लिए इस बार भी मेरिट के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। आवेदन की बढ़ती संख्या को देखते हुए छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा भी काफी कड़ी रहने की उम्मीद है। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है और जल्द ही प्रवेश की कट ऑफ सूची जारी की जाएगी। सभी छात्रों से दस्तावेज सही तरीके से अपलोड करने और समय पर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की गई है।

# छप्पर में लगी आग से जला सामान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** रविवार सुबह एक छप्परपोश मकान में आग लगने से गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। हादसा सुबह करीब तीन बजे हुआ। जब परिवार गहरी नींद में सोया था। आग की लपटें उठने पर आसपास के ग्रामीणों ने परिवार को निकाला और फिर बमुश्किल आग बुझाई। एसडीएम सदर मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार का हाल जाना। साथ ही गृहस्थी का सारा सामान मुहैया कराते हुए पांच हजार रुपये की आर्थिक मदद दी।



मौके पर पीड़ित परिवार से बात करते एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता। ● अमृत विचार

- एसडीएम सदर ने पहुंचकर पीड़ित परिवार को तत्काल दी राहत

बता दें कि सदर तहसील क्षेत्र के गांव जिरौनिया निवासी सीताराम पुत्र नत्थूलाल का कच्चा मकान है। शनिवार को परिवार के साथ खाना खाने के बाद सो रहे थे। रविवार की सुबह करीब 3 बजे छप्पर में आग लग गई। आग में मकान में रखा राशन, कपड़े, बर्तन आदि जल गए। जानकारी मिलने पर एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता और तहसीलदार अर्ची गुप्ता मौके पर पहुंची। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना के बारे में जानकारी ली। लेखपाल को मौके पर बुलाकर नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट देने के लिए कहा। स्थिति को देखते हुए एसडीएम सदर ने पांच हजार की आर्थिक मदद करते हुए मौके पर गैस सिलेंडर, दो चारपाई, राशन, कपड़े, बिस्तर आदि सामान मांगवाकर दिया। इसके अलावा आवासीय योजना के तहत मकान भी दिलवाने का भरोसा दिलाया।

# चरमरा गई बिजली व्यवस्था हर घंटे में सप्लाई रही ठप

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचारः** गोला गोकर्णनाथ से संचालित अलीगंज फीडर की बड़ी दयनीय दशा है। लापरवाह अधिकारियों का खामियाजा ग्रामीण उपभोक्ताओं को भरना पड़ रहा हैं। रविवार की सुबह 4 बजे गई बिजली शाम तक नसीब नहीं हुई। अधिकारियों के वही रटे रटाये जवाब अभी दिखवा रहे हैं। बस उनका काम खत्म हो गया।

वैसे तो अलीगंज फीडर पर तीन लोग संविदा पर तैनात हैं। बाकी तीन लोग ही प्राइवेट कर्मचारी हैं, फिर भी लाइट कभी 10 से 12 घंटे सुचारू रूप से नही मिल पा रही हैं। भीषण गर्मी में पानी तक ग्रामीणों को नसीब नहीं हो पा रहा हैं लेकिन अधिकारियों के कान में जू तक नहीं रेंग रहा है। अधिकारियों की इस कार्यशैली से ग्रामीणों में रोष है।

#### जेई एसडीओ नहीं उठाते अपना फोन

अगर किसी उपभोक्ता को कोई जानकारी चाहिए हो तो कर्मचारियों से लेकर अधिकारी तक फोन नहीं उठाते। इतना ही नहीं ड्यूटी पर तैनात एसएसओ भी फोन नहीं उठाते हैं। अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि पता करता हूं कि सुबह से अब तक क्यों नहीं बिजली मिल पा रही है।

**मुख्यमंत्री के जनता दरबार में करेंगे शिकायत :** ग्रामीणों ने बताया कि मुख्यमंत्री के जनता दरबार में समस्या से अवगत कराएंगे। कि अलीगंज फीडर पर आए दिन समस्या बनी रहती हैं फिर भी अधिकारी नहीं चेतते हैं। साथ ही गांवों में 18 घंटे बिजली आपूर्ति का मखौल उड़ाया जा रहा है।

# गिरफ्तारी नहीं दे सके मौलाना तौकीर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मौलाना बोले, पुलिस मुझसे जुड़े लोगों को नहीं रोक पाएगी
- सोमवार को 72, मंगलवार को 313 लोगों के साथ देंगे गिरफ्तारी

**अमृत विचारः** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने रविवार को गिरफ्तारी देने की कोशिश की लेकिन फोर्स तैनात होने की वजह से वह सौदागरान स्थित घर से बाहर ही नहीं निकल सके। इस पर वह भड़क गए और कहा कि देश के हालात बेहद खराब हैं। गिरफ्तारी की मुहिम देश भर में जारी रहेगी। गिरफ्तारी का सिलसिला तब तक चलेगा जब तक ये तमाम बेमानी रुकेंगी नहीं। हालांकि आईएमसी के अन्य पदाधिकारी अपनी गिरफ्तारी देने के लिए दामोदर पार्क पहुंच गए। वहां पर उन्होंने ज्ञापन देकर जमकर नारेबाजी की।

मौलाना तौकीर रजा खां ने शुक्रवार को एलान किया था कि मुसलमानों पर अत्याचार किया जा रहा है। जिसके विरोध में वह अपने 10 साथियों के साथ रविवार को सेठ दामोदर स्वरूप पार्क पहुंचकर गिरफ्तारी देंगे। इसको लेकर शनिवार रात से ही मौलाना और उनके पार्टी के नेताओं के घरों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात करके नजरबंद कर दिया गया था। रविवार सुबह से बिहारीपुर से लेकर मोहल्ला सौदागरान तक पुलिस, पीएसी, आरएएफ और अधिकारियों ने डेरा डालना शुरू कर दिया। दोपहर 12 बजे के बाद मौलाना तौकीर के घर पर भारी फोर्स तैनात कर दी गई। काफी देर मौलाना के साथ बंद कमरे में बातचीत का सिलसिला चला। दोपहर डेढ़ बजे मौलाना जब अपने घर से गिरफ्तारी देने के लिए निकले तो पुलिस ने उन्हें रोक लिया।

इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए तौकीर रजा खां ने कहा कि देश के हालात बेहद खराब हैं। कानून व्यवस्था को बिगाड़ने का काम पुलिस और शासन कर रहा है।

#### पुलिस और सरकार हिंदू बनकर कर रही काम

मौलाना ने कहा कि सरकार और पुलिस खुद संविधान की धज्जियां उड़ा रही हैं। पुलिस और सरकार हिंदू बनकर काम कर रही है। सरकार के लिए प्रदेशभर के हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई एक समान होने चाहिए, लेकिन मुख्यमंत्री हिंदू की हैसियत से काम कर रहे हैं। 100- 200 कुत्ते मिलकर शेर को मार डाल रहे हैं। अदालत के आदेश के बिना बुलडोजर चलाए जा रहे हैं। हमारे समाज के बच्चों पर अत्याचार हो रहे हैं। गोलियां और लाठियां चलाई जाती हैं। आज भी पुलिस अंग्रेजों के बनाए मैनुअल पर काम कर रही है, जिसमें पहले देशप्रेमियों पर वार होते थे, आज वही मुस्लिम देशप्रेमियों के साथ हो रहा है। मौलाना तौकीर ने बजरंग दल जैसे अन्य संगठनों को आतंकवादी कहते हुए कहा कि ये संगठन हमारे समाज के लोगों की लिंचिंग कर रहे हैं। हम लोग कभी भी कानून व्यवस्था खराब नहीं करते।

# एनओसी न मिलने से स्टेट हाईवे का चौड़ीकरण फंसा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 46 किमी लंबे भमोरा-शाहबाद स्टेट हाईवे के तीन किलोमीटर हिस्से का मामला
- इफ्को फैक्ट्री के पास एनओसी के लिए एक्सईएन लिखे चुके हैं दो पत्र

**अमृत विचारः** भमोरा-आंवला-शाहबाद स्टेट हाईवे के तीन किमी हिस्से का चौड़ीकरण वन विभाग की एनओसी के फेर में फंसा हुआ है। इफ्को फैक्ट्री के आसपास चौड़ीकरण में बाधा बने पड़ों के लिए पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन वन विभाग को एनओसी के लिए दो बार पत्र लिखे चुके हैं लेकिन अब तक एनओसी नहीं मिली है। वन विभाग की टीम सड़क किनारे लगे पेड़ों की नाप और गणना पहले ही कर चुकी है।अनुमान है कि सड़क चौड़ीकरण की जद में आठ हजार से अधिक पेड़ आ रहे हैं। अधिकारी एनओसी इसी महीने मिलने की बात कह रहे हैं।

भमोरा से आंवला रामनगर होते हुए शाहबाद तक 46 किलोमीटर मार्ग का चौड़ीकरण का काम पिछले साल शुरू हुआ था। वर्तमान में यह सड़क सात मीटर चौड़ी है। जिसे दोनों ओर डेढ़-डेढ़ मीटर बढ़ाकर 10 मीटर किया जा रहा है। इस मार्ग के बनने से जहां बरेली के लोगों को शाहाबाद, बिलारी और संभल के लिए एक नया रास्ता मिलेगा। वहीं संभल से मुरादाबाद, बबराला और अलीगढ़ के लिए भी कनेक्टिविटी मिलेगी।

पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड के एक्सईएन राजीव अग्रवाल ने बताया कि यह स्टेट हाइवे भमोरा-आंवला-शाहबाद-बिलारी तक 88 किमी लंबा बनना प्रस्तावित है। यह हाईवे तीन जिलों को जोड़ेगा। इसमें बरेली के हिस्से में 46 किमी का हिस्सा है। भमोरा से शाहबाद के टांडा तक का सड़क चौड़ीकरण का काम काफी हद तक हो चुका है।

# सिल्ट न उठाने से बारिश में फिर जा रही नाले में

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विधान परिषद समिति की बैठक में सदस्यों ने सिल्ट इधर-उधर डालने का उठाया मुद्दा
- गैरहाजिर रहने पर मुख्य अभियंता और अपर मुख्य अधिकारी लखनऊ तलब

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की समिति ने विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद, जिला पंचायत और नगर निगम में अनियमितताओं की जांच और विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में समिति के सदस्यों ने कहा कि नालों की सफाई के बाद सिल्ट इधर-उधर डाल जाती है और यह बारिश में फिर नाले में जली जाती है।

ऐसी सफाई का क्या फायदा। इसके अलावा मच्छरों को मारने के लिए फागिंग की गुणवत्ता, स्कूल-कॉलेजों में मूलभूत सुविधाओं के मुद्दे भी उठाए। समिति ने बैठक से गैरहाजिर रहने पर आवास विकास परिषद के मुख्य अभियंता राजेंद्र नाथ और शाहजहांपुर जिला पंचायत के एएमए (अपर मुख्य अधिकारी) संतोष कुमार को लखनऊ तलब कर लिया है।

समिति के सभापति बृजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में रविवार को बरेली और शाहजहांपुर जिले के अधिकारियों के साथ बैठक में समिति ने बीडीए से रामगंगा नगर परियोजना के कार्यों की जांच को लेकर जवाब मांगा। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए ने कहा कि कुछ स्थानों को कब्जा मुक्त करते हुए प्लाट आवंटित कर दिए गए हैं। तीन वाटर टैंक निर्माणाधीन हैं। प्राधिकरण की आय में लगातार वृद्धि हुई है। समिति ने कार्य पूरा होने पर अवगत कराने को कहा।

समिति को शाहजहांपुर आवास विकास परिषद की ओर से बताया कि उनके पास तीन परियोजनाएं हैं। कोर्ट में मामले लंबित होने की वजह से अवैध कब्जे हटाने की संख्या शून्य बताई गई। सभापति ने प्रभावी पैरवी कराते हुए कोर्ट से जल्द से जल्द निर्णय कराने पर जोर दिया। इस दौरान समिति ने ईडब्लूएस, एलआईजी, एमआईजी और व्यवसायिक भूखंडों के बारे में भी जानकारी ली।

समिति के सदस्य जयपाल सिंह व्यस्त ने विकास प्राधिकरण के सापेक्ष आवास-विकास के कार्यों की सुस्त गति का मुद्दा उठाया। कहा कि ऐसा होने से आवास विकास के अस्तित्व पर ही प्रश्न चिह्न है। सदस्य जयपाल सिंह व्यस्त और हरी सिंह ढिल्लो ने कहा कि देखा जाता है कि नगर निगम क्षेत्र में नाला सफाई के बाद सिल्ट को इधर-उधर डाल दिया जाता है, इससे बारिश होने पर मलबा दोबारा नाले में चला जाता है। ऐसी सफाई होने से क्या फायदा, इसे गंभीरता से लिया जाए। मच्छरों के खात्मे के लिए होने वाले छिड़काव में मिलाई जाने वाली दवाओं का सैंपल लेकर उसकी गुणवत्ता की जांच नगर आयुक्त खुद कराएं। वहीं स्कूल-कॉलेजों में मूलभूत सुविधाओं का मुद्दा उठा।

#### नगर आयुक्त से पार्षद मिल पाते हैं या नहीं

नगर निगम शाहजहांपुर की ओर से वसूली के बारे में समिति ने पूछा तो बताया गया कि 29 करोड़ की वार्षिक वसूली है। इस पर समिति ने सवाल दागा कि आय बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं। बताया गया कि नए क्षेत्र चिह्नित किए जा रहे हैं। समिति ने यह भी पूछा कि नगर आयुक्त से मिलने में पार्षदों को कोई दिक्कत तो नहीं होती है। गोशालाओं पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। आवास विकास परिषद बरेली ने बताया कि उनकी पांच परियोजनाओं को बीडीए को हैंडओवर किया जा चुका है। आवासीय भवनों के व्यवसायिक उपयोग पर की गई कार्रवाई के बारे में भी समिति ने पूछा।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर दिया तीन तलाक

**बरेली, अमृत विचार :** दो लाख रुपये नकद और बाइक न मिलने पर पति ने महिला को तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। महिला की शिकायत पर थाना बारादरी पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।जोगीनवादा निवासी सोनम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह बदायूं के मोहल्ला नई बस्ती निवासी शाहरुख के साथ हुआ था। निकाह के बाद से ही पति शाहरुख, ससुर सुल्तान, जेठ शान, जेठानी फूल बी, देवर मोहम्मद कासिम दहेज के मांग करते हुए उत्पीड़न करने लगे। 25 मई 2022 को सभी ने एक राय होकर उसे घर से निकाल दिया और कहा कि जब तक दो लाख रुपये और बाइक नहीं लाओगी तब तक घर में मत आना। 20 मार्च को वह जब ससुराल गई तो पति ने तीन तलाक दे दिया और घर से निकाल दिया।

IIFL FINANCE
CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

सोने के गहनों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया । निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लैटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **23.06.2025 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई-नीलामी यहाँ दी गयी तारीख़ पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो ज़िला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट ज़िला केंद्र पर **10.07.2025** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से ज़िला-स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर ज़िला-स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

ज़िला केंद्र: **बरेली-सिविल लाइंस जीएल - 116-ए, पहली मंजिल, आईसीआईसीआई बैंक के ऊपर, सिविल लाइंस, बरेली-243001**

**शाखा का नाम: बरेली-सिविल लाइंस जीएल, तालुका - बरेली**

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL27187882, GL29222234, GL32294211, GL32733831, GL32740920, GL32815045, GL32834514, GL33030484, GL33059759, GL34121918.

ई-नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई-नीलामी के अनुसार ई-नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

दिनांक: **16.06.2025**
स्थान: बरेली

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

# ओएचई लाइन में खराबी, घंटों देरी से पहुंचीं ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गाजियाबाद में खराब हुई ओएचई, कई ट्रेनों को किया गया डायवर्ट

**अमृत विचारः** गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) लाइन में खराबी आने से दिल्ली की ओर जाने वाली कई ट्रेनें घंटों की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंची। इसके अलावा अन्य कारणों की वजह से भी कई ट्रेनें देरी से पहुंचीं। वहीं ट्रेनों में पानी की कमी न होने से भी यात्री परेशान हुए।

दोपहर करीब 12 बजे ओएचई लाइन में तकनीकी खराबी की वजह से प्रमुख ट्रेनों को बीच रास्ते में ही रोकना पड़ा। कुछ ट्रेनों को स्टेशनों पर खड़ा कर दिया गया, तो कुछ की रफ्तार बेहद धीमी कर दी गई। इसकी वजह से 15075 बरेली दिल्ली पैसेंजर भी आधे घंटे बाद बरेली से चली। इस दौरान 12583 आनंद विहार टर्मिनल डबल डेकर भी गाजियाबाद में करीब दो घंटे खड़ी रही। 04049 ऐशबाग-नई दिल्ली स्पेशल भी 3 घंटे 48 मिनट देरी से दिल्ली पहुंची। शाम को लाइन को दुरुस्त किया गया तब ट्रेनों की आवाजाही सामान्य हो सकी। रेलवे ने यात्रियों से हुई असुविधा के लिए खेद जताया है।

**राजगीर समर स्पेशल पहुंची 28 घंटे 35 मिनट लेट :** समर स्पेशल ट्रेन राजगीर 28 घंटे 35 मिनट और 15119 जनता एक्सप्रेस एक घंटा 57 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। इसके अलावा 14691 मोरध्वज एक्सप्रेस 40 मिनट, अवध असम 7 घंटे, 12369 कुंभ एक्सप्रेस 45 मिनट, 15073 त्रिवेणी एक्सप्रेस 36 मिनट, 13307 गंगा सतलुज एक्सप्रेस 32 मिनट और 12583 आनंद विहार टर्मिनल डबल डेकर एक घंटा 21 मिनट की देरी से पहुंची।

**नौचंदी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में पानी नहीं आने से यात्री परेशान :** 04242 नौचंदी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में पानी नहीं आने से यात्रियों को काफी परेशानी हुई। यही नहीं ट्रेन 2 घंटा 31 मिनट की देरी से भी पहुंची। बरेली जंक्शन पर कोच में पानी भरा गया।

**लखनऊ समर स्पेशल का एसी खराब :** 04210 लखनऊ समर स्पेशल का एसी खराब हो गया। यात्रियों की शिकायत पर रेलवे कर्मियों ने एसी को दुरुस्त कराया। ट्रेन 11 घंटे की देरी से पहुंची। यात्रियों को गर्मी और देरी से दोहरी मार पड़ी।

#### जंक्शन पर भी यात्रियों को परेशानी

बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 पर रविवार को बैठने की जगह नहीं मिलने पर यात्री गत्ते और बोरी बिछाकर जमीन पर बैठ गए। प्लेटफार्म पर लगे वाटर कूलर या तो खराब हैं या उनमें पानी नहीं है। यात्री 20 रुपये की बोतल खरीदने को मजबूर हैं। ट्रेनों के भीतर हालत और भी खराब हैं। जनरल बोगी में इतनी भीड़ है कि यात्री शौचालयों में बैठकर सफर करने को मजबूर हैं। सुल्तानपुर निवासी विमला देवी ने बताया कि बच्चे के साथ सफर कर रही हूं। दो घंटे का सफर छह घंटे में भी पूरा नहीं हुआ।

# चार साल के बच्चे पर कुत्तों ने कई बार किया हमला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शीशगढ़ में घर के बाहर खेल रहा था बच्चा, गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचारः** शीशगढ़ में घर के बाहर खेल रहे चार वर्षीय बच्चे पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्चे को कई बार काटा। गंभीर हालत में घायल बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शीशगढ़ निवासी रामबाबू का चार वर्षीय बेटा राघव रविवार सुबह घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच आवारा कुत्तों के एक झुंड ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्चे को कई बार काटा। उसकी गर्दन पर मुंह पर कई गंभीर घाव हुए हैं। बच्चे के चीखने की आवाज सुनकर परिजन आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और कुत्तों को भगाया। परिजन तुरंत बच्चे को लेकर दोपहर करीब एक बजे जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचे तो यहां बच्चे को एआरवी वैक्सीन के साथ ही एंटी रैबीज सिरम लगाया गया। हालांकि बच्चे को घर भेज दिया गया है। जिले में आवारा पशुओं के काटने के लगातार मामले बढ़ रहे हैं। इन पर रोकथाम नहीं लग रही है। तीन सौ बेड अस्पताल स्थित एआरवी केंद्र पर रोजाना 200 से 250 मरीज एआरवी लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं।

## एक नजर

### नौ नए सर्वोदय विद्यालयों में नए सत्र से शुरू होगी पढ़ाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में नौ नए सर्वोदय विद्यालयों में नए सत्र से पढ़ाई शुरू होगी। कक्षा 6 से 8 तक के दो हजार बच्चों को निशुल्क शिक्षा संग आवासीय शिक्षा का मौका मिलेगा। अगले वर्ष से कक्षा 6 से 12 तक की कक्षाएं संचालित होंगी। गरीब मेधावी बच्चों को निशुल्क आवासीय शिक्षा देने तहत इस वर्ष से प्रदेश के विभिन्न जिलों में नौ नये सर्वोदय विद्यालय संचालित किए जाएंगे। इनमें मथुरा, बलिया, पीलीभीत, मनकापुर (गोंडा), सरवनखेड़ा (कानपुर देहात), अमरोहा, महाराजगंज, आंबेडकर नगर, मैनपुरी शामिल हैं। उप निदेशक जे राम ने बताया कि अगले वर्ष से कक्षा 12 तक इन विद्यालयों में शिक्षण कार्य शुरू होगा। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि अभी तक 58 जिलों में 100 स्कूल संचालित थे। अब 62 जिलों में 109 विद्यालय संचालित होंगे।

### निजीकरण के विरोध में आज होगा मौन प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी 16 जून को राज्य विद्युत नियामक आयोग कार्यालय के सामने मौन विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही, मनमाने स्थानांतरण के विरोध में प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन भी होगा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने रविवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि 13 जून को आयोग व पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष अधिकारियों के बीच सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन के साथ गुपचुप लंबी बैठक की गई। इस बैठक में सलाहकार कंपनी ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट आयोग के सामने प्रस्तुत किए। समिति ने आरोप लगाया कि आयोग के अधिकारी कॉरपोरेशन के पक्ष में कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं। संघर्ष समिति ने इस पर एतराज व्यक्त करते हुए कहा कि निजीकरण के लिए सलाहकार कंपनी की नियुक्ति पूरी तरह अवैध है। यह जानकारी विद्युत नियामक आयोग को थी, इसके बाद भी उन्होंने इस सलाहकार कंपनी को प्रस्तुतीकरण करने दिया।

# नक्सलवाद पर जीरो टॉलरेंस : शाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अगले वर्ष 31 मार्च तक देश को नक्सलवाद मुक्त करने का गृह मंत्री ने किया एलान
- यूपी पुलिस के नवनियुक्त कार्मिकों से पूरे मन से सेवा करने का किया आह्वान

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यूपी पुलिस के नवनियुक्त कार्मिकों से पूरे मन से सेवा करने का आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें अमृत काल में सुरक्षा, सेवा और संवेदनशीलता के मंत्र के साथ आगे बढ़ना है। शाह ने कहा कि नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस सख्त नीति है। 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा।

रविवार को 60244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरण कार्यक्रम में गृह मंत्री ने कहा कि यूपी पुलिस का डर गुंडों और माफियाओं पर सख्त होना चाहिए, लेकिन गरीब, पिछड़े, और आदिवासी समुदायों के लिए पुलिस को मसीहा के रूप में दिखना चाहिए। कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है। आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। शाह ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा तीन बार आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को चूर-चूर कर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, डीजीपी, पुलिस अधिकारी सहित सभी 75 जनपदों के यूपी पुलिस का हिस्सा बन रहे 60,244 नवनियुक्त आरक्षी मौजूद रहे।



लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते गृह मंत्री।

# पैसे और सिफारिश से अब नहीं मिलती नौकरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भर्ती में किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या क्षेत्र के साथ भेदभाव नहीं : योगी
- 2017 से पहले प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था। पैसे और सिफारिश के बिना नौकरी मिलना असंभव था, लेकिन अब यह सब बीते जमाने की बात हो चुकी है। भर्ती में किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या क्षेत्र के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया। दलित, पिछड़े, जनजातीय, गरीब, बेटियों सबको समान अवसर मिला है। यह नया उत्तर प्रदेश है, जहां मेरिट के आधार पर हर युवा को न्याय मिल रहा है।

योगी ने रविवार को 60,244 नव-नियुक्त पुलिसकर्मियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कहा कि यह देश के सबसे बड़े सिविल पुलिस बल में अब तक का सबसे बड़ा नियुक्ति कार्यक्रम है।

यह महज एक प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के 'स्मार्ट पुलिसिंग' विजन को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। योगी ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में प्रदेश के युवाओं को साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गईं हैं। वहीं अकेले यूपी पुलिस में करीब सवा दो लाख भर्तियां की गई हैं।

यह केवल संख्या नहीं, बल्कि प्रदेश को दंगा मुक्त, भय मुक्त और निवेश समर्थ प्रदेश बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इसी के साथ डबल इंजन की सरकार ने परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता क्या होती है, इसका उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि इस भर्ती में गरीब से गरीब परिवार का बेटा भी शामिल हुआ है।



लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

# 24 एआरटीओ और 11 आरटीओ के तबादले

## परिवहन विभाग में फेरबदल, प्रणव झा बने बरेली के नए आरटीओ (प्रवर्तन)

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य में परिवहन विभाग में 24 एआरटीओ और 11 आरटीओ के स्थानांतरण किए गए हैं। झांसी में तैनात आरटीओ (प्रवर्तन) प्रभात पांडेय लखनऊ के नए आरटीओ (प्रवर्तन) होंगे। जबकि लखनऊ में तैनात आरटीओ (प्रवर्तन) संदीप कुमार पंकज को अब मुरादाबाद का आरटीओ (प्रवर्तन) बनाया गया है।

फेरबदल के इसी क्रम में, परिवहन आयुक्त मुख्यालय पर तैनात आरटीओ अनीता सिंह को मेरठ का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। मेरठ में तैनात आरटीओ प्रशासन हिमेश तिवारी को प्रयागराज का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। राजेश कुमार वर्मा को मिर्जापुर से हटकर झांसी का आरटीओ प्रवर्तन बनाया गया है। बस्ती में तैनात आरटीओ प्रवर्तन रविकांत शुक्ला को मिर्जापुर का आरटीओ प्रवर्तन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं, बरेली में तैनात आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार को मुख्यालय पर सड़क सुरक्षा व प्रदूषण नियंत्रण का प्रभार सौंपा गया है। मुरादाबाद में तैनात आरटीओ प्रणव झा अब बरेली के आरटीओ प्रवर्तन होंगे। हाल में प्रमोट हुए संभागीय परिवहन अधिकारी, संप्रति सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सिद्धार्थ नगर, सुरेश कुमार मौर्य को बस्ती का संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन बनाया गया है।

प्रयागराज में आरटीओ प्रशासन के पद पर तैनात राजेश कुमार मौर्य अब गोंडा के नए आरटीओ प्रशासन होंगे। गोंडा में तैनात आरटीओ प्रशासन उमाशंकर यादव को (नगर परिवहन/नियोजन/जल परिवहन), मुख्यालय और अतिरिक्त प्रभार उपनिदेशक, राजस्व एवं विशिष्ट अभिसूचना (परिवहन) बनाया गया है।

### राजीव बंसल बने लखनऊ के एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल

**अमृत विचार :** तबादलों के इस क्रम में प्रयागराज में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन अलका शुक्ला को सुल्तानपुर का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। मेरठ परिक्षेत्र में तैनात एआरटीओ टेक्निकल अमिताभ चतुर्वेदी को संभल का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। प्रयागराज में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन भूपेश कुमार गुप्त को सुल्तानपुर एआरटीओ का जिम्मा दिया गया है।

लखनऊ के एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल राजीव कुमार बंसल बने हैं जो पहले बुलंदशहर में तैनात थे। सुल्तानपुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार को गौतम बुद्ध नगर का एआरटीओ प्रवर्तन तृतीय दल बनाया गया है। वाराणसी में तैनात एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी को सीतापुर का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। सोनभद्र में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल धनवीर यादव अब एआरटीओ प्रशासन गाजीपुर की जिम्मेदारी संभालेंगे।

रायबरेली में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन मनोज कुमार सिंह को गाजियाबाद का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। आगरा में तैनात एआरटीओ प्रशासन नानक चंद्र शर्मा को औरैया का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। शाहजहांपुर में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल शांति भूषण पांडेय को लखीमपुर का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है।

एआरटीओ प्रवर्तन तृतीय दल कानपुर नगर में तैनात अंबुज को एआरटीओ प्रवर्तन रायबरेली बनाया गया है। सीतापुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेई को बस्ती का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। हरदोई में तैनात एआरटीओ प्रशासन संजीव कुमार सिंह को उन्नाव का एआरटीओ (प्रवर्तन) प्रथम दल बनाया गया है।

संभल में तैनात एआरटीओ प्रशासन प्रवेश कुमार सरोज को बरेली का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। सहारनपुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन महेंद्र बाबू को अमेठी का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। बरेली में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल संदीप कुमार जायसवाल को सहारनपुर का एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल बनाया गया है। मथुरा में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल मनोज प्रसाद वर्मा को वाराणसी का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है।

बरेली में तैनात एआरटीओ प्रशासन मनोज सिंह को महाराजगंज का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। हमीरपुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन राम प्रकाश सिंह को चित्रकूट का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। उन्नाव में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल अरविंद कुमार सिंह को हरदोई का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है।

बहराइच में तैनात एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार को प्रयागराज का एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल बनाया गया है। गौतम बुद्ध नगर में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन तृतीय दल विपिन चौधरी को ललितपुर का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। चित्रकूट में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन विवेक कुमार शुक्ला को मुख्यालय में सहायता अधिकारी बनाया गया है।

# केजीएमयू कुलपति व चार डॉक्टरों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हरदोई के रतनपुर आंझी निवासी पीड़ित ने की थी फर्जीवाड़े की शिकायत, कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई हुई

**अमृत विचार :** केजीएमयू की कुलपति और क्वीन मैरी की चार महिला डॉक्टरों पर खिलाफ जालसाजी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। चौक पुलिस ने यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर किया। आरोप है कि क्वीन मैरी अस्पताल में भर्ती हरदोई के शाहाबाद स्थित रतनपुर आंझी निवासी महिला की प्रसव के दौरान ही नसबंदी कर दी गई। इसके लिए परिवार की सहमति नहीं ली गई। मामला खराब हुआ तो फर्जी सहमति पत्र तैयार कर दिखा दिया। पीड़ित दंपति को धमकी भी दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हरदोई के शाहाबाद स्थित रतनपुर आंझी निवासी हेमवती नंदन के मुताबिक, उन्होंने अपनी पत्नी उमा मिश्रा को 4 अक्टूबर 2022 को प्रसव के लिए किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के क्वीन मैरी अस्पताल में भर्ती कराया था। उनका इलाज डॉ. अमिता पांडेय, डॉ. मोनिका अग्रवाल, डॉ. निदा खान और डॉ. शिवानी ने शुरू किया। 5 अक्टूबर को आपरेशन कर प्रसव कराया गया। पत्नी ने एक बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के साथ ही बच्चे की तबीयत ज्यादा खराब हो गई। उसे वेंटीलेटर मशीन पर रखा गया। कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई।

**डिलीवरी आपरेशन में कर दी नसबंदी :** हेमवती नंदन के मुताबिक, अभी वह और उसकी पत्नी को बेटे की मौत के आंसू भी नहीं सूखे थे कि इसी बीच एक और झटका लगा। पता चला कि डिलीवरी ऑपरेशन के दौरान ही डॉक्टरों ने बिना परिवार की सहमति से नसबंदी कर दी। हेमवती के मुताबिक उसकी पत्नी से आपरेशन के समय सहमति मांगी गई। जिसे उसकी पत्नी उमा ने साफ मना कर दिया। इसका जिक्र डॉक्टरों के पर्चे पर दर्ज है। पत्नी बेसुध पड़ी थी। वहीं बेटा भी वेंटीलेटर पर था। इसी बीच बताया गया कि पत्नी की नसबंदी कर दी गई है। इसका विरोध किया तो डॉक्टरों ने पत्नी के टांके नहीं लगाने की धमकी दी। जब डॉक्टरों ने उसे पर्चा उपलब्ध कराया तो उसमें फर्जी हस्ताक्षर बनाए गये थे।

### अवसाद में चली गई पत्नी

हेमवती ने बताया कि डॉक्टरों की इस फर्जीवाड़े और मनमाने कृत्य से पत्नी सदमे में चली गई। इस संबंध में डॉक्टरों से कहा कि पहला बेटा हुआ था उसकी भी मौत हो गई। बिना सहमति के नसबंदी कर दिया। इस डॉक्टरों ने चुप्पी साध ली। आनन-फानन 10 अक्टूबर 2022 को पत्नी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हेमवती ने इस संबंध में चौक थाने की मेडिकल कॉलेज चौकी में शिकायत की। इसके बाद चौक थाने, पुलिस कमिश्नर और मुख्यमंत्री आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। दो वर्ष तक एफआईआर कराने के लिए इधर-उधर भागता रहा। इसके बाद कोर्ट में अर्जी डाली। कोर्ट के आदेश के बाद चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले जत्थे को दिखाई हरी झंडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गाजियाबाद

**अमृत विचार :** पांच वर्षों के बाद उप्र. से कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा की शुरुआत हुई है। पहली बार उप्र. के कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रियों को तीर्थ यात्रा में मुख्यमंत्री योगी द्वारा एक लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान करने की सुविधा शुरू की गयी है।

गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से रविवार को पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर 39 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया गया। इस जत्थे में दो लाइजनिंग अधिकारी भी शामिल हैं। पहले दल में 46 यात्रियों का पंजीयन किया गया था, किंतु कुछ स्वास्थ्य कारणों से कुछ यात्री शामिल नहीं हो सके।

मंत्री जयवीर सिंह ने इसे गौरव का क्षण बताया। इस मौके पर सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, आचार्य प्रमोद कृष्णम, प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एमडी सान्या छाबड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थिति रहे।


गाजियाबाद में कैलाश मानसरोवर यात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, आचार्य प्रमोद व अन्य।

### यात्रियों को मिलेगा बाबा विश्वनाथ के दर्शन का लाभ

अमृत विचार : कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रियों के लिए उप्र. सरकार के धर्मार्थ कार्य विभाग एवं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा एक विशेष घोषणा की गई है। मंदिर न्यास के सीईओ एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रियों को वापस आने के बाद एक साल तक श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन हेतु तीर्थयात्रियों व उनके चार परिजनों को प्राथमिकता मिलेगी। इसके लिए उन्हें यात्रा से लौटने पर एक विशेष रुद्राक्ष माला और क्यूआर कोड युक्त कार्ड भेंट किया जाएगा। यह कार्ड एक वर्ष तक वैध रहेगा और क्यूआर कोड से उन्हें सुविधा मिलेगी। हालांकि, विशेष पर्वों से महाशिवरात्रि, सावन सोमवार, रंगभरी एकादशी आदि पर यह सुविधा मान्य नहीं होगी।

### विशेष शैव आराधना का हुआ वाचन

कैलाश यात्रा की रवानगी के मौके पर विशेष शैव आराधना का वाचन हुआ, डमरू, मृदंग, तुरही, ढोलक आदि पारंपरिक वाद्य यंत्रों ने अपनी गूंज से वातावरण को शिवमय बना दिया। यात्रियों और जनप्रतिनिधियों ने "हर हर महादेव" के जयघोष के साथ यात्रियों में ऊर्जा का संचार कर दिया।

# चिकित्सा शिक्षा विभाग ने किए ऑन डिमांड तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्थानांतरण नीति 2025 के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग में कर्मियों की मांग पर तबादले किए गए हैं। उक्त क्रम में ही विभिन्न राजकीय मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत सात सीनियर नर्सिंग अधिकारी, इतने ही नर्सिंग अधिकारी और दो टेक्नीशियनों को प्राथमिकता अनुरूप मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित किया गया है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर निदेशक आलोक कुमार द्वारा शनिवार देर रात स्थानांतरण के तीन संवर्ग की तीन सूची जारी कर दी गयी हैं। पहली सूची में सीनियर नर्सिंग अधिकारियों में सुनीता पटले को बांदा मेडिकल कॉलेज से प्रयागराज स्थानांतरित किया है, इसी प्रकार राजपुतानी को जालौन से कानुपर, राधा को मेरठ से आगरा, प्रिया शुक्ला को बांदा से कानपुर, आराधना सिंह गौतम को जालौन से कानपुर , मधुबाला वर्मा को आजमगढ़ से प्रयागराज और जसविंदर कौर को कन्नौज मेडिकल कॉलेज से कानपुर मेडिकल कॉलेज स्थानांतरित किया गया है। दूसरी सूची में नर्सिंग अधिकारियों में श्रुत्रि और सोनिया को सहारनपुर मेडिकल कॉलेज से हृदय रोग संस्थान कानपुर, गोरखपुर से नवीन चंद्र पाण्डेय को आजमगढ़, सोनिया सिंह को झांसी से आगरा, प्रीति भारती को मेरठ से गोरखपुर, मोहिनी प्रियदर्शिनी को सहारनपुर से मेरठ और कृष्ण कुमार एस को मेडिकल कॉलेज मेडिकल कॉलेज कानपुर से मेडिकल कॉलेज मेरठ में तबादला किया गया है। इसके अलावा तीसरी सूची में झांसी मेडिकल कॉलेज के लैब टेक्नीशियन मनीष वर्मा को आजमगढ़ और कृष्णार्जुन मिश्र को मेडिकल कॉलेज जालौन से गोरखपुर भेज दिया गया है।

# फ्रूट वाइन भी बनेगी मलिहाबाद की पहचान

**अमृत विचार, लखनऊ :** विविध किस्म के आम उत्पादन के लिए दुनियाभर में मशहूर मलिहाबाद क्षेत्र फ्रूट वाइन (फलों की शराब) के लिए भी खास पहचान बनाने जा रहा है। रविवार को आबकारी मंत्री और मुख्य सचिव ने मलिहाबाद क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की पहली वायनरी एम्ब्रोसिया नेचर लिविंग एलएलपी की शुरुआत की। इस वायनरी में फलों से जो शराब निर्मित होगी, उसे आबकारी विभाग पांच वर्ष तक देगा एक्साइज ड्यूटी में पूरी छूट देगा।

इस मौके पर आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने वायनरी के संस्थापक कुंवर माधवेंद्र देव सिंह को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल प्रदेश में फल उत्पादन और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी। उन्होंने इस परियोजना को प्रदेश के विकास की दिशा में एक अभिनव प्रयास बताते हुए कहा कि यह पहल किसानों की आय को दोगुना करने और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। मुख्य सचिव ने वायनरी के प्रशासनिक विंग का भी उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने यूनिट का निरीक्षण किया।

## वर्ग पहेली- 3

**बाएं से दाएं**

3. माल या राजस्व महकमे का वह क्षेत्रीय अधिकारी जो पटवारियों या लेखपालों के कागज़ात एवं काम-काज की जांच करता है।

4. 1. फ़ैशन मॉडल की तरह किया जाने वाला काम, मॉडल की तरह काम करने का व्यवसाय 2. किसी वस्तु के स्वरूप की प्रतिकृति बनाने का कार्य।

8. 1. भूमि, खेत 2. पृथ्वी, धरती 3. धरातल का कोई भाग, ठोस तल 4. भूमि का टुकड़ा, भूखंड 5. वह तेल जिसमें किसी इत्र को तैयार किया जाता है 6. आधार 7. नदी और तालाब का तल 8. वह कागज़

9. वह जो प्राय: कोई न कोई ख़ुराफ़ात करता रहता हो।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. गुंजार, गूंजने का शब्द 2. गुनगुनाना 3. भौरों के गूंजने की क्रिया।

2. 1. किसी घटना आदि का पूर्ण लिखित विवरण 2. खेलों के उच्चतम कीर्तिमान दस्तावेज़, लेख-प्रमाण 3. स्थायी रूप में रखना 4. सुरक्षित विवरण 5. अभिलेख।

5. हाथी दांत का बना हुआ।

6. बंद नाली का मुंह जिससे सफ़ाई करने के लिए बड़ी नाली में घुसा जा सकता हो, बंद नाली में प्रवेश करने का मार्ग।

7. 1. लोभ करने वाला, लालची 2. कंजूस।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | 3 | | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 4 | | | 5 | ■ | 6 |
| 7 | ■ | ■ | ■ | 8 | | |
| | ■ | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 9 | | | | ■ | |


### वर्ग पहेली -2 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 सि | रो | ही | ■ | 2 खु | द | ना |
| र | ■ | ■ | 3 ऐं | ■ | ■ | ■ |
| मौ | ■ | ■ | पा | ■ | 4 कु | ■ |
| र | ■ | 5 पा | य | जा | मा | ■ |
| ■ | 6 झा | ल | र | ■ | र | ■ |
| 7 सा | ■ | की | ■ | ■ | ■ | 8 सु |
| ज़ | ■ | ■ | 9 र | वा | दा | र |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी-15 .31 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 17 जून 13 .13 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** — आज आपका मन शांत रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। राजनीति और कानूनी मामलों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। नौकरी में आपकी आय बढ़ सकती है। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। अपनी जीवनशैली पर धन खर्च करेंगे।

**वृष** — आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। व्यापारिक सहयोगियों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। लोग आपसे सलाह लेने के लिए आ सकते हैं। व्यापारिक यात्रा पर जा सकते हैं। लव लाइफ काफी रोमान्टिक रहेगी। नौकरी के नए अवसर मिल सकते हैं।

**मिथुन** — आज परिवार का वातावरण उत्तम रहेगा। नए व्यापारिक समझौते हो सकते हैं। आपकी समझदारी से बड़ा आर्थिक नुकसान टल सकता है। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं। अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें।

**कर्क** — आज आपके रचनात्मक कार्यों और विचारों को मित्रों का समर्थन मिल सकता है। विवाह योग्य जातकों के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। गर्भवती स्त्रियों को यात्रा से बचना चाहिए।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में सारा माहौल आपके ही पक्ष में रहेगा। विदेश से नौकरी के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे। अपने प्रयासों में कमी न रखें। धार्मिक आयोजनों में विशेष रुचि लेंगे। गठिया का दर्द उभर सकता है। इसीलिए खानपान और दिनचर्या में लापरवाही न करें।

**कन्या** — आज अधिकारियों से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। जीवनसाथी आपकी सहायता करेगा। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर रहेंगे। बौद्धिक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं। विद्यार्थियों को स्वाध्याय करना चाहिए। वाहन चलाते समय आपको सावधानी रखनी चाहिए।

**तुला** — आज विद्यार्थियों के लिए समय बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भूमि संबंधी खरीदारी की योजना बनेगी। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें। रिश्तेदारों से लाभ प्राप्त होगा। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कामयाब रहेंगे। प्रेम संबंध उजागर होने की आशंका रहेगी।

**वृश्चिक** — आज भाइयों के साथ संबंध मधुर रखें। प्रतियोगी परीक्षा में अपेक्षित परिणाम प्राप्त हो सकता है। लव लाइफ में भाग्य का लाभ मिलेगा। यदि कारोबार में विस्तार करना चाहते हैं तो आपको नया लोन प्राप्त हो सकता है। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**धनु** — आज परिवार और धन को लेकर समस्या दूर होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। छोटे बच्चों को लेकर प्रसन्न रहेंगे। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। उच्च पदासीन लोगों से आपके संबंध सुधरेंगे।

**मकर** — आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। व्यवहारिक होकर निर्णय लेना आपके हित में होगा। परिजनों के लिए आप उपहार खरीद सकते हैं। जोड़ों के दर्द में राहत मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपके ज्ञान और प्रतिभा की प्रशंसा होगी। दांपत्य संबंध मधुर बने रहेंगे।

**कुंभ** — आज व्यापार में नए सौदे मिल सकते हैं। महत्वपूर्ण बैठकों में सम्मिलित होंगे। बेरोजगार जातकों को नौकरी मिल सकती है। आप विविध व्यञ्जनों का आनन्द उठायेंगे। घर में कुछ नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

**मीन** — आज आपके बढ़ रहे खर्चों में अचानक कमी आयेगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। युगल जोड़े फैमिली प्लानिंग कर सकते हैं। प्रणय संबंधों के दिन समय बहुत ही अच्छा है। मेहनत के दम पर स्वयं को सिद्ध करने का अवसर मिलेगा।

## सुडोकू -10

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 7 | | | 8 | | 5 | |
| | 8 | | 4 | 6 | | | 7 | |
| 6 | | 4 | | | 2 | | 3 | |
| | 6 | | | 1 | 5 | | | 3 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | | 7 | 3 | | 8 | | |
| | 7 | | 6 | | | 9 | | 2 |
| | 3 | | | 8 | 9 | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | | 3 | | 1 |

### सुडोकू - 9 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | 5 | 9 | 2 | 3 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 2 | 3 | 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 5 | 9 |

# तदर्थ न्यायाधीश नहीं चाहते हाईकोर्ट

## सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी के बावजूद पांच महीनों में एक भी नाम की सिफारिश नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय द्वारा लगभग पांच महीने पहले मंजूरी दिए जाने के बावजूद विभिन्न उच्च न्यायालय लंबित आपराधिक मामलों से निपटने के लिए तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर इच्छुक नहीं दिख रहे हैं। केंद्र सरकार के पास उपलब्ध ब्योरे से यह जाहिर हो रहा है।

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया से वाकिफ लोगों के मुताबिक, अभी तक किसी भी उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किए जाने वाले सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के नाम की सिफारिश नहीं की है। देश में 25 उच्च न्यायालय हैं, लेकिन 11 जून तक किसी भी उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने केंद्रीय कानून मंत्रालय को ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है।



- 18 लाख लंबित आपराधिक मामले निपटाने के लिए दी गई थी अनुमति

उच्चतम न्यायालय ने 18 लाख से ज्यादा आपराधिक मामलों के लंबित रहने को देखते हुए 30 जनवरी को उच्च न्यायालयों को तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति करने की इजाजत दे दी थी, बशर्ते इनकी संख्या अदालत के लिए स्वीकृत कुल न्यायाधीशों के पदों के 10 फीसदी से ज्यादा न हो।

संविधान का अनुच्छेद 224ए लंबित मामलों से निपटने में मदद के लिए उच्च न्यायालय में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने की इजाजत देता है। तय प्रक्रिया के मुताबिक, संबंधित उच्च न्यायालय का कॉलेजियम उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किए जाने वाले उम्मीदवारों के नाम या सिफारिशें कानून मंत्रालय के न्याय विभाग को भेजता है। इसके बाद न्याय विभाग उम्मीदवारों की जानकारी और विवरण जोड़ता है और फिर उन्हें उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम को भेजता है। इसके बाद उच्चतम न्यायालय का कॉलेजियम अंतिम फैसला लेता है और सरकार को चयनित व्यक्तियों को न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश करता है।

### शर्तों में भी ढील दे चुका है उच्चतम न्यायालय

तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति पर 20 अप्रैल 2021 को दिए गए फैसले में शीर्ष कोर्ट ने कुछ शर्तें लगाई थीं। हालांकि बाद में विशेष पीठ ने कुछ शर्तों में ढील दी और कुछ को स्थगित रखा। पूर्व सीजेआई एसए बोबडे लिखित फैसले में लंबित मामलों को निपटाने के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को दो से तीन साल की अवधि के लिए तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि इसके बाद भी देश भर में किसी भी उच्च न्यायालय ने तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति में दिलचस्पी नहीं दिखाई।

## एक नजर

### दिल्ली में 100 फुट ऊंचा मोबाइल टावर गिरा

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव में रविवार तड़के तेज हवा और बारिश के कारण 100 फुट ऊंचा एक मोबाइल टावर गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। सफदरजंग एन्क्लेव के बी-2 ब्लॉक के निवासियों के अनुसार, यह घटना तड़के करीब चार बजे उस समय हुई जब तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

### आरए चंद्रशेखर कैबिनेट सचिवालय में सचिव सुरक्षा

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आरए चंद्रशेखर को कैबिनेट सचिवालय में सचिव सुरक्षा नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के आदेश में यह जानकारी दी गई। केरल कैडर के 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी शेखर वर्तमान में आसूचना ब्यूरो में विशेष निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने एक अगस्त 2025 को या उसके बाद पदभार ग्रहण करने की तिथि से कैबिनेट सचिवालय में शेखर की नियुक्ति को मंजूरी दी है।

### बीएसएफ जवान ने गोली वरिष्ठ को मारी गोली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में एक शिविर में बहस के बाद बीएसएफ के एक जवान ने अपने वरिष्ठ की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या की दी। घटना जिले के धुलियान में बीएसएफ के शिविर में शनिवार रात करीब 10 :30 बजे हुई। कांस्टेबल शिवम कुमार मिश्रा ने तीखी बहस के बाद अपने वरिष्ठ हेड कांस्टेबल रतन सिंह शेखावत की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने कहा कि आरोपी कांस्टेबल को पकड़ लिया गया है।

# तकनीकी गड़बड़ी से एअर इंडिया की उड़ान 18 घंटे लेट

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी से कोलकाता जाने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान में यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, क्योंकि तकनीकी खराबी के कारण उन्हें दो बार विमान से उतार दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स-1226 कुल 170 यात्रियों को लेकर शनिवार रात 9.20 बजे गुवाहाटी हवाई अड्डे से रवाना होने वाली थी। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में एक पीड़ित यात्री ने कहा कि तकनीकी खराबी के कारण आधी रात के बाद उड़ान में देरी हुई और यात्री विमान में ही बैठे रहे। सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो प्रसारित हो रहे हैं, जिनमें आरोप लगाया गया है कि उड़ान में देरी के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।

# वैज्ञानिक उपकरणों के खरीद नियमों में दी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

- रक्षा अनुसंधान संगठन काफी समय से केंद्र सरकार से कर रहे थे मांग

अनुसंधानकर्ताओं की ओर उठ रही मांगों के बीच सरकार ने रक्षा अनुसंधान संगठनों समेत विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों को वैज्ञानिक उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद के लिए वित्तीय सीमा बढ़ा दी है तथा जीईएम पोर्टल के अतिरिक्त अन्य स्रोतों से भी खरीददारी करने की अनुमति दे दी है।

मौजूदा वित्तीय नियमों के तहत 200 करोड़ रुपये से कम मूल्य के उपकरणों की खरीद सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल और स्थानीय उत्पादकों से ही करना अनिवार्य किया गया है ताकि घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित मिले। लेकिन इन नियमों के कारण कई वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उच्च कोटि के कई अनुसंधान उपकरण जीईएम पोर्टल पर उपलब्ध नहीं होते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद उन संस्थानों में शामिल हैं, जिन्हें सामान्य वित्तीय नियमों (जीएफआर) में बदलावों से लाभ मिलेगा क्योंकि इन बदलावों से पारंपरिक खरीद में आने वाली बाधाएं दूर कर दी गयी हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य उपलब्ध ढांचे के भीतर नवाचार को यथासंभव स्वतंत्रता देना है।

# शनि शिंगणापुर मंदिर से 114 मुस्लिमकर्मी बर्खास्त

मुंबई, एजेंसी

- 53 अन्य कर्मी भी हटाए, हाल ही में हिंदू संगठनों ने किया था विरोध

महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में स्थित शनि शिंगणापुर मंदिर न्यास ने अनुशासन का उल्लंघन करने और अनियमितताओं का हवाला देते हुए 167 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है, जिनमें 114 मुस्लिम कर्मी भी शामिल हैं।

प्रसिद्ध मंदिर का प्रबंधन करने वाले न्यास के एक अधिकारी ने बताया कि निर्णय प्रशासनिक आधार पर लिया गया है, क्योंकि इन कर्मचारियों को कुछ सेवा नियमों और अनुशासनात्मक मानदंडों का उल्लंघन करते पाया गया था। यह कदम हाल ही में हिंदू संगठनों के मंदिर परिसर में मुस्लिम कर्मचारियों की मौजूदगी का विरोध करने के बाद उठाया गया है।

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि हिंदू समुदाय ने चेतावनी दी थी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे 14 जून को मंदिर के बाहर एक बड़ा विरोध मार्च निकालेंगे। हालांकि, मंदिर न्यास ने कहा कि बर्खास्तगी धार्मिक पहचान के कारण नहीं की गई है, लेकिन बर्खास्त किए गए कर्मियों में बड़ी संख्या में मुस्लिम कर्मचारियों के शामिल होने से इस ओर ध्यान गया है। शनि शिंगणापुर मंदिर अपनी परंपराओं और आस-पास के घरों में दरवाजे न होने के कारण जाना जाता है।

इस बीच, सपा विधायक रईस शेख ने इस फैसले की निंदा करते हुए कहा, धार्मिक पहचान के आधार पर नौकरी से निकालना नागरिक अधिकारों का उल्लंघन है। यह अवैध और मनमाना कृत्य है। मुसलमानों और दलितों को निशाना बनाना भाजपा सरकार की रणनीति का हिस्सा रहा है।

## काली उत्सव



केरल के कोल्लम जिले के ओचिरा पदानिलम में काली उत्सव में भाग लेते लोग। मलयालम महीने मिथुनम के पहले दो दिनों में यह उत्सव कायमकुलम की लड़ाई की स्मृति में मनाया जाता है। एजेंसी

### कंतारा-1 की शूटिंग के दौरान नाव पलटी, ऋषभ शेट्टी समेत 30 लोग बाल-बाल बचे

**शिवमोगा (कर्नाटक)।** कन्नड़ फिल्म कंतारा : चैप्टर 1 की शूटिंग के दौरान एक नाव जलाशय में पलट गई। हादसे में अभिनेता-निर्देशक ऋषभ शेट्टी और 30 अन्य लोग बाल-बाल बच गए। यह घटना शिवमोगा जिले के मस्ती कट्टे क्षेत्र में मणि जलाशय में फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई। यह दुर्घटना जलाशय के उथले क्षेत्र में हुई, जिससे संभावित त्रासदी टल गई। माना जा रहा है कि कैमरे और अन्य शूटिंग उपकरण पानी में डूब गए हैं। नुकसान का आकलन किया जाना अभी बाकी है। तूफानी हवा की वजह से शूटिंग के लिए लगाया गया सेट भी उड़ गया और क्षतिग्रस्त हो गया।

# महाराष्ट्र में भारी बारिश से आठ की मौत

मुंबई, एजेंसी

- राज्य के तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट, कई और जिलों में जारी किया गया ऑरेंज अलर्ट

महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश के चलते रविवार को आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर की मौत बिजली गिरने से हुई। मौसम विभाग ने रत्नागिरि और रायगढ़ जैसे तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट और पालघर, ठाणे, सिंधुदुर्ग तथा पुणे, सातारा और कोल्हापुर के घाट के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैनात की गई हैं। एसडीआरएफ की रिपोर्ट के अनुसार 24 घंटे में सुबह 11 बजे तक रत्नागिरि में सबसे अधिक 88.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। रायगढ़ में 65.3 मिमी, सिंधुदुर्ग में 43.8 मिमी, ठाणे में 29.6 मिमी और यवतमाल में 27.5 मिमी वर्षा हुई। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में आठ लोगों की जान गई है और दस घायल हुए हैं। मुंबई, सिंधुदुर्ग, धुले, नासिक, संभाजीनगर, नंदुरबार और अमरावती में मौत की घटनाएं हुईं, इनमें अधिकतर मौत बिजली गिरने के कारण हुईं।


### दक्षिण कन्नड़ में रेड अलर्ट, परिवार हटाए गए

**मंगलुरु।** तटीय कर्नाटक में लगातार भारी बारिश और रेड अलर्ट को ध्यान में रखते हुए दक्षिण कन्नड़ के उपायुक्त मुल्लई मुहिलान ने असुरक्षित घरों में रहने वाले परिवारों को हटने और सभी नियंत्रण कक्षों एवं मंगलुरु सिटी कॉरपोरेशन को 24 घंटे काम करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने सभी ताल्लुकों के तहसीलदारों को उच्च सतर्कता बनाए रखने और जीवन रक्षा के लिए बचाव उपकरणों की बहाली तय करने का निर्देश दिया है।

# कोविड 19: देश में 10 और लोगों की मौत मगर सक्रिय मामले घटे

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या रविवार को 7,400 से घटकर 7,383 हो गई। पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में 17 की कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार संक्रमण से 10 लोगों ने जान गंवाई है। इसके बाद कोरोना से मौतों की संख्या बढ़कर 97 हो गई है।



पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 से दिल्ली में तीन, केरल में पांच और महाराष्ट्र में दो लोगों की मौत हुई है। इन सभी को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं थीं। दिल्ली और मध्य प्रदेश में नये संक्रमण 10-10 बढ़कर क्रमशः 682 और 130 हुए, जबकि केरल में 102 मामलों की कमी आई, हालांकि केरल में कुल मामले सर्वाधिक 2007 है।

# आरटीआई से सवालों में घिरा सीपीसीबी

नई दिल्ली, एजेंसी

- जुर्माने से 2018 से अब तक जुटाए 45.81 करोड़, पर्यावरण संरक्षण पर खर्च किए सिर्फ नौ लाख रुपये

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने 2018 से 2024 तक एकत्र किए गए पर्यावरण मुआवजे का केवल 0.2 प्रतिशत ही पर्यावरण की सुरक्षा पर खर्च किया। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत दायर एक आवेदन में यह जानकारी सामने आई है।

सामाजिक कार्यकर्ता अमित गुप्ता की ओर से दायर आरटीआई से सामने आया कि सीपीसीबी ने इस अवधि के दौरान पर्यावरण मुआवजे के तहत जुर्माने और दंड के रूप में 45.81 करोड़ रुपये एकत्र किए लेकिन केवल नौ लाख रुपये खर्च किए, जो कुल राशि के पचासवें हिस्सा से भी कम है। सीपीसीबी के पास केवल 2024-25 में नौ लाख रुपये के इस्तेमाल का रिकॉर्ड है।

सीपीसीबी को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों द्वारा एकत्र किए गए पर्यावरण मुआवजे का 25 प्रतिशत प्राप्त होता है और विभिन्न मामलों में प्रदूषण करने वालों पर सीधे जुर्माना लगाता है। सीपीसीबी को मिलने वाली जुर्माना राशि का उपयोग पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जाता है, जिसमें प्रयोगशालाओं के लिए संसाधन जुटाना, नेटवर्क की निगरानी करना, अनुपालन अध्ययन, क्षमता निर्माण और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा नियुक्त समितियों द्वारा किए जाने वाले खर्च शामिल हैं। हालांकि, इस राशि का एक बड़ा हिस्सा खर्च नहीं किया गया है।

आंकड़ों से यह भी पता चला कि सीपीसीबी ने इस अवधि के दौरान पर्यावरण संरक्षण शुल्क (ईपीसी) के तहत एकत्र किए गए 427.37 करोड़ रुपये में से केवल 130.9 करोड़ रुपये खर्च किए, जो लगभग 30 प्रतिशत है।

## कारोबार/कृषि

# पर्यटन उद्योग में भारी वृद्धि का अनुमान

## विशेषज्ञों ने कहा- जीडीपी में वर्ष 2030 तक हो सकती है 7% हिस्सेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के तेजी से बढ़ते पर्यटन उद्योग का विदेशी मुद्रा आय में योगदान 2030 तक 4.5 लाख करोड़ को पार कर सकता है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका हिस्सा सात प्रतिशत से अधिक हो सकता है।

पर्यटन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, पर्यटन जगत से विदेशी मुद्रा आय 2023 में 2,31,927 करोड़ रुपये थी जो 2024 में 2,77,842 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इंडियन एसोसिएशन ऑफ द टूर ऑपरेटर के अध्यक्ष राजीव गोसेन ने कहा कि भारत में पर्यटन के बढ़ने से विदेशी मुद्रा आय भी लगातार बढ़ रही है लेकिन अब भी यह क्षेत्र अपने उच्चतम स्तर पर नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा, भारत का पर्यटन क्षेत्र अगले पांच वर्षों में मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है। 2024 में विदेशी मुद्रा आय 2,77,842 करोड़ रुपये रही और हम करीब 8-10 प्रतिशत की स्थिर वार्षिक वृद्धि दर की उम्मीद कर रहे हैं। यदि ये रुझान जारी रहे, तो 2030 तक पर्यटन क्षेत्र की विदेशी मुद्रा आय 4,50,000 करोड़ रुपये को पार कर सकती है।



- पर्यटन से 2023 में 2.32 लाख करोड़ थी विदेशी मुद्रा आय

जीडीपी में योगदान पर उन्होंने कहा, पर्यटन वर्तमान में जीडीपी में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग पांच से छह प्रतिशत का योगदान देता है। पर्यटन मंत्रालय और विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद के आंकड़ों से पता चलता है कि 2030 तक इस क्षेत्र का योगदान सकल घरेलू उत्पाद में सात प्रतिशत से अधिक हो सकता है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि अनुकूल नीतियों के साथ बुनियादी ढांचे, डिजिटलीकरण और कौशल विकास में निवेश को प्रोत्साहित करना जारी रखा जाए।

रोजगार सृजन पर गोसेन ने डब्ल्यूटीटीसी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारत में इस क्षेत्र में लगभग आठ करोड़ लोगों को रोजगार मिला हुआ है। यह प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कुल रोजगार का लगभग 12 से 13 प्रतिशत है। प्रत्यक्ष रोजगार में होटल, विमानन कंपनियां, यात्रा संबंधी एजेंसियों व यात्रा परिचालक और अप्रत्यक्ष रोजगार में निर्माण, खाद्य उत्पादन आदि जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

### पिछले साल 96.57 लाख लोग आए भारत घूमने

दुनियाभर से 2024 में 96,57,003 लोग भारत आए। यह 2023 की तुलना में 19 .80 प्रतिशत और 2023 की तुलना में 28 .35 प्रतिशत की वृद्धि है। इनमें से सबसे अधिक 24 .38 प्रतिशत लोग अमेरिका से आए थे। पर्यटन क्षेत्र के विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु तलवार ने कहा, यह क्षेत्र हमेशा भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है। ताजा आंकड़ों से यह और स्पष्ट हो जाता है। भारत के सड़क, रेल एवं विमानन अवसंरचना के तेजी से विकसित होने से इसे और बल मिला है।

# बीमा दावे से न्याय तक नियम और राहत

बीमा एक ऐसी सुरक्षा व्यवस्था है जो व्यक्ति को आर्थिक जोखिमों से बचाने में सहायक होती है। चाहे वह जीवन बीमा हो, वाहन बीमा, स्वास्थ्य बीमा या संपत्ति बीमा—किसी भी आपदा या दुर्घटना की स्थिति में बीमित व्यक्ति या परिजनों को वित्तीय सहायता मिलती है। बीमा कराने के लिए कई कानूनी नियम और शर्तें होती हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य होता है। बीमा पर दावा करने की एक स्पष्ट प्रक्रिया होती है, जिसमें आवश्यक दस्तावेज़, समयसीमा और प्रमाण प्रस्तुत करने होते हैं। यदि बीमा कंपनी दावा अस्वीकार कर देती है या निपटान में देरी करती है, तो उपभोक्ता उपभोक्ता फोरम, लोक अदालत या बीमा नियामक प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के समक्ष न्याय की मांग कर सकता है।



### बीमा दावा की प्रक्रिया

- **घटना की सूचना :** बीमा घटना (दुर्घटना, बीमारी आदि) के बाद कंपनी को सूचित करना होता है।
- **दस्तावेज़ों की पूर्ति :** दावा फ़ॉर्म, पॉलिसी नंबर, पहचान पत्र, एफआईआर (यदि लागू हो), अस्पताल या मृत्यु प्रमाण पत्र, बिल आदि जमा करने होते हैं।
- **सर्वेक्षण :** कंपनी सर्वेयर नियुक्त करती है जो नुकसान का मूल्यांकन करता है।

### कानूनी और समाधान के विकल्प

- यदि बीमा कंपनी दावा खारिज करती है या राशि कम देती है तो बीमा लोकपाल, उपभोक्ता फोरम या न्यायालय में शिकायत की जा सकती है।
- भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण बीमा कंपनियों की निगरानी करता है। कोई भी शिकायत उसके पोर्टल पर की जा सकती है।
- बीमा लोकपाल योजना 2017 के तहत 30 लाख रुपये तक के दावों का निपटारा मुफ्त में किया जा सकता है।

### बीमा कराने के नियम

- बीमा लेते समय सही जानकारी दें। वर्ना दावा अस्वीकार हो सकता है। समय पर प्रीमियम भुगतान आवश्यक। देरी से पॉलिसी अमान्य हो सकती है।
- बीमित वस्तु या व्यक्ति के संबंध में सही जानकारी दी जानी चाहिए। इसके साथ पॉलिसी की शर्तों को पढ़ना भी जरूरी है। हेल्थ और लाइफ बीमा में मेडिकल जांच कराना भी जरूरी हो सकता है।

### उपभोक्ता फोरम व लोक अदालतों में विवादों का निपटारा

- हाल के वर्षों में हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावों का निपटारा उपभोक्ता फोरम और लोक अदालतों द्वारा किया गया है।
- हाल में आईआरडीएआई ने बीमा कंपनियों को 30 दिन के भीतर दावों के निपटान के निर्देश दिए हैं। डिजिटल दावे और व्हाट्सएप पर दावा दर्ज कराने जैसी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं।

# यूपी से दशहरी आम का दुबई को पहला सीधा निर्यात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रदेश के दशहरी आम की खुशबू गल्फ तक पहुंच गई है। एफपीओ को 1200 किलो दशहरी आम का पहली बार सीधा ऑर्डर मिला और इसे दुबई को सीधा निर्यात करके इतिहास रचा गया है।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के अभियान को नई उड़ान मिली है। मैंगो पैक हाउस, रहमानखेड़ा, लखनऊ से दशहरी आम के 1200 किलो (400 पैक, प्रत्येक 3 किग्रा) का कन्साइनमेंट दुबई के लिए रवाना किया गया। यह आम का कन्साइनमेंट वायु मार्ग से लखनऊ से दुबई भेजा गया। आयातक कंपनी वरग्रो ट्रेडिंग एल एल सी, दुबई, यूएई है। इसका कुल मूल्य 2992 अमेरिकी डॉलर है, जो उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिला रहा है। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कन्साइनमेंट को दुबई के लिए हरी झंडी दिखाई। इन्डो-जर्मन एएमडी प्रोजेक्ट के अंतर्गत लखनऊ क्षेत्र से चयनित 3 एफपीओ को कृषि निर्यात का प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता का विकास किया गया। इनमें से इरादा फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एवं मलिहाबाद फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को दुबई से दशहरी आम का सीधा ऑर्डर मिला है। यह दोनों एफपीओ इस वर्ष पहली बार स्वयं अपने स्तर पर दुबई को आम निर्यात कर रहे हैं। यह उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।



- दशहरी की खुशबू पहुंची गल्फ तक, एफपीओ ने रचा नया इतिहास
- 1200 किलो आम का एफपीओ को पहली बार मिला सीधा ऑर्डर

# ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पर अदाणी ग्रीन एनर्जी

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की एक इकाई एनएसई सस्टेनेबिलिटी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड ने उपयोगिताओं/बिजली क्षेत्र में ईएसजी रेटिंग में पहला स्थान दिया है।

इसके अलावा, एजीईएल, एनएसई में राजस्व के आधार पर शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों की ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पांच में से एक है। एनएसई ने सूचीबद्ध कंपनियों के लिए हाल ही में ईएसजी रेटिंग शुरू की है। एनएसई की रेटिंग रेशनलाइज के अनुसार, एजीईएल पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन संबंधी मानकों पर अच्छा प्रदर्शन करती है। पर्यावरण संबंधी पहल अच्छी तरह से एकीकृत हैं।

# नौकरी-सुधारों के मोर्चे पर स्थिति ठीक नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल के दौरान मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय स्थिति और महंगाई दर में नरमी के साथ भारत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, लेकिन अच्छी नौकरी सृजित करने, विनिर्माण और अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढाने के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में 2014 में जब राजग की सरकार सत्ता में आई थी, तब आर्थिक वृद्धि धीमी थी, महंगाई बढ़ी हुई थी, डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर अस्थिर थी और राजकोषीय तथा चालू खाते का घाटा ऊंचा बना हुआ था। सुब्बाराव ने कहा, आज 11 साल बाद, आर्थिक वृद्धि मजबूत है, मुद्रास्फीति नरम हुई है, रुपया स्थिर है, बाह्य क्षेत्र मजबूती दिखा रहा है, राजकोषीय स्थिति बेहतर है और फंसे कर्ज की समस्या समाप्त हो गई है। हालांकि, शुल्क बाधाओं और बिगड़ते भू-राजनीतिक तनावों से कई वैश्विक बाधाएं और अनिश्चितताएं उत्पन्न हुई हैं, बावजूद इसके भारत एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है जो महत्वपूर्ण है।




- आरबीआई के पूर्व गवर्नर सुब्बाराव ने कहा- देश बन रहा आर्थिक शक्ति

उन्होंने कहा, पिछले 11 वर्षों में यह एक उल्लेखनीय बदलाव है, लेकिन जश्न मनाने का नहीं। हम रोजगार, विनिर्माण और आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने में विफल रहे हैं। सुब्बाराव ने कहा, निश्चित रूप से जीडीपी बढ़ रही है, आज हम चार ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था हैं। जब मोदी सरकार ने सत्ता संभाली थी तब हम 11वें स्थान पर थे। आज हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम इस साल चौथी सबसे बड़ी और 2027 में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

# डीएलएफ गुरुग्राम में करेगी 5,500 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड गुरुग्राम में एक लक्जरी आवास परियोजना विकसित करने के लिए करीब 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी चालू वित्त वर्ष में उच्च मांग के आधार पर रिकॉर्ड बिक्री बुकिंग हासिल करना चाहती है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी जल्द ही गुरुग्राम के सेक्टर 76/77 में 18 एकड़ की परियोजना 'डीएलएफ प्रिवाना नॉर्थ' शुरू करेगी। इसमें 1,150 से अधिक अपार्टमेंट होंगे। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को विकसित करने की अनुमानित लागत करीब 5,500 करोड़ रुपये है।

## एक नजर



जर्मनी की टाटजाना मारिया रविवार को लंदन में क्वींस क्लब ग्रास कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप की ट्राफी के साथ जश्न मनाती हुईं। फाइनल में उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को हरा दिया। ● एजेंसी

### मेडिसन कीज क्वींस क्लब सेमीफाइनल में हारीं

**लंदन :** दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी मेडिसन कीज को क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 37 वर्षीय क्वालीफायर तात्याना मारिया के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। दो बच्चों की मां जर्मनी की मारिया ने दूसरी वरीय कीज को 6-3, 7-6 से हराया। दुनिया की 86वें नंबर की खिलाड़ी मारिया की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कीज के खिलाफ चार मुकाबलों में यह पहली जीत है। मारिया 2020 के बाद से डब्ल्यूटीए टूर पर फाइनल में जगह बनाने वाली सबसे अधिक उम्र की खिलाड़ी हैं। सेरेना विलियम्स ने 2020 में 38 साल की उम्र में ऑकलैंड क्लासिक जीता था। मारिया ने कहा आपको हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए। आप कभी नहीं रुक सकते, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि क्या हो रहा है। उन्होंने कहा मुझे टेनिस खेलना पसंद है। मुझे यह खेल पसंद है और हम इन खास पलों के लिए जीते हैं। शीर्ष वरीय झेंग किनवेन भी टूर्नामेंट में बाहर हो गईं। उन्हें अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने 6-2, 4-6, 6-4 से हराया।

### अंतर्राष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर और जूनियर अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट 16 से

**मुंबई :** मुंबई में 17 देशों के 400 से अधिक खिलाड़ियों के 40 लाख रुपये इनामी ऑरियनप्रो अंतर्राष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट और जूनियर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है जिसका आयोजन 16 से 24 जून तक एक साथ किया जाएगा। ग्रैंडमास्टर वर्ग में जॉर्जिया के ग्रैंडमास्टर लेवन पंतसुलाइया को शीर्ष वरीयता दी गई है। आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर पेट्रोसियन मैनुअल दूसरे वरीय हैं जबकि जॉर्जिया के ही ग्रैंडमास्टर लुका पेइचाद्जे को तीसरी वरीयता मिली है।

### भारत 'एमजीडी1' विश्व ब्लिट्ज टीम शतरंज के नॉकआउट दौर में

**लंदन :** फिडे विश्व रैपिड टीम चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय टीम बनने के एक दिन बाद टीम एमजीडी1 ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए 'ब्लिट्ज' टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में जगह पक्की की। टीम एमजीडी1 ने पूल डी में अजेय रहते हुए छह मुकाबलों में पांच जीत और एक ड्रॉ (टीम हंगरी के खिलाफ) से 23 मैच प्वाइंट बनाये। राउंड-रॉबिन पूल चरण में कुल 53 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रत्येक समूह से शीर्ष चार (कुल 16) टीमें नॉकआउट में पहुंचीं। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, पी हरिकृष्णा, वी. प्रणव, लियोन ल्यूक मेंडोन्का, स्टावरौला त्सोलाकिडो और अथर्व तायडे की भारतीय टीम ने राउंड-रॉबिन पूल चरण में सबसे ज्यादा मैच जीते।

# ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई सुरक्षित और खुश रहे

## भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने टीम के प्रति जताई उदारता

**लंदन, एजेंसी**

- भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में पहली टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा
- नेतृत्वकर्ता के रूप में अपनी भी भूमिका की तैयारी कर रहे गिल

भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कभी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व करने का सपना नहीं देखा था। उन्होंने स्वयं के लिए ऐसी टीम संस्कृति बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जहां हर खिलाड़ी 'सुरक्षित और खुश' रहे। बदलाव के दौर से गुजर रहा भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीमों के बीच पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला का पहला मैच 20 जून से लीड्स में खेला जाना है।

गिल ने 'स्काईस्पोर्ट्स' से कहा मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनना चाहता हूं इसलिए सभी ट्रॉफियों के बावजूद मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई बहुत सुरक्षित और खुश रहे। लेकिन गिल जानते हैं कि यह काम कहना जितना आसान है, करना उतना आसान नहीं है। उन्होंने कहा मुझे पता है कि यह बहुत मुश्किल हो सकता है, विशेषकर सभी प्रतिस्पर्धा और जितने मैच हम खेलते हैं उसे देखते हुए, अलग-अलग टीम होती हैं। लेकिन अगर मैं ऐसा कर पाया तो मुझे लगता है कि यह मेरा लक्ष्य होगा।

गिल ने कहा इसलिए एक सुरक्षित माहौल बनाए रखना और खिलाड़ी को उसकी क्षमताओं और योग्यताओं में सुरक्षित महसूस कराना मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है जो एक नेतृत्वकर्ता को करना चाहिए। गिल ने माना कि सात मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा ने उनके लिए एक स्पष्ट रास्ता तय किया है। उन्होंने कहा ऐसा लग सकता है कि वह आक्रामक नहीं है लेकिन रोहित अपनी रणनीति के मामले में बहुत आक्रामक हैं। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो मैचों से पहले, श्रृंखला के दौरान और श्रृंखला के बाद भी अपने संवाद में बहुत स्पष्ट रहते हैं कि वह खिलाड़ियों से क्या चाहते हैं।

गिल ने कहा कि वह अपने पूर्ववर्ती रोहित के रास्ते पर चलना चाहते हैं जिन्होंने हमेशा टीम को व्यक्तिगत खिलाड़ियों से आगे रखा। उन्होंने कहा रोहित भाई ने जिस तरह का माहौल बनाए रखा, भले ही रोहित भाई आपको अपशब्द कह रहे हों, आप इसे अपने दिल पर नहीं लगाएंगे। यह उनका व्यक्तित्व है। मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छी विशेषता है। गिल ने कहा वह दृढ़ है लेकिन भले ही वह आप पर कठोर हो, आप जानते हैं कि यह उनके दिल से नहीं आ रहा है। यह टीम के नजरिए से आ रहा है। पच्चीस वर्षीय गिल ने कहा कि उन्होंने रोहित के साथ टीम के भविष्य के बारे में बातचीत की। उन्होंने कहा यह एक ऐसी बातचीत है जो मैंने रोहित भाई के साथ कई बार की है कि आदर्श रूप से अगले पांच, सात या 10 या 15 वर्षों में हम भारतीय क्रिकेट टीम की संस्कृति को कहां देखना चाहेंगे? गिल ने यह भी कहा कि उन्होंने विराट कोहली के नेतृत्व से बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा जब मैं विराट के नेतृत्व में खेला तो मुझे लगता है कि टेस्ट मैचों में क्षेत्ररक्षण या विचारों या उनकी सोच के साथ उनकी सक्रियता कुछ ऐसी थी जो मुझे पसंद थी और मैंने उसे अपनाया। अगर उन्हें लगता है कि यह योजना काम नहीं कर रही है तो वह तुरंत एक और योजना बना लेते हैं, गेंदबाज को बताते हैं कि वह उनसे क्या चाहते हैं। गिल ने नेतृत्व की भूमिका संभालने से पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ अपनी बातचीत का सार भी दिया। भारतीय कप्तान ने कहा वे बस यही चाहते हैं कि मैं एक नेतृत्वकर्ता के रूप में खुद को अभिव्यक्त कर सकूं।





नई दिल्ली स्थित आईजी स्टेडियम में पहलवान नेहा शर्मा, मुस्कान नांदल और मुस्कान मलिक, कोच मंदीप सिंह के साथ आगामी यू-20 एशियाई चैम्पियनशिप के लिए ट्रायल जीतने के बाद। ● एजेंसी

# विश्व चैंपियनशिप में मुस्कान दिखाएंगी दम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कैडेट विश्व चैंपियन मानसी लाठेर ने रविवार को महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में ट्रायल जीतकर किर्गिस्तान के बिश्केक में पांच से 13 जुलाई तक होने वाली अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की की। इस साल मार्च में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मानसी ने फाइनल में दिल्ली की सृष्टि को हराया।

पिछले महीने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज मंगोलिया ओपन में 59 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली मुस्कान ने यहां के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 57 किग्रा के ट्रायल को जीतकर चैंपियनशिप के लिए अपना टिकट पक्का किया। मुस्कान ने फाइनल में महाराष्ट्र की अश्लेषा कल्याण को पटखनी दी। मुस्कान नाम की एक अन्य पहलवान ने 65 किग्रा के ट्रायल के फाइनल में महाराष्ट्र की ही रोशनी को शिकस्त दी।

### क्वालीफाई करने वाली अन्य महिलाएं

**पहलवानों में** श्रुति (50 किग्रा), सारिका (53 किग्रा), रीना (55 किग्रा), नेहा शर्मा (57 किग्रा), अंजलि (62 किग्रा), हर्षिता (72 किग्रा) और काजल (76 किग्रा) शामिल हैं। **पुरुषों की फ्रीस्टाइल** और ग्रीको रोमन शैली के ट्रायल 14 जून को लखनऊ में आयोजित किए गए। **फ्रीस्टाइल टीम :** अंकुश (57 किग्रा), अनुज (61 किग्रा), अश्वनी (65 किग्रा), सौरभ (70 किग्रा), विवेक (74 किग्रा), अमित (79 किग्रा), सचिन (86 किग्रा), सचिन (92 किग्रा), विशाल (97 किग्रा) और जशपूरन (125 किग्रा)। **ग्रीको रोमन :** नितिन (55 किग्रा), सूरज (60 किग्रा), वरुण (63 किग्रा), योगेश (67 किग्रा), आकाश पुनिया (72 किग्रा), सचिन (77 किग्रा), प्रिंस (82 किग्रा), रोहित (87 किग्रा), नमन (97 किग्रा), और जोगिंदर राठी (130 किग्रा)।


### बीजिंग पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में भाग लेगी 16 सदस्यीय भारतीय टीम

**नयी दिल्ली :** भारत की 16 सदस्यीय टीम 17 से 25 जून तक बीजिंग में होने वाले 2025 पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में भाग लेगी। इस टीम में जैनब खातून, सीमा रानी, झंडू कुमार, जॉबी मैथ्यू, मनीष कुमार और कस्तूरी जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। इन सभी ने हाल ही में संपन्न राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रभावित किया था। भारतीय टीम में शामिल 16 खिलाड़ियों में से सात महिलाएं हैं। खिलाड़ियों के लिए रविवार को भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की पूर्व अध्यक्ष दीपा मलिक, वर्तमान पीसीआई महासचिव जयवंत हमनवर और भारत पैरा पावरलिफ्टिंग के अध्यक्ष जेपी सिंह मौजूद थे। सिंह ने कहा, ''भारत हर टूर्नामेंट के साथ वैश्विक पैरा पावरलिफ्टिंग बिरादरी में खुद को एक ताकत के रूप में स्थापित कर रहा है। हमारे खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं।

# आस्ट्रेलिया की हार पर भड़के पूर्व तेज गेंदबाज जॉनसन

**सिडनी, एजेंसी**

- बोले-हेजलवुड का राष्ट्रीय टीम की बजाय आईपीएल को प्राथमिकता देना चौंकाने वाला था



मिचेल जॉनसन



जोश हेजलवुड

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की बजाय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को प्राथमिकता देने के लिए हमवतन जोश हेजलवुड की आलोचना करते हुए कहा कि इससे लोग उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठायेंगे। हेजलवुड उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के स्थगित होने के बाद दोबारा शुरू होने पर भारत लौटने का फैसला किया था।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार इस खिताब को जीता। हेजलवुड ने आईपीएल सत्र में 22 विकेट लिये। उन्होंने फाइनल में पंजाब के आक्रामक सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य को चलता किया। हेजलवुड लॉर्ड्स में खेले गए डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजी के अहम खिलाड़ी थे। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस मैच में सिर्फ दो विकेट चटका पाये। दक्षिण अफ्रीका शनिवार को पांच विकेट की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

जॉनसन ने 'वेस्ट ऑस्ट्रेलियन' में लिखा हमने हाल के वर्षों में हेजलवुड की फिटनेस को लेकर समस्या देखी है। राष्ट्रीय टीम की तैयारियों के बजाय विलंबित इंडियन प्रीमियर लीग में वापसी को प्राथमिकता देने के उनके फैसले ने लोगों को चौंका दिया है।'' जॉनसन ने खुद भी आईपीएल के छह सत्र का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने इस दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स, किंग्स इलेवन पंजाब (पंजाब किंग्स) और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व किया है।

# पिच से स्पिनरों के लिए भी मदद मिलने की उम्मीदः कुलदीप

**बेकेनहैम, एजेंसी**

अनुभवी रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम के मुख्य स्पिनर कुलदीप यादव से इंग्लैंड दौरे पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है और यह वामहस्त स्पिनर 'इंट्रा स्क्वाड' अभ्यास मैच के दौरान पिच से मिली मदद से आत्मविश्वास से लबरेज है। कुलदीप बायें हाथ के एक अन्य स्पिनर (हरफनमौला) रविंद्र जडेजा के साथ अधिक समय बिता रहे हैं। अश्विन के संन्यास के बाद जडेजा पर अधिक जिम्मेदारी होगी क्योंकि उन्हें इंग्लैंड में 12 टेस्ट मैच खेलने का अनुभव है जबकि कुलदीप ने इस देश में एक टेस्ट में सिर्फ नौ ओवर गेंदबाजी की है। भारतीय टीम ने इंग्लैंड में 2007 के बाद कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है और विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसा करने के लिए टीम को कुलदीप के योगदान की जरूरत होगी। वह लीड्स में खेले जाने वाले शुरुआती मैच में शायद एकादश का हिस्सा ना हो लेकिन बर्मिंघम, लॉर्ड्स और ओवल के मैदानों पर कारगर साबित हो सकते हैं। कुलदीप ने 'इंट्रा स्क्वाड' अभ्यास मैच से इतर कहा विकेट (पिच) स्पिनरों के लिए अच्छा हैं। यह बल्लेबाजी के लिए भी अच्छा है। पहले दिन नमी थी, तेज गेंदबाजों को मदद मिली लेकिन जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, स्पिनरों ने मैच में अपना दबदबा बनाया। इस कलाई के स्पिनर ने कहा कि उन्हें पांच मैचों की सीरीज के दौरान पिच से कुछ सहायता मिलने की उम्मीद है।

# मेसी की इंटर मियामी का मैच गोल रहित ड्रॉ

**मियामी गार्डन्स :** लियोनल मेसी अतिरिक्त समय में लंबी दूरी से मारे शॉट पर गोल करने में नाकाम रहे जिससे उनकी टीम इंटर मियामी और मिस्र के अल आहली के बीच क्लब विश्व कप का पहला मैच गोल रहित ड्रॉ रहा।

अर्जेन्टीना के आठ बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता मेसी ने शनिवार रात हुए मुकाबले में अंतिम लम्हों में दायें छोर पर लंबी दूरी से शॉट मारा लेकिन विरोधी गोलकीपर मोहम्मद एलशेनावी ने गोता लगाते हुए उनके प्रयास को नाकाम कर दिया। एलशेनावी के हाथ से छूने के बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। इससे पहले 60वें मिनट में भी मेस्सी की फ्री किक गोल पोस्ट से टकरा गई थी। अल आहली को इससे पूर्व पहले हाफ में गोल करने का शानदार मौका मिला लेकिन गोलकीपर ऑस्कर उस्तानी ने मध्यांतर से ठीक पहले ट्रेजेगे की पेनल्टी को रोक दिया।




क्लब विश्व कप में लियोनेल मेसी फ्री किक लेते हुए। ● एजेंसी

# भारत को प्रो लीग में मिली लगातार छठी हार

**एफआईएच प्रो लीग**

**एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी**

- ऑस्ट्रेलिया ने 2-3 से शिकस्त दी, नीदरलैंड और अर्जेंटीना से पहले ही मिल चुकी है मात



भारत के जुर्गराज सिंह (बाएं) व ऑस्ट्रेलिया के कूपर बर्न्स (दाएं) गोल का प्रयास करते हुए। ● एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन जारी रहा। रविवार को उसे ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत पहले ही नीदरलैंड और अर्जेंटीना से मैच हार चुका है। यह सभी मुकाबले हालांकि करीबी रहे थे। अपना 400वां मैच खेलने वाले पूर्व भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह अपनी टीम को प्रेरित करने में असफल रहे। भारत के लिए संजय (तीसरे मिनट) और दिलप्रीत सिंह (36वें मिनट) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए टिम ब्रैंड (चौथे), ब्लैक गोवर्स (पांचवें) और कूपर बर्न्स (18वें मिनट) ने गोल किए।

भारत ने सकारात्मक शुरुआत करते हुए दबदबा बनाया। मैच के तीसरे मिनट में ही संजय के गोल से बढ़त हासिल कर ली। संजय ने शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर के रिबाउंड पर गोल किया। टीम की यह खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई क्योंकि एक मिनट के बाद ही ऑस्ट्रेलिया ने बराबरी का गोल दाग दिया। भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक टिम ब्रैंड के प्रयास को रोकने में नाकाम रहे। इसके एक मिनट (मैच के पांचवें मिनट) के बाद ही गोवर्स ने सर्कल के पास से गोल कर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया इसके बाद मैच पर पूरी तरह हावी हो गया।

टीम ने अगले कुछ मिनटों में चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये। बर्न्स ने मैच के 18वें मिनट में गोल कर टीम को 3-1 से आगे कर दिया। पाठक ने इसके बाद कुछ शानदार बचाव करते हुए ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को और बड़ी होने से रोक दिया। उन्होंने इस दौरान 24वें मिनट में डेविस एटकिंसन के प्रयास पर कमाल का बचाव किया।

### मनप्रीत भारत के लिए सबसे अधिक मैच खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी बने

**एंटवर्प :** मिडफील्डर मनप्रीत सिंह रविवार को ऑस्ट्रेलिया खिलाफ खेलने मैदान में उतरने के साथ ही भारत के लिए अपना 400वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की के 412 मैचों के रिकार्ड से 12 मैच पीछे है। 400 मैच तक पहुंचने को लेकर मनप्रीत ने कहा कि उन्होंने इस बारे में सोचा भी नहीं था। उन्होंने कहा कि वह उन्हें प्रेरित करने वाले प्रत्येक कोच और टीम के हर उस खिलाड़ी के साथ इस उपलब्धि साझा करना चाहेंगे जो उनके साथ खड़ा रहा।

## भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया ने हराया

**लंदन :** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी लेकिन अंतिम मिनट में गोल खाकर 1-2 से हार गई। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की लगातार दूसरी हार है।

टीम को इससे पहले शुक्रवार 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। वैष्णवी फाल्के के मैदानी गोल की मदद से भारतीय टीम ने मैच के तीसरे मिनट में ही बढ़त कायम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने मैच के 37वें मिनट में एमी लॉटन के गोल से स्कोर बराबर कर लिया। मैच नियमित समय में बराबरी की तरफ बढ़ रहा लेकिन 60वें मिनट में लैक्सी पिकरिंग ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारतीय खेमे को हताश कर दिया। भारतीय टीम अब मंगलवार को अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगी।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 50 मैदान विकसित होंगे

**दंतेवाड़ा, एजेंसी**

- प्रशासन की पहल पर सचिन का फाउंडेशन पूरा करेगा काम

छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा नक्सल प्रभावित जिले के ठप्पे को खत्म कर रहा है। स्थानीय प्रशासन की अनोखी पहल की बदौलत खेल केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना रहा है। प्रशासन की इस पहल को महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है।

जिले में नक्सलियों का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है, इसलिए प्रशासन ने मान देशी फाउंडेशन और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के साथ मिलकर 'मैदान कप' की शुरुआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे। दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पीटीआई को बताया इस परियोजना के तहत सामुदायिक भागीदारी से अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्टूबर तक लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। पिछले साल राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और छह अन्य जिलों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया था। दुदावत ने कहा कि इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों की खेल प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से दुनिया से जोड़ना था।

उन्होंने कहा इसी तर्ज पर हमने सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के सहयोग से खेल प्रतिभाओं को और बढ़ावा देने के लिए बच्चों और युवाओं को समर्पित खेल के मैदान उपलब्ध कराने के लिए मैदान कप शुरू करने का फैसला किया। दुदावत ने कहा कि पहले चरण में 50 गांवों में इतने ही खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे।


## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



वाराणसी के नमो घाट पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले एक सप्ताह तक चलने वाले विशेष योग शिविर की शुरुआत जोश और ऊर्जा से हुई। गंगा तट पर आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और योगाभ्यास किया। सूर्योदय की स्वर्णिम किरणों के बीच युवाओं का अनुशासित योग प्रदर्शन न सिर्फ शारीरिक और मानसिक संतुलन का प्रतीक बना, बल्कि यह भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत करता दिखा। एजेंसी

# पॉलीग्राफी टेस्ट झूठ पकड़ने की वैज्ञानिक तकनीक

पॉलीग्राफी टेस्ट, जिसे आमतौर पर लाई डिटेक्टर टेस्ट कहा जाता है, एक ऐसी वैज्ञानिक तकनीक है जिसका उपयोग किसी व्यक्ति के झूठ बोलने या सत्य कहने का पता लगाने के लिए किया जाता है। यह परीक्षण व्यक्ति की शारीरिक प्रतिक्रियाओं जैसे कि हृदयगति, रक्तचाप, पसीना और श्वास दर को रिकॉर्ड करता है जब उससे प्रश्न पूछे जाते हैं। यह तकनीक विशेष रूप से आपराधिक मामलों में संदिग्धों या गवाहों की सच्चाई की जांच करने के लिए इस्तेमाल की जाती है। हालांकि यह परीक्षण अदालत में साक्ष्य के रूप में मान्य नहीं होता, फिर भी जांच एजेंसियों के लिए यह एक सहायक उपकरण के रूप में कार्य करता है।



### पॉलीग्राफी टेस्ट क्या है

- पॉलीग्राफी टेस्ट मनोवैज्ञानिक विश्लेषण होता है, जिसमें मशीन के माध्यम से व्यक्ति की शारीरिक प्रतिक्रियाएं मापी जाती हैं। इसमें एक प्रशिक्षित परीक्षक व्यक्ति से प्रश्न पूछता है और उसकी प्रतिक्रिया के दौरान हृदयगति, रक्तचाप, त्वचा की विद्युत चालकता (पसीना) और श्वास दर को रिकॉर्ड करता है। माना जाता है कि जब कोई झूठ बोलता है तो उसका शरीर तनाव में आ जाता है, जिससे ये संकेत बदलते हैं।

### इसकी जरूरत क्यों होती है

- पॉलीग्राफी टेस्ट की आवश्यकता तब पड़ती है जब किसी अपराध की जांच में ठोस साक्ष्य नहीं मिलते या जब किसी व्यक्ति की बातों पर संदेह होता है। जांच एजेंसियां इस टेस्ट के जरिए यह समझने की कोशिश करती हैं कि कोई व्यक्ति झूठ बोल रहा है या नहीं। हालांकि यह परीक्षण सत्य का अंतिम प्रमाण नहीं है, लेकिन यह जांच को दिशा देने में सहायक हो सकता है। यह परीक्षण अक्सर हाई प्रोफाइल मामलों, आतंकवाद, हत्या, बलात्कार या धोखाधड़ी जैसे अपराधों में उपयोग किया जाता है।

### कानूनी पहलू

- भारतीय कानून के अनुसार, पॉलीग्राफी टेस्ट केवल व्यक्ति की सहमति से ही किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने सेल्वी बनाम स्टेट ऑफ कर्नाटका (2010) के फैसले में स्पष्ट किया है कि बिना सहमति के पॉलीग्राफी, नार्को और ब्रेन मैपिंग जैसे टेस्ट करवाना व्यक्ति के मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 20(3) – आत्म-साक्षी न बनने का अधिकार) का उल्लंघन है। यदि कोई व्यक्ति सहमति देता है, तो भी कोर्ट की अनुमति आवश्यक होती है।

### अपराध के खुलासे में भूमिका

- पॉलीग्राफी टेस्ट सीधे अपराध सिद्ध नहीं करता, यह जांच के दौरान उपयोगी सूचनाएं दे सकता है। इससे जांचकर्ता समझ सकते हैं कि कौन-से बयान संदेहास्पद हैं और किन बिंदुओं पर जांच की जरूरत है। यह टेस्ट संदिग्ध की मानसिक स्थिति का संकेत देता है, जिससे गहन पूछताछ की जा सकती है।

### जांच में सहायक

- पॉलीग्राफी टेस्ट अपराध जांच में एक सहायक उपकरण है, लेकिन इसे वैज्ञानिक प्रमाण या कानूनी साक्ष्य के रूप में नहीं माना जाता। इसकी उपयोगिता तभी है जब इसे कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए किया जाए और इसकी रिपोर्ट को विवेकपूर्ण ढंग से देखा जाए।

## एक नजर

### अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास को बम की धमकी

**मुंबई।** बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कार्यालय को फोन कर परिसर में बम की धमकी दी गई, लेकिन तलाशी के बाद वहां कुछ भी नहीं मिला। पुलिस ने रविवार को बताया कि महावाणिज्य दूतावास को शनिवार रात आठ बजे अज्ञात फोन आया, जिसमें धमकी दी गई। पुलिस को सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया। तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### सरकोजी से लीजन ऑफ ऑनर पदक लिया वापस

**पेरिस।** फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी से उनका 'लीजन ऑफ ऑनर' पदक वापस ले लिया गया है। उन्हें राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार और प्रभाव का दुरुपयोग करने का पिछले साल दोषी पाया गया था। यह निर्णय जर्नल ऑफ़िसियल में जारी एक आदेश के ज़रिए लिया गया, जो सरकार की प्रमुख कानूनी जानकारी प्रकाशित करता है। यह 'लीजन ऑफ ऑनर' के नियमों के अनुरूप है। सरकोजी 2007 से 2012 तक राष्ट्रपति रहे। पद छोड़ने के बाद से वह कई कानूनी मामलों के केंद्र में रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंक रोधी छापेमारी जारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को पुंछ जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवाद रोधी अभियान के तहत कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि सुरनकोट तहसील के सौजियां और आसपास के क्षेत्रों में आठ स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। यह कार्रवाई पाकिस्तान से जुड़े आतंकियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने और उनके स्थानीय समर्थकों द्वारा युवाओं को उकसाकर विध्वंसक गतिविधियों में शामिल किए जाने की साजिश को नाकाम करने के उद्देश्य से की जा रही है।

### सऊदी में 7 साल जेल के बाद पत्रकार को फांसी

**दुबई।** सऊदी अरब में 2018 में गिरफ्तार आतंकवाद और राजद्रोह के दोषी प्रमुख पत्रकार को फांसी दे दी गई है। सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी के अनुसार, देश की सर्वोच्च अदालत ने पत्रकार तुर्की अल-जासेर की मौत की सजा बरकरार रखी, जिसके बाद शनिवार को उन्हें फांसी दी गई। अधिकारियों ने 2018 में अल-जासेर के घर पर छापा मारकर उन्हें गिरफ्तार करके कंप्यूटर और फोन जब्त कर लिए थे। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उनके खिलाफ मुकदमे की सुनवाई कब हुई और कितने समय तक चली।

# इजराइल-ईरान में संघर्ष जारी, वार्ता रद्द

## इजराइल ने दी जोरदार हमले की धमकी, ईरानी मिसाइलों ने दिया वायु रक्षा प्रणाली को चकमा

**दुबई, एजेंसी**

इजराइल ने रविवार को तीसरे दिन भी ईरान में हवाई हमले किए और इससे भी अधिक जोरदार हमले की धमकी दी। वहीं, ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलें दागना जारी रखा, जिसमें से कुछ मिसाइलें इजराइली वायु रक्षा प्रणाली को चकमा देकर मध्य इलाके में इमारतों पर गिरीं। इस बीच, ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में होने वाली परमाणु वार्ता रद्द कर दी गई।

शुक्रवार को इजराइल द्वारा ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर की बमबारी में कई शीर्ष जनरलों और परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने के बाद क्षेत्र में एक लंबे संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है। ईरान ने कहा कि इजराइल ने उसकी दो तेल रिफाइनरी पर हमला किया है। ईरान की राजधानी तेहरान में अपराह्न साढ़े तीन बजे विस्फोट हुए। ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड से जुड़ी अर्द्ध-सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि एक हमला वली-ए-असर इलाके में हुआ और दूसरा हमला अन्य शहर में हुआ। दूसरी तरफ, शाम चार बजे के आसपास फिर से पूरे इजराइल में सायरन बजने लगे, जिससे चेतावनी मिली कि लड़ाई शुरू होने के बाद से ईरान का यह पहला दिन का हमला होगा। इजराइल ने एक गैस प्रतिष्ठान को निशाना बनाया, जिससे ईरान के प्रतिबंधित ऊर्जा उद्योग पर व्यापक हमले की संभावना बढ़ गई है और इसका असर वैश्विक बाजारों पर पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल की कार्रवाई के प्रति पूर्ण समर्थन व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने ईरान को चेतावनी दी है कि वह नए परमाणु समझौते पर सहमत होकर ही और तबाही से बच सकता है।



तेल अवीव पर ईरान की मिसाइलों को रोकती इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली।

### यदि इजराइली हमले बंद हो जाएं तो हमारी जबावी कार्रवाई भी रुक जाएगी : ईरानी विदेश मंत्री

**दुबई।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को कहा कि अगर उनके देश पर इजराइल के हमले बंद हो जाएं तो हमारी जवाबी कार्रवाई भी रुक जाएगी। अराघची ने तेहरान में राजनयिकों के समक्ष यह टिप्पणी की। शुक्रवार को इजराइली हमले शुरू होने के बाद वह पहली बार सार्वजनिक तौर पर नजर आए। उन्होंने कहा, अगर आक्रामण बंद हो जाते हैं तो हमारी जवाबी कार्रवाई भी बंद हो जाएगी। इजराइल की ओर से इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### इजराइल ने ईरानियों को हथियार बनाने वाले कारखाने को खाली करने को कहा, नए हमलों की आशंका

**दुबई।** इजराइल सेना ने ईरानियों को हथियार बनाने वाले कारखानों को खाली करने की चेतावनी दी, जिसके बाद नए हमलों की आशंका बढ़ गई है। सैन्य प्रवक्ता कर्नल अविचे अद्राई ने 'एक्स' पर ईरान को फारसी भाषा में चेतावनी जारी की। अद्राई ने पूर्व में गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध के बीच गाजा पट्टी, लेबनान और यमन में अन्य हमलों का संकेत दिया था। उनकी यह चेतावनी ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर इजराइल अपने हमले बंद कर दे तो तेहरान भी इजराइल पर अपने हमले बंद कर देगा।

### इजराइल ने ईरान के रक्षा मुख्यालय को बनाया निशाना

**दुबई।** इजराइल ने रविवार को ईरान पर व्यापक हमला किया और उसके ऊर्जा उद्योग तथा रक्षा मुख्यालय को निशाना बनाया, वहीं ईरान ने भी इजराइल के खिलाफ जवाबी हमले तेज करते हुए मिसाइलों की बौछार कर दी। दो दिन पहले इजराइल द्वारा तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को रोकने के उद्देश्य से किए गए हमलों के बाद दोनों देश हमला और जवाबी हमला करने में लगे हैं। इजराइल पर ईरान के मिसाइल हमलों के बीच तेहरान में भी विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। इजराइल के आपातकालीन अधिकारियों ने कहा कि ईरान के हमले से देश भर में कई स्थानों पर लोगों की मौत हुई है। इजराइली आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि गैलिली क्षेत्र में एक इमारत पर हमले के चलते चार लोगों की मौत हो गई, वहीं मध्य इजराइल में हमले में दो महिलाओं और 10 वर्षीय लड़के की मौत हो गई।

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल के अब तक के हमले आने वाले दिनों में हमारी सेना द्वारा किये जाने वाले हमलों की तुलना में कुछ भी नहीं हैं। उसने ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने के लिए यह हमला किया है। वहीं, ईरान ने हमेशा कहा कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। अमेरिका तथा अन्य देशों का आकलन है कि ईरान ने 2003 के बाद से कोई हथियार विकसित नहीं किया है।

# अमेरिका को निशाना बनाने की न सोचे ईरान : ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- बोले- ईरान पर इजराइल के किए हमले से कोई लेना-देना नहीं



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का ईरान पर इजराइल के किए गए हमले से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने अमेरिकी हितों को निशाना बनाने के खिलाफ ईरान को चेतावनी भी दी।

ट्रंप ने शनिवार रात 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि ईरान पर इजराइल की ओर से किए जा रहे हमले से अमेरिका का किसी भी प्रकार से लेना-देना नहीं है। अगर हम पर ईरान की तरफ से किसी भी तरह का हमला किया गया तो अमेरिकी सशस्त्र बल पूरी ताकत से ईरान पर टूट पड़ेंगे और वो हश्र करेंगे जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। हालांकि हम ईरान और इजराइल के बीच आसानी से समझौता करवाकर इस खूनी संघर्ष को खत्म करवा सकते हैं।

### इजरायल न करे हवाई क्षेत्र का उल्लंघन : इराक

**बगदाद।** इराक ने अमेरिका से इजरायली विमानों को इराकी हवाई क्षेत्र में घुसकर हमले करने से रोकने की अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया है। इराक के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ के प्रवक्ता सबाह अल-नुमान ने कहा कि इराक सरकार ने अमेरिका से द्विपक्षीय समझौतों और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत अपनी जिम्मेदारियां निभाने की मांग की है।

### ईरान-इजराइल को ठीक वैसे ही समझौता करना चाहिए जैसे मैंने भारत-पाकिस्तान में कराया था: ट्रंप

**न्यूयॉर्क/ वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को दावा किया कि वह ईरान और इजराइल के बीच समझौता करा सकते हैं, ठीक वैसे ही जैसे उन्होंने अन्य कट्टर दुश्मनों के बीच करवाया था। ट्रंप ने एक बार फिर अपना यह दावा दोहराया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को व्यापार का इस्तेमाल करके रुकवाया था। ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में ट्रंप ने दावा किया कि ईरान-इजराइल मुद्दे पर अब कई कॉल की जा रही हैं और बैठकें हो रही हैं।

## ईरान के साथ एकजुटता से खड़ा है पाकिस्तान : शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से बात कर एकजुटता व्यक्त की और इजराइल के हमले को स्पष्ट तौर पर उकसावे का कृत्य बताया। शरीफ ने शनिवार को पेजेशकियन से टेलीफोन पर बातचीत में ईरान के खिलाफ इजराइल के हमलों की कड़ी निंदा की।



उन्होंने कहा कि यह हमला ईरान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। शरीफ ने 'एक्स' पर कहा, आज ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशकियन से बात की और इजराइल के अकारण आक्रमण के सामने ईरान के लोगों के साथ पाकिस्तान की अटूट एकजुटता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत ईरान को आत्मरक्षा का अधिकार है। उन्होंने इजराइल के हमलों को क्षेत्रीय, वैश्विक शांति तथा स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बताया।

# अमेरिका में ट्रंप के विरुद्ध सड़कों पर मार्च

**फिलाडेल्फिया (अमेरिका), एजेंसी**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरोध में शनिवार को पूरे अमेरिका में प्रदर्शनकारी सड़कों, पार्कों और चौकों पर एकत्र हुए। उन्होंने शहरों और कस्बों में मार्च निकाला तथा लोकतंत्र व आप्रवासी अधिकारों की रक्षा के समर्थन के साथ सत्ता-विरोधी नारे लगाए।

नो किंग्स नामक इन प्रदर्शनों के आयोजकों ने कहा कि सैंकड़ों जगहों पर लाखों लोगों ने विरोध प्रदर्शनों में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों और कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मियों के बीच छिट-पुट झड़प की खबरें आईं। हालांकि लॉस एंजिलिस में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया। पोर्टलैंड में अधिकारियों ने आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन भवन के सामने विरोध प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ आंसू गैस का इस्तेमाल किया। यूटा के साल्ट लेक सिटी में पुलिस 1 मार्च के दौरान हुई गोलीबारी की जांच कर रही है, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया था।




लोकतंत्र व आप्रवासी अधिकारों की रक्षा के समर्थन के लिए अमेरिका में सड़कों पर प्रदर्शन करते लोग

पुलिस प्रमुख ब्रायन रेड के अनुसार, इस घटना के संबंध में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह कहना जल्दबाजी होगी कि गोलीबारी राजनीति से प्रेरित थी या नहीं और इसमें शामिल लोग एक-दूसरे को जानते थे या नहीं। हमलावर मार्च कर रहे हजारों लोगों के समूह के साथ-साथ चल रहा था। न्यूयॉर्क, डेनवर, शिकागो, ऑस्टिन और लॉस एंजिलिस में बड़ी संख्या में लोगों ने विरोध मार्च में हिस्सा लिया। अटलांटा में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। 'सिएटल टाइम्स' की खबर के अनुसार, सिएटल के अधिकारियों ने अनुमान लगाया कि शहर की सबसे बड़ी रैली में 70,000 से अधिक लोग शामिल हुए।

### अमेरिका ने आव्रजन नीतियां ठीक से लागू नहीं कीं : जेपी मॉर्गन

**न्यूयॉर्क/सैन फ्रांसिस्को।** जेपी मॉर्गन चेस के चेयरमैन और सीईओ जेमी डिमन ने योग्यता आधारित आव्रजन के लिए समर्थन जताते हुए कहा है कि अमेरिका ने आव्रजन नीतियों को ठीक से लागू नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपरिहार्य है। यह अपरिहार्य नहीं है क्योंकि हम बेहतर हैं। यह अपरिहार्य है क्योंकि (हमारे पास) दुनिया की सबसे अच्छी सेना है, दुनिया का सबसे समृद्ध राष्ट्र है, दुनिया की सबसे अच्छी अर्थव्यवस्था है, सबसे अच्छी प्रौद्योगिकी है, उस प्रौद्योगिकी की जड़ें हैं, हमारे पास जो आजादी हैं। यही वह है जो लोगों को यहां खींच कर लाया है।

## पुलिसकर्मी ने भारतीय मूल के व्यक्ति की दबाई गर्दन, मौत

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में पुलिस अधिकारी द्वारा गिरफ्तार करने का प्रयास करते समय गर्दन को घुटने से दबाने की वजह से लगी चोट के बाद अस्पताल में भर्ती 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत हो गई। रविवार को जारी मीडिया की खबर से यह जानकारी मिली। खबरों के अनुसार एडिलेड के मोडबरी नॉर्थ में रहने वाले गौरव कुंदी की गुरुवार को मौत हो गई। कुंदी को कुछ दिन पहले दिमागी चोट के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिसकर्मी ने रॉयस्टन पार्क में पेनहैम रोड पर कुंदी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया था। पुलिसकर्मी ने आरोप लगाया था कि उसने कुंदी और एक महिला के बीच 'झगड़ा' होते हुए देखा था। घटना से जुड़े एक वीडियो में पुलिसकर्मी को कुंदी से साथ जबरदस्ती करते हुए देखा जा सकता है जबकि वह और उनकी पत्नी अमृतपाल कौर पुलिस की इस हरकत का चीख-चीखकर विरोध कर रहे थे। कुंदी चिल्ला-चिल्लाकर कह रहे थे, मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। वहीं कौर इस पूरी घटना का वीडियो बना रही थीं और बोल रही थीं कि पुलिस अनुचित तरीके से कार्रवाई कर रही है।

# तिरुवनंतपुरम में आपात स्थिति में उतरा ब्रिटेन का एफ-35 लड़ाकू विमान

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

ईंधन खत्म होने के बाद शनिवार रात ब्रिटिश एफ-35 लड़ाकू विमान को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा। सूत्रों ने रविवार को बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि विमान ने एक विमानवाहक पोत से उड़ान भरी थी और यह रात करीब साढ़े नौ बजे सुरक्षित उतर गया।

इस संबंध में सूत्र ने कहा कि हवाई अड्डा प्राधिकारियों ने सुचारू एवं सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए आपातकालीन स्थिति की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पायलट ने कम ईंधन की सूचना दी और उतरने की अनुमति मांगी। पूरी स्थिति से शीघ्रता और पेशेवर तरीके से निपटा गया। विमान फिलहाल हवाई अड्डे पर ही खड़ा है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार के संबंधित अधिकारियों से मंजूरी मिलने के बाद ही विमान में ईंधन भरा जाएगा।



### सुरक्षा कारणों से आपात लैंडिंग की दी अनुमति : वायुसेना

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश एफ-35 लड़ाकू विमान के शनिवार रात केरल में हुए आपात लैंडिंग के बीच भारतीय वायुसेना ने रविवार को कहा कि वह इस घटना से पूरी तरह से अवगत है और उड़ान सुरक्षा कारणों से विमान को लैंडिंग की सुविधा प्रदान की गई है। भारतीय वायुसेना के प्रवक्ता ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि एफ-35 के मार्ग परिवर्तन की यह सामान्य घटना है। मामले से भारतीय वायुसेना पूरी तरह से अवगत है और उसने उड़ान सुरक्षा कारणों से विमान को उतारे जाने की सुविधा दी। उन्होंने कहा कि सभी तरह की सहायता दी जा रही है और भारतीय वायुसेना सभी एजेंसियों के साथ समन्वय में है। विमान फिलहाल हवाई अड्डे पर है।

**शिखर सम्मेलन** — ईरान पर इजराइल के हमले और तेहरान की जवाबी कार्रवाई पृष्ठभूमि में शामिल

# संघर्ष और व्यापार युद्ध के साए में जी 7 नेता कनाडा में जुटे

## ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर वैश्विक नेताओं ने जताई चिंता

**बैंफ (कनाडा), एजेंसी**

दुनिया की कुछ सबसे बड़ी आर्थिक शक्तियों के नेता रविवार को कनाडा के रॉकीज में जी7 की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। यह सम्मेलन इजराइल- ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सहयोगियों और प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ लगाए जा रहे उच्च सीमा शुल्क की पृष्ठभूमि में हो रही है।

ईरान पर इजराइल के हमले और तेहरान की जवाबी कार्रवाई ने कई वैश्विक नेताओं को हतप्रभ कर दिया है। उनका मानना है कि यह एक अधिक अस्थिर विश्व का नवीनतम संकेत है, क्योंकि ट्रंप अमेरिका को विश्व के पुलिसमैन की भूमिका से मुक्त करना चाहते हैं। जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना होने से पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कहा कि उन्होंने संकट को कम करने के प्रयासों पर ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ-साथ अन्य वैश्वि नेताओं के साथ चर्चा की है।




ब्रिटेन पश्चिम एशिया में लड़ाकू विमान और अन्य सैन्य सहायता भेज रहा है। स्टॉर्मर ने कहा, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर हमारी चिंताएं लंबे समय से हैं। हम इजराइल के आत्मरक्षा के अधिकार को मान्यता देते हैं, लेकिन मैं इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट हूं कि इसे कम करने की जरूरत है। क्षेत्र विशेष समेत व्यापक स्तर पर तनाव बढ़ने का बहुत बड़ा खतरा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शिखर सम्मेलन में ''गहन चर्चा'' जारी रहेगी। शिखर सम्मेलन के मेजबान के रूप में, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बैठक के अंत में संयुक्त वक्तव्य या विज्ञप्ति जारी करने की वार्षिक परंपरा को छोड़ने का निर्णय लिया है। अन्य नेता ट्रंप से बात कर उन्हें शुल्क लगाने से रोकने के लिए मनाने की कोशिश करेंगे। इसलिए यह शिखर सम्मेलन एकता के प्रदर्शन के बजाय द्विपक्षीय वार्ताओं की श्रृंखला बनकर रह जाएगा।

### शिखर सम्मेलन के केंद्र बिंदु में अमेरिकी राष्ट्रपति

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप शिखर सम्मेलन के केंद्र बिंदु में हैं। ट्रंप पहले कनाडा को 51वां राज्य बनाने और ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकी दे चुके हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों रविवार को कनाडा जाने से पहले बेहद प्रतीकात्मक कदम के तौर पर ग्रीनलैंड पहुंचे, जहां उन्होंने आर्कटिक क्षेत्र के नेता और डेनमार्क के प्रधानमंत्री से डेनिश हेलीकॉप्टर में मुलाकात की। मैक्रों के कार्यालय ने कहा कि ग्रीनलैंड की यात्रा इस बात की याद दिलाती है कि पेरिस संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और सीमाओं की सुचिता बनाए रखने के सिद्धांतों का समर्थन करता है, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र में निहित है। ट्रंप रविवार देर रात को अल्बर्टा के कनानास्किस पहुंचेंगे। रविवार को अन्य नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठकें संभव हैं, लेकिन शिखर सम्मेलन कार्यक्रम सोमवार से पहले शुरू नहीं होगा।